धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार
04.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 259 | khabarmantralive.com

### मां का सातवां स्वरूप : कालरात्रि



**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषण। वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥**

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। मां कालरात्रि का रूप भयंकर है। ये बुराई व विनाशकारी शक्तियों का नाश करती हैं। इनकी पूजा से नकारात्मकता दूर होती है। कहा जाता है कि कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम आसुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं।

## न्यूज डायरी

### पेयजल के अभियंता रामेश्वर गुप्ता सस्पेंड

**रांची।** जल जीवन मिशन में अनियमितता के आरोप में पलामू के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर रामेश्वर गुप्ता पर गाज गिरी है। सरकार ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। 11 मार्च को विभाग ने उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा था। वहीं अवैध निकासी के मामले में कार्यपालक अभियंता प्रभात सिंह, कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर और कार्यपालक अभियंता राधेश्याम रवि के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चल रही है।

### रांची की बंद फैक्ट्री में घुसे दो जंगली हाथी

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र में एनएच-75 के सामने स्थित बंद पड़ी बिस्कोमान कोल्ड स्टोरेज में दो जंगली हाथी घुसने से हड़कंप मच गया। गुरुवार को जंगल से भटके ये दोनों हाथी फैक्ट्री के अंदर घूमते देखे गये। सूचना मिलते ही रातू थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि बंद फैक्ट्री में हाथियों के खाने के लिए बहुत सारा खाना है।

### एक लाख का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने बिहार में एक लाख के ईनामी टीएसपीसी नक्सली को गिरफ्तार किया है। जिले के नावा बाजार थाना क्षेत्र के तुरीदाग पहाड़ के पास से उसे पकड़ा गया। जिसकी पहचान जीबलाल यादव उर्फ रमेश उर्फ सुभाष (53) के रूप में हुई है।

### मंईयां योजना : 84,000 लाभुकों को भेजी राशि

**मेदिनीनगर।** सामाजिक सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को 84 हजार महिलाओं के बैंक खातों में राशि को भेज दी। यह ऐसे लाभुक हैं, जिनके खाते में राशि नहीं जा सकी थी। पलामू में मार्च की शुरुआत में 284006 महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी गयी थी। विभाग के सहायक निर्देशक विक्रम आनंद ने बताया कि 84 हजार महिलाओं के खातों में योजना की राशि भेज दी गयी है।

### भाजपा को आक्रमक जवाब जरूरी : सोनिया

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक़्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसी रणनीति का हिस्सा है। कहा कि भाजपा के सदस्यों को आक्रामक जवाब जरूरी हो गया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 84,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 1,03,000 रु./प्रति किलो |




### राज्यसभा में वक्फ बिल पर बोले संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू

# वक्फ बोर्ड को और अधिक समावेशी बनाना ही उद्देश्य

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने कल रात पारित वक्फ संशोधन विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया। विधेयक पेश करते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नया कानून मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार करेगा। विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को अधिक समावेशी बनाना है, जिसमें बेहतर वक्फ शासन और निर्णय लेने के लिए विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों का प्रतिनिधित्व हो। उन्होंने कहा, इस कानून का उद्देश्य



संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाकर, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करना और हितधारकों के अधिकारों की रक्षा कर शासन में सुधार करना है।

**विपक्ष के आरोप खारिज :** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वक्फ का लाभ सिर्फ मुस्लिमों को ही मिल सकता है और यह सही नहीं है कि कोई गैर-मुस्लिम वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में हस्तक्षेप करे। विधेयक को हितधारकों के साथ-साथ संयुक्त संसदीय समिति के साथ विस्तृत परामर्श के बाद लाया गया है। उन्होंने विपक्षी दलों से इस विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है, न कि मुसलमानों के धार्मिक व्यवहार में हस्तक्षेप करना। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि वक्फ बोर्ड में मुस्लिमों के सभी विभिन्न संप्रदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व होगा ताकि इसे समावेशी बनाया जा सके। इस विधेयक का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है।

**इंडियन सूफी फाउंडेशन ने किया स्वागत :** इंडियन सूफी फाउंडेशन के अध्यक्ष काशिश वारसी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 का स्वागत किया है। उन्होंने इस बिल को मुस्लिम समुदाय से पढ़ने की अपील की है ताकि वे इसके प्रभाव को समझ सकें।

# निवेशकों को आमंत्रित करने सीएम हेमंत जायेंगे विदेश

### पुर्तगाल, स्वीडन व स्पेन दौरे की मंत्रालय से मांगी क्लीयरेंस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सरकार ने झारखंड में निवेश को बढ़ावा देने की कवायद शुरू कर दी है। इस क्रम में सीएम हेमंत सोरेन 19 से 26 अप्रैल तक पुर्तगाल, स्वीडन और स्पेन का दौरा करेंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने विदेश मंत्रालय से पॉलिटिकल क्लियरेंस की मांग की है। अभी पॉलिटिकल क्लियरेंस का राज्य सरकार को इंतजार है। सरकार को शीघ्र ही अनुमति मिलने की उम्मीद है।

**झारखंड में निवेश मुख्य उद्देश्य :** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उच्चस्तरीय टीम का प्रमुख उद्देश झारखंड में पूंजी निवेश को आकर्षित करना है। अपनी यात्रा के क्रम में सीएम और उनके साथ जानेवाली टीम पुर्तगाल, स्वीडन और स्पेन की सरकारों, उद्योग जगत की हस्तियों और संस्थाओं के साथ बातचीत करेगी। साथ ही झारखंड में निवेश करने को उन्हें प्रोत्साहित करेगी। इसके पहले भी राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास ने अक्तूबर 2017 में जापान और चेक रिपब्लिक का दौरा कर निवेशकों को आमंत्रित किया था। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा भी पूंजी निवेश के लिए विदेश दौरा कर चुके हैं।

#### झारखंड में निवेश को मिलेगा बढ़ावा



मुख्यमंत्री श्री सोरेन के इस विदेश दौरे से झारखंड में पूंजी निवेश और रोजगार के अवसर पैदा करने में बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि राज्य सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष में 22 हजार करोड़ रुपये के पूंजी निवेश को अंजाम तक पहुंचाना चाहती है। दौरे में उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के अलावा आठ अन्य सदस्य होंगे। इनमें नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव अरवा राजकमल और उद्योग निदेशक सुशांत गौरव शामिल हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह उच्चस्तरीय टीम झारखंड में पूंजी निवेश को आकर्षित करने पर बातचीत करेगी।

### वक्फ बिल : संघ, भाजपा पर भड़के लालू, कहा- अफसोस...

# संसद में नहीं हूं, वरना अकेला काफी था

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा से पारित वक्फ संशोधन बिल पर राजद चीफ और बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव ने संघ और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सोशल मीडिया एक्स पर लालू यादव ने कहा, मुझे अफसोस है कि अल्पसंख्यकों, गरीबों, मुसलमानों और संविधान पर चोट करने वाले इस कठिन दौर में संसद में नहीं हूं, अन्यथा अकेला ही काफी था।

उल्लेखनीय है कि राजद प्रमुख बीमार हैं और नयी दिल्ली में अभी उनका इलाज चल रहा है। लालू ने अपना एक वीडियो भी शेयर किया है। गुरुवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लालू यादव ने कहा कि संघी-



भाजपाई नादानों, तुम मुसलमानों की जमीनें हड़पना चाहते हो। उन्होंने भाजपा और संघ को नादान बताया और कहा कि तुम मुसलमानों की जमीनें हड़पना चाहते हो, लेकिन हमने सदा वक्फ की जमीनें बचाने के लिए कड़ा कानून बनाया है।

बनवाने में मदद की है। अफसोस है कि मैं सदन में नहीं हूं, वरना अकेला ही काफी था। मुझे अफसोस है कि अल्पसंख्यकों, गरीबों, मुसलमानों और संविधान पर चोट करने वाले इस कठिन दौर में संसद में नहीं हूं, अन्यथा अकेला ही भाजपा को औकात बता देता। उन्होंने कहा, मैं सदन में नहीं हूं तब भी आप लोगों के ख़्यालों, ख़्वाबों, विचारों और चिंताओं में हूं, यह देख कर अच्छा लगा।

# बोकारो में विस्थापितों पर लाठीचार्ज एक युवक की मौत, कई अन्य घायल

- नियोजन की मांग को लेकर एडीएम बिल्डिंग के पास प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सैकड़ों की संख्या में विस्थापित नियोजन की मांग को ले कर गुरुवार को बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) एडीएम बिल्डिंग के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान बीएसएल की सुरक्षा टीम व सीआईएसएफ जवानों ने लाठीचार्ज कर दिय। अचानक बल प्रयोग करने से वहां भगदड़ मच गयी। इसमें एक युवक महुआर प्रेम महतो (26) की मौत हो गयी। कई लोग घायल हो गये। घटना के बाद से इलाके में तनाव बना हुआ है। बड़ी संख्या में विस्थापित एडीएम बिल्डिंग के पास जमे हुए हैं। उन्होंने आंदोलन और तेज करने की घोषणा की है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। घायलों में महिलाओं की संख्या अधिक है। सभी घायलों इलाज चल रहा है।



**जयराम भी पहुंचे :** सूचना मिलते ही डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो भी बीजीएच पहुंचे। घायलों से मिलने के बाद अपने समर्थकों के साथ बोकारो इस्पात संयंत्र गेट के समीप आये। जानकारी के अनुसार विधायक श्वेता सिंह और जयराम महतो के समर्थकों के बीच भी कहा- सुनी और झड़प हुई।

#### लाठीचार्च निंदनीय : श्वेता

घटना के तुरंत बाद बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने विस्थापितों पर बल प्रयोग की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि विस्थापितों ने बीएसएल को अपनी जमीन दी है। वे अपने हक की मांग कर रहे हैं, तो उन पर लाठियां बरसायी जा रही हैं। यह अनुचित है। वहीं विस्थापितों का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

### सरहुल जुलूस में घंटों बिजली काटने पर हाईकोर्ट खफा

# जुलूस में बिजली काटने पर रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सरहुल जुलूस के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित करने पर कड़ी आपत्ति जतायी। साथ ही निर्देश दिया कि रामनवमी या किसी भी ऐसे धार्मिक जुलूस के दौरान आपूर्ति बाधित न हो इसकी पक्की व्यवस्था करें। एक अप्रैल को सरहुल शोभा यात्रा के दौरान राजधानी के अलग-अलग इलाकों में 5 से 10 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के मामले में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने कहा कि बिजली एक अनिवार्य सेवा है। इसको बाधित नहीं किया जा सकता।




**अनिवार्य सेवा बाधित न हो :** खंडपीठ ने कहा कि अनिवार्य सेवा को बाधित नहीं किया जा सकता। लिहाजा, सरकार को सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित कराना चाहिए। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने खंडपीठ को बताया कि 6 अप्रैल को रामनवमी और 6 जुलाई को मुहर्रम जुलूस के मद्देनजर बिजली सप्लाई रोकने की फिर जरुरत पड़ेगी। इसपर खंडपीठ ने आदेश दिया कि कोई हादसा ना हो, इसके उपाय सुनिश्चित करायें। लेकिन बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। इस मामले में 9 अप्रैल को विस्तृत सुनवाई होगी।

कोर्ट ने बिजली निगम से जानना चाहा कि सरहुल के दिन घंटों बिजली आपूर्ति बाधित क्यों रही? इससे होने वाली परेशानी को ध्यान में क्यों नहीं रखा गया। जवाब में महाधिवक्ता ने बताया कि साल 2000 में एक बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें बिजली के तार की चपेट में आने से 29 लोगों की मौत हो गयी थी। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसको ध्यान में रखकर जुलूस के दौरान बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। यह जानकारी झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी है।

### सरहुल जुलूस में मारपीट पर पिठोरिया में फूटा लोगों का गुस्सा

# रोड जाम, बाजार बंद, टायर जला कर प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिठोरिया, रांची।** सरहुल पर हमला और मारपीट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश गुरुवार को फूट पड़ा। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लेकर सड़क पर उतर गये। आक्रोशित आदिवासी संगठनों ने राढहा पुल के पास किया रोड जाम कर दिया। बाजार बंद करा दिया। सड़क पर टायर जला कर आवागमन बाधित कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। हालांकि पिठोरिया पुलिस सड़क जाम से पूर्व ही दो आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर चुकी थी।

उल्लेखनीय है कि पिठोरिया थाना क्षेत्र के हेठ बालू में सरहुल शोभा यात्रा के दौरान एक अप्रैल को जुलूस में शामिल लोगों से मारपीट के बाद दो पक्षों में तनाव हो गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित आदिवासी संगठन के लोगों ने सुबह 8 बजे पिठोरिया चौक तथा राढहा पुल के पास सड़क जाम कर दिया। पिठोरिया चौक जाम करने में अजय तिर्की लाला महली आदि का अहम योगदान था जबकि राढहा पुल के पास किशोर मुंडा के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया। दोपहर में डीएसपी अमर पांडे, कांके के बीडीओ विजय कुमार और पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने लोगों से बातचीत कर जाम खत्म कराया। बताया कि दो आरोपियों आरिफ और जाकिर अंसारी की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस संबंध में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं बिना दबाव की जांच कर कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से की है।



सड़क पर टायर जलाकर आवागमन बाधित करते घटना से आक्रोशित लोग।

#### विवाद का कारण

सरहुल की शोभा यात्रा के दौरान गांव में ही लगाया गया झालर शोभा यात्रा के झंडे से टूट गया था। झालर को एक दिन पूर्व संपन्न हुए त्योहार को लेकर दूसरे गुट ने लगाया था। झालर टूटने से नाराज गुट ने सरहुल जुलूस निकालने वालों पर हमला कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई थी। गांव के ही कुछ प्रबुद्ध लोगों ने मामले को संभाला। हमले में गांव के पाहन और एक युवक रवि मुंडा को गंभीर चोटें लगी थी।

# धीरे-धीरे ऐतिहासिक बन गया रामनवमी जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** वर्ष 1918 से शुरू हुआ हजारीबाग का रामनवमी ऐतिहासिक जुलूस आज ऐतिहासिक स्वरूप ले चुका है। रामनवमी जुलूस की भव्यता यही है कि जब पूरे देश भर में रामनवमी समाप्त हो जाता है, उस समय हजारीबाग में इसका आगाज होता है। लगभग 16 किलोमीटर के जुलूस मार्ग को पूरा करने में 36 घंटे से भी अधिक का समय लग जाता है। जुलूस में लाखों रामभक्त उमड़ पड़ते हैं। इसकी भव्यता का आलम यह है कि आज हजारीबाग के रामनवमी जुलूस की तुलना मुंबई के गणपति महोत्सव और पुरी की रथ यात्रा से की जाने लगी है। हजारीबाग से निकलने वाला रामनवमी जुलूस, अब विश्व विख्यात जुलूस के रूप में तब्दील चुका है।

**कब हुई थी शुरुआत :** जानकारी के अनुसार वर्ष 1918 में चैत माह की नवमी को मर्यादा पुरूषोतम भगवान राम के जन्मदिन पर जुलूस निकाला गया था। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने मित्र हीरालाल महाजन, टीभर गोप, कन्हाई गोप, जटाधर बाबू, यदुनाथ के साथ रामनवमी पर्व की शुरुआत हजारीबाग से की थी। शहर के कुम्हारटोली से जुलूस निकाला था। प्रसाद का थाल, महावीरी झंडा, दो ढोल और सभी लोग भगवान श्रीराम की जय का नारा लगा रहे थे।

### 1918 में शुरू हुआ था हजारीबाग रामनवमी जुलूस

#### बंगाल की ताशा पार्टी की धूम

प्रारंभिक समय में गाजा बाजा के साथ जुलूस निकाला जाता था। समय बदलने के साथ बंगाल की ताशा पार्टी ने जगह बना ली। इसमें लगभग 100 से अधिक ताशा पार्टी हजारीबाग पहुंचने लगे, जिससे इस रामनवमी की पहचान हजारीबाग से निकलकर निकटवर्ती राज्य तक पहुंच गयी। आज तो ताशा की जगह डीजे ने ले ली। फिर से कोशिश की जा रही है कि रामनवमी अपने पुराने रंग में रंग जाये और ताशा वापस लौट जाये। पहले जुलूस नवमी के दिन निकलता था। इसकी भव्यता बढ़ी तो विजयादशमी के दिन भी जुलूस निकाला जाने लगा है। धीरे-धीरे जुलूस इतना वृहद हो गया है कि ग्यारहवीं की शाम तक समाप्त हो पाता है।



**राजकीय पर्व का दर्जा देने की मांग :** आयोजन समिति समेत कई संगठनों ने राज्य सरकार से हजारीबाग रामनवमी को राजकीय पर्व का दर्जा देने का मांग तेज कर दी है। चैत्र नवमी को निकलने वाला यह जुलूस बिना रुके दशमी और ग्यारहवीं तक अनवरत चलता रहता है। जुलूस में लाखों की संख्या में हर उम्र के लोग सम्मिलित होते हैं।

#### 1929 में रांची में निकला था पहला जुलूस

स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर के प्रयास से ही 1929 में पहला जुलूस रांची में निकाला गया था। इसे देख कर अन्य जिलों में भी रामनवमी जुलूस निकाला जाने लगा समय। समय बीता तो रामनवमी जुलूस के साथ-साथ मंगल जुलूस निकालने की भी परंपरा शुरू की। जुलूस की झांकियों में कुछ न कुछ नये सामाजिक संदेश भी देखने को मिलते हैं। जुलूस का संचालन जिला प्रशासन सहित श्री चैत रामनवमी महासमिति के 100 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता करते रहते हैं।

# भारत-थाईलैंड मिलकर रोकेंगे मानव तस्करी

- रामायण का मंचन देख मोदी बोले अद्भुत अनुभव
- दोनों देशों में छह समझौते

**एजेंसी**

**बैंकॉक।** भारत और थाईलैंड ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझीदारी का रूप देने के साथ सुरक्षा एजेंसियों के बीच रणनीतिक संवाद शुरू करने, मानव तस्करी और अवैध उत्प्रवासन के खिलाफ मिल कर काम करने की घोषणा की है। साथ ही डिजिटल एवं उच्च प्रौद्योगिकियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, हथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जतायी है। पीएम मोदी और थाईलैंड की पीएम यिंगलक शिन्नावात के बीच गुरुवार को यहां हुई द्विपक्षीय बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने आपसी सहयोग के छह समझौते हुए। साथ ही हिन्द प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र, खुले, समावेशी एवं नियम आधारित नौवहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। भारत ने आसियान की एकता और आसियान की केंद्रीयता का पूर्ण समर्थन दोहराया। इस दौरान मोदी ने थाई रामायण का मंचन देखा और कहा- अद्भुत अनुभव। पीएम मोदी ने थाईलैंड 28 मार्च को आये भूकंप में हुई जनहानि के लिए भारत के लोगों की ओर से गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# झारखंड के 26 इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योगों के लिए जमीन खाली

## रांची रीजन में 59.6% भूमि उपलब्ध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथिरिटी (जियाडा) के पास 26 इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन खाली है।

रांची रीजन में 59.6 फीसदी जमीन खाली है, जबकि आदित्यपुर (सरायकेला-खरसांवा) रीजन में 20.7 फीसदी, संथाल परगना रीजन में 11.6 फीसदी और बोकारो रीजन में 8.1 फीसदी जमीन खाली है।

**तुपुदाना में 62.67 एकड़ जमीन खाली :** रांची के तुपुदाना इंडस्ट्रियल एरिया में 62.67 एकड़ जमीन उद्योगों के लिए खाली है। बालीडीह फेज थ्री (बोकारो) में 236.64 एकड़, बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया फेज फोर में 710.49 एकड़ और कांड्रा इंडस्ट्रियल एरिया (गोविंदपुर) में 134.56 एकड़ जमीन उद्योगों के लिए उपलब्ध है।

### किस इंडस्ट्रियल एरिया में कितनी जमीन है खाली

| इंडस्ट्रियल एरिया | कितना जमीन खाली (एकड़ में) |
|---|---|
| तुपुदाना इंडस्ट्रियल एरिया | 62.67 |
| हजारीबाग इंडस्ट्रियल एरिया | 14.23 |
| पाटागई (गुमला) इंडस्ट्रियल एरिया | 3.00 |
| चान्हो इंडस्ट्रियल एरिया (बरही) | 67.21 |
| बुड़मू इंडस्ट्रियल एरिया | 33 |
| चकमे बुड़मू इंडस्ट्रियल एरिया | 51.91 |
| सिल्क पार्क इरबा | 4.75 |
| पतरातू इंडस्ट्रियल एरिया | 47.90 |
| बरही इंडस्ट्रियल एरिया | 214.73 |
| लोहरदगा इंडस्ट्रियल एरिया | 7.94 |
| सिमडेगा इंडस्ट्रियल एरिया | 6.00 |
| डाल्टनगंज इंडस्ट्रियल एरिया | 5.32 |
| चास इंडस्ट्रियल एरिया | 3.00 |
| बालीडीह फेज थ्री (बोकारो) | 236.64 |
| कांड्रा इंडस्ट्रियल एरिया (गोविंदपुर) | 134.56 |
| बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया, फेज फोर | 710.49 |
| बेलचंपा इंडस्ट्रियल एरिया (गढ़वा) | 24.69 |
| गुमला इंडस्ट्रियल एरिया | 3.71 |
| आदित्यपुर फेज सात | 82.44 |
| आदित्यपुर फेज थ्री | 36.69 |
| नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया | 5.42 |
| टाटीसिल्वे फेज वन | 10.74 |
| चैनपुर इंडस्ट्रियल एरिया | 3.00 |
| आईटी टावर नामकुम | 1.00 |

# 2.67 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

## स्वयं सहायता समूहों को अब तक कुल 13,659 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज की सहायता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समूह के क्रेडिट लिंकेज कार्य को गति दी गई है। अब तक 2.91 लाख समूहों का गठन हो चुका है। इसमें वर्ष 2019 से अब तक 53,293 से ज्यादा समूह बने हैं। क्रेडिट लिंकेज में 14,204 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है, जो वर्ष 2019 दिसंबर से पूर्व 545.30 करोड़ रुपये था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास को गति देने के लिये स्वयं सहायता समूहों को बैंकों के साथ क्रेडिट लिंकेज सुनिश्ति कराने की पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक हो रही है। इसके तहत एसएचजी सदस्यों को सरल शर्तों पर ऋण सुविधायें प्रदान की गईं।

**प्रेमलता देवी को मिला क्रेडिट लिंकेज का सहारा :** प्रेमलता देवी जीवन ज्योति आजीविका सखी मंडल से जुड़कर आज अपने परिवार का भविष्य संवार रही है। पति के असमय मृत्यु से प्रेमलता पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा था। पति के जाने के दुःख के साथ ही परिवार और बच्चो की जिम्मेदारी भी उनपर आ गयी। ऐसे मुश्किल समय में समूह का साथ मिला । प्रेमलता ने पचास हजार रूपये क्रेडिट लिंकेज के तहत ऋण लेकर सिलाई मशीन खरीद सिलाई का कार्य शुरू किया। मेहनत और अच्छे काम से प्रेमलता की आमदनी बढ़ने लगी और उन्होंने पुराने ऋण चुकाने के बाद सिलाई केंद्र खोलने के लिये ग्राम संगठन से तीस हजार रूपये ऋण लिया और काम को आगे बढाया । प्रेमलता कहती है कि परिवार के भरण पोषण के बारे में सोचकर काफी चिंतित रहती थी। लेकिन समूह की महिलाओं के हौंसले से मुझे हिम्मत मिली और आज सिलाई कार्य से प्रति माह करीब दस हजार आमदनी कर परिवार चला रही हूं।

**किरण झा क्रेडिट लिंकेज के जरिये बनी सफल उद्यमी :** नाला प्रखंड की किरण झा राधा कृष्ण आजीविका सखी मंडल से जुड़ी हुई है। उन्होंने समूह के जरिये पहले आरसेटी से आचार, पापड़ बनाने का प्रशिक्षण लिया। कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 50,000 रु ऋण से व्यवसाय शुरू किया। आज, वह सालाना 1.2 लाख रु कमाती हैं और अन्य महिलाओं को भी जोड़ चुकी हैं। डीडीयूजीकेवाई से बेटे की ट्रेनिंग के बाद उसकी आय 3.6 लाख रु सालाना है। उनका परिवार अब खुशहाल है।

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

ग्रामीण महिलायें और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिये राज्य के 32 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि,पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलायें

राज्य में बैंकिग कॉरिस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत करीब 85,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

# भाजपा की साजिश बेनकाब: वक्फ संपत्तियों पर कब्जे की साज़िश नाकाम होगी : डॉ इरफान

## भाजपा की राजनीति का असली चेहरा उजागर, कांग्रेस सड़क से सदन तक करेगी विरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बुधवार को नारायणपुर के सहरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने वक़्फ संशोधन विधेयक को एक षड्यंत्र बताते हुए साफ कर दिया कि यह कानून किसी भी हाल में झारखंड और बिहार में लागू नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री जी ने कहा कि यह विधेयक विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने के लिए लाया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार की नीयत सही नहीं है।

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार देश में नफरत की राजनीति कर रही है और अब उसने अल्पसंख्यकों की संपत्ति पर कब्जा करने के लिए वक़्फ संशोधन विधेयक लाने का प्रयास किया है। यह विधेयक न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि यह साफ दशार्ता है कि भाजपा आने वाले समय में एक-एक करके सभी अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने की साजिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि असल में भाजपा सरकार की नजर वक़्फ की जमीनों पर है, और इसी मंशा से यह कानून लाया गया है। लेकिन झारखंड सरकार कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में इसे लागू नहीं होने देगी। मंत्री जी ने कहा कि भाजपा सरकार समय-समय पर जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम करती है। वह लोगों को गुमराह कर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी इस विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ हमेशा खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी।

डॉ अंसारी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस विधेयक का हर स्तर पर विरोध करेगी। यह लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी और भाजपा सरकार को इस जनविरोधी कानून को वापस लेने के लिए मजबूर किया जाएगा। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी जनता के साथ खड़ी है और इस अन्याय के खिलाफ हर संभव लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व में भी भाजपा सरकार ने कृषि कानून लाकर किसानों के साथ अन्याय करने की कोशिश की थी, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने संघर्ष किया और अंततः सरकार को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। इसी तरह, इस बार भी भाजपा को घुटने टेकने पर मजबूर किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने जनता से अपील की कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी का समर्थन करें और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सरकार यह सोच रही है कि वह अल्पसंख्यक समुदायों की संपत्तियों पर कब्जा कर लेगी, तो वह गलतफहमी में है। कांग्रेस पार्टी हर हाल में जनता के साथ खड़ी रहेगी और इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगी। झारखंड सरकार और कांग्रेस पार्टी इस अन्यायपूर्ण विधेयक के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और आगे भी इस लड़ाई को जारी रखेगी।

## खबर एक नजर में

### हाईकोर्ट ने सरकार पर दस हजार का हर्जाना लगाया

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बार-बार समय लेकर भी जवाब दाखिल नहीं करने पर सरकार पर दस हजार का हजार्ना लगाया है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने गुरुवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हजार्ना लगाया और इसकी राशि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के पास जमा करने का निर्देश दिया है। रामदास एवं अन्य ने याचिका दायर की है। प्रार्थियों ने अपनी नियुक्ति के विवाद को लेकर याचिका दायर की है। इस मामले में पूर्व में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सरकार ने जवाब देने के लिए तीन बार समय लिया, लेकिन जवाब दाखिल नहीं किया गया। गुरुवार को भी सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। इस पर अदालत ने नाराजगी जतायी और सरकार पर दस हजार का हजार्ना लगाया। कोर्ट ने अगली तिथि पर जवाब के साथ हजार्ने की राशि भी जमा करने का निर्देश दिया।

### 7 से छुट्टी पर जाएंगे जलसंसाधन सचिव, 3 आईएएस को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सात अप्रैल से दो मई तक यानि 25 दिन अवकाश में रहेंगे। प्रशांत कुमार के पास सचिव, वित्त विभाग और अध्यक्ष, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का भी अतिरिक्त प्रभार है। उनके अवकाश में रहने के दौरान अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह को जलसंसाधन विभाग, वंदना दादेल को प्रधान सचिव वित्त और मनीष रंजन को अध्यक्ष झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

### पार्टी को ग्राम स्तर तक सशक्त करने में जुट जाएं कार्यकर्ता : सुदेश महतो



**रांची।** आजसू पार्टी की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को रांची रिंग रोड स्थित ट्रेडीशनल बैंक्वेट हॉल, तुरुप में किया गया। कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचे। श्री महतो ने संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी को ग्राम स्तर तक सशक्त बनाना ही संगठन की सफलता का आधार है। उन्होंने प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने प्रखंड एवं पंचायत में सक्रिय कार्यकताओं की एक मजबूत टीम तैयार करें, जो पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाए। पार्टी का हर कार्यकर्ता जनता की आवाज बने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित रूप से कार्य करे। कार्यशाला को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, उपाध्यक्ष राजेंद्र मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, दीपक महतो, संजय मेहता, राजेंद्र शाही मुंडा, जिलाध्यक्ष संजय महतो, डॉ पार्थ परितोष, प्रत्यूष प्रशांत समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। उक्त कार्यशाला पार्टी के संगठन को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उक्त कार्यशाला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड प्रभारी, पार्टी जिलाध्यक्ष, महिला जिलाध्यक्ष, युवा जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख समेत जिला के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड में शुरू होगी निजी हेलीकॉप्टर सेवा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** युवराज ग्रुप एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने झारखंड और बिहार में निजी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी के पास 10 हेलीकॉप्टरों का बेड़ा है। जिनमें राबिंसन, बेल-206 और बेल 407 हेलीकॉप्टर शामिल हैं।

**आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा :** इस सेवा के शुरू होने से शादी समारोहों, पार्टियों के आयोजन समेत आपात सेवाओं के लिए हेलीकॉप्टर की तत्काल उपलब्धता हो पाएगी। इसके अलावा, यह सेवा आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी।

**न्यूनतम दर होगी निर्धारित :** महानगरों की हेलीकॉप्टर सर्विस के मुकाबले राज्य के निजी क्षेत्र में उड्डयन व्यवसाय को विकसित करने के लिए हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटे की दर भी न्यूनतम निर्धारित होगी। रांची से पूरे झारखंड और बिहार के लिए हेलीकॉप्टर बुक किया जा सकेगा।

# पंचपरगनिया भाषा सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया अविलंब पूर्ण की जाए : केशव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर विज्ञापन संख्या 4/2018 के द्वारा आमंत्रित नियुक्ति परीक्षा के तहत पंचपरगनिया भाषा के सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के पांच जनजातीय भाषा संथाली,मुंडारी,कुडुख,हो और खड़िया एवं क्षेत्रीय भाषा में नागपुरी,खोरठा,कुरमाली और पंचपरगनिया में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति हेतु आवेदन मांगा गया था। इस क्रम में सभी भाषा में साक्षात्कार एवं नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है परंतु अभी तक पंचपरगनिया भाषा में नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का निर्धारण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा है कि इस विषय में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण पंचपरगनिया भाषा के आवेदकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है,आयोग को अविलंब कार्रवाई करते हुए साक्षात्कार की तिथि निर्धारित कर मानसिक रूप से परेशान आवेदकों को राहत प्रदान करना चाहिए।

श्री कमलेश ने पत्र में लिखा है कि एक ही विज्ञापन संख्या के द्वारा विभिन्न विषयों की नियुक्ति परीक्षा आयोजित की गई थी, सिर्फ एक भाषा के आवेदकों को छोड़कर अन्य भाषा के छात्रों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण होने से पंचपरगनिया भाषा के आवेदक स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रेषित पत्र में उन्होंने कहा है कि स्थायी प्राध्यापक नहीं होने से यूजीसी नेट जेआरएफ शोधार्थियों का शोध निदेशक के अभाव में पंजीयन नहीं हो पा रहा है। इससे अनेकों उत्तीर्ण विद्यार्थियों का भविष्य अधर मे लटक गया है, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाली परीक्षाएं नहीं हो पा रही है, अस्थायी प्राध्यापक के भरोसे शिक्षण कार्य चल रहा है। पंचपरगनिया भाषाई छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता इस मामले में है।

### जमीन घोटाले के 11 आरोपियों की 15 तक बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद 11 आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने 15 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। मामला पुलिस पेपर पर चल रहा है। अदालत जल्द ही आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपेगी। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। सीएम हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। मामले में हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, तापस घोष और संजीत को पुलिस पेपर सौंपा जाना है।


**CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



**JAP-IT**
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand)Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044/2401067, E-mail- japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM**

**Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP-IT, Ranchi Jharkhand (Tender Ref No.JAP-IT/JHSECURE-1/2025)**

With reference to the above tender, please be informed that corrigendum-I has been uploaded in Jharkahnd Tenders.
For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.

**PR Ref No. 348716.** Sd/- (OSD, JAP-IT)

PR 349601 (Information Technology)24-25*D



**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 10/2024-25 दिनांक 21.03.2025 जिसका PR No. 349044 (Drinking Water and Sanitation) 24-25(D) है को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक – 03.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। | दिनांक – 09.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 2 | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक – 04.04.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। | दिनांक – 11.04.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक – 04.04.2025 अपराह्न 05.00 बजे। | दिनांक – 11.04.2025 अपराह्न 04.30 बजे। |

नोटः–शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ

PR 349643 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D


# वक्फ संसोधन विधेयक झारखंड में थोपने की कोशिश नहीं हो : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया है। झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भप्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में गुरुवार को पत्रकार वार्ता के माध्यम से कहा कि यह विधेयक देश की धर्मनिरपेक्षता, सर्वधर्म सदभाव के खिलाफ है। इसे लागू करने से राज्यों में टकराव की स्थिति बनेगी। जमीन और कानून व्यवस्था राज्य का विषय है। इसके बावजूद राज्य सरकारों से सलाह नहीं ली गई है। वक्फ संसोधन विधेयक झारखंड में थोपने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। राज्य सरकार की सहमति के बगैर कोई नियम लागू नहीं हो सकता। सुप्रियो ने ऐलान किया है कि झारखंड में वक्फ बोर्ड की एक इंच संपति भी केंद्र सरकार के करीबी पूंजपतियों के नाम हस्तांतरित नहीं करने देंगे। झामुमो ने कहा है कि वक्फ बोर्ड के साथ झारखंड में नाइंसाफी नहीं होने देंगे।

सुप्रियो ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले दस वर्षों में केवल भाजपा का लैंड वेल्थ बढ़ा है। भाजपा के इस विस्तार पर किसी की नजर नहीं है। लेकिन वक्फ की संपत्ति पर यदि स्कूल चल रहा है, मुसाफिर खाना चल रहा है, अस्पताल चल रहा है तो इन्हें दिक्कत है। वक्फ बोर्ड भी एक चैरेटी संस्था है, जैसे अन्य हिंदू धर्म में मठ और आश्रम होते हैं। हम सनातन धर्म में भी भूमि दान कर पुण्य कमाते हैं, मंदिर के लिए भूमि दान करने पर वह देव भूमि कहलाती है। हम जिस धार्मिक संस्था को दान करते हैं चाहे वह आश्रम या मठ के लिए हो, वह उसकी संपत्ति हो जाती है।

**वक्फ एक चैरेटी, चीजों को घालमेल किया जा रहा :** उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म में जो चैरेटी है, उमसें वक्फ भी एक चैरेटी है। उसकी अवधारणा भी सभी धर्मो में है, लेकिन यहां चीजों का घालमेल किया जा रहा है। मठ, श्राईन बोर्ड, वक्फ बोर्ड सभी जगहों पर भ्रष्टाचार देखने को मिलता है, इससे धनाढ्य लोग सुशोभित होते हैं। रेलवे और सेना के साथ-साथ तीसरे आकार की जो जमीन है, वह है वक्फ बोर्ड की। इसमें लगभग नौ लाख संपत्तियां हैं। इसमें सबसे ज्यादा संपत्तियां उत्तर प्रदेश में 27 प्रतिशत है। संपत्ति पर किसका कब्जा हो, इसी को लेकर सारा खेल चल रहा है। केंद्र सरकार ने रेल, एयरपोर्ट की जमीन कुछ पूंजीपतियों को दी है। हमारे देश की कई किमी तक की भूमि चीन कब्जा करके बैठ गया है, उस पर किसी का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है। सुप्रियो ने आशंका जाहिर किया है कि वक्फ संशोधन लागू करने से राज्यों में टकराव होगा और कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है।

### ठोस साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

**रांची।** आत्महत्या के लिये उकसाने से जुड़े मामले में सिर्फ दो दिन में फैसला आया। अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी मोरहाबादी निवासी राजेश कुमार को पर्याप्त सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपी की पत्नी अरनिका कुमारी की मौत जलने से हो गई थी। इस घटना को लेकर मृतका के पिता अशोक कुमार ने बरियातू थाना में 13 सितंबर 2023 को अपने दामाद के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में 29 मार्च को आरोपी पर आरोप तय किया गया। उसी दिन गवाही पूरी कर ली गई। साथ ही, आरोपी का बयान भी दर्ज किया गया। बहस भी पूरी कर ली गई। इसके बाद अदालत ने 3 अप्रैल को फैसले की तारीख निर्धारित की थी।

# ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जोर लगा के हइसा...... चिलचिलाती धूप में कदमा मेन रोड में जब ऑटो खराब हो गई तो नन्हें छात्रों ने ऑटो से उतर कर धक्का देकर अपने ऑटो वाले अंकल की यूं मदद की।

# छठव्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

## सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ पर दोमुहानी घाट,गांधी घाट, सूर्यधाम घाट और तालाबों पर उमड़ी व्रतियों की भीड़







सूर्यधाम पर उमड़े छठ व्रती।

### व्रतधारियों और श्रद्धालुओं की सेवा में तैनात रहे सूर्य मंदिर के सदस्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन गुरुवार को पहला अर्घ्य अर्पित किया गया। संध्याकाल के समय हजारों छठव्रतधारियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।

अर्घ्य देने के के लिए स्वर्णरेखा-खरकाई नदी के संगम स्थल दुमुहानी घाट, स्वर्णरेखा गांधी घाट समेत अन्य तटों एवं तालाबों पर व्रतियों और उनके परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूर्यधाम सिदगोड़ा स्थित मंदिर केबुल टाउन एवं अन्य जगहों पर बनाये गए कृत्रिम छठ घाटों पर भी व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रतियों की सेवा में छठ घाटों पर कई संगठनों ने सेवा शिविर भी लगाया था जबकि प्रशासन की ओर से चेंजिंग रुम के साथ-साथ सुरक्षा एवं गोताखोरों की तैनाती की गई थी। महापर्व चैती छठ पर एक बार फिर सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम में आस्था के जनसैलाब का अनुपम दृश्य देखने को मिला।

सूर्य मंदिर परिसर में पारंपरिक रीति रिवाज के साथ हजारों छठव्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य देने छठ घाट तालाब पर पहुंचे। इस दौरान छठव्रतियों ने छठी मइया और भगवान भास्कर की आराधना की और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। सूर्यधाम परिसर में हर ओर छठी मैया की मधुर गीत सुनायी दे रही थी। इस अवसर पर हजारों छठव्रतियों के संग जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने भी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और सभी को महापर्व छठ की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान सूर्य मंदिर समिति की ओर से शिविर लगाकर श्रद्धालुओं के बीच शीतल शर्बत की सेवा दी। सूर्य मंदिर समिति की ओर से महापर्व चैती छठ को लेकर दोनों छठ घाट तालाबों की सुंदर साफ- सफाई की गई थी। वहीं, रंग-बिरंगी लाइटों से घाटों और फूलों से पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है।

वहीं, शुक्रवार को सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ पर उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही व्रती हवन और पारण करेंगे। सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, शुद्धता और प्रकृति प्रेम का प्रतीक है। वहीं, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर समिति की ओर से छठव्रतियों के लिए स्वच्छता एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। मंदिर परिसर में स्थित दोनों तालाबों की साफ-सफाई के पश्चात इसमें स्वच्छ निर्मल जल भरा गया है।

इस दौरान लक्ष्मीकांत सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, सुशांत पांडा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, रूबी झा, बंटी अग्रवाल, प्रेम झा, बोलटू सरकार, कंचन दत्ता, प्रमोद मिश्रा, मिथिलेश सिंह यादव, गुंजन यादव, संतोष ठाकुर, अमित मिश्रा, कुमार अभिषेक, छक्कन चौधरी, गोबु घोष, बंटी सिंह, उज्ज्वल सिंह, काजू शांडिल, सतीश सिंह, उमेश गिरि, धनेश्वर सिंह, संजीत चौरसिया, किशोर साहू, रौशन सिंह, आकाश दास, निर्मल गोप, अनिकेत रॉय, रमेश पांडेय समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

### श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में बने छठ घाट में व्रतियों ने दिया सूर्य देव को अर्घ्य

जमशेदपुर। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर, केबुल टाउन में बने छठ घाट में गुरुवार को चैती छठ करने वाली व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय भी इस मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर छठ घाट की बेहद खूबसूरती से साज सज्जा की गई थी। व्रतियों के साथ आने वाले लोगों के लिए चाय काफी की भी व्यवस्था निःशुल्क की गई थी। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से जुड़े असीम पाठक ने बताया कि जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देशानुसार छठ व्रतियों की सुविधा के लिए साफ पानी, बिजली और चाय नाश्ते की व्यवस्था की गई। पाठक ने बताया कि इस परिसर में निर्मित छठ



घाट पर लगातार दूसरे साल छठ व्रती आए और अर्घ्य दिया। अब लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है।

### विधायक संजीव ने पोटका प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण



पोटका। पोटका के विधायक संजीव सरदार ने गुरुवार को पोटका प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, पेयजल विभाग के कनीय अभियंता समेत कई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इसकी शिकायत विधायक द्वारा मोबाइल से उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम से करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कार्यालय में बिना सूचना एवं छुट्टी के कनीय अभियंता समेत अन्य कर्मचारी गायब मिले, इसके उपरांत विधायक प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। यहां सभी कार्यालयों के बारी बारी से निरीक्षण में कई कार्यालयों में संबंधित अधिकारी गायब मिले। बीडीओ के कार्यालय के निरीक्षण में बीडीओ अरुण कुमार मुंडा भी बिना सूचना कार्यालय में अनुपस्थित थे। इस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम अनन्य मित्तल से मोबाइल के माध्यम से बातचीत करते हुए अनुपस्थित बीडीओ समेत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सरकारी नियम के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अंत में विधायक अंचल कार्यालय पहुंचे यहां सीओ निकिता बाला समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### गम्हरिया : कार में लगी आग, धू-धू जली



गम्हरिया। आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी, जमालपुर छठ तालाब के समीप बुधवार की सुबह करीब 4:30 बजे एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। जबतक उस आग पर काबू पाया गया तबतक कार पूरी तरह जल चुकी थी। कार के मालिक माहेश्वरी सिंह ने बताया कि प्रातः करीब साढ़े चार बजे उन्हें एक जोरदार आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर जब बाहर निकले तो देखा कि उनके कार में आग लगी हुई है। आनन-फानन में आग को बुझाने के लिए घर के सभी लोग उसपर पानी फेंकने लगे। घर का पानी कम पड़ा तो आसपास के घरों से भी पानी लेकर उक्त आग को बुझाने का प्रयास किया गया। काफी प्रयास करने के बाद जब तक आग बुझता तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि वे मूल रूप से नवादा के रहने वाले हैं और पत्नी के इलाज के लिए धनबाद आए थे। धनबाद से वे अपनी बेटी का ससुराल उससे मिलने पहुंचे, जहां बेटी के ससुराल वालों ने कुछ दिन रुकने का आग्रह किया। इसी बीच यह घटना घट गई।

### अर्जक संघ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



जमशेदपुर। उपायुक्त के मार्फत महामहिम राष्ट्रपति महोदया को एक ज्ञापन अर्जक संघ जमशेदपुर के द्वारा दिया गया। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति महोदया से अनुरोध किया गया कि बौद्ध मंदिर मेनटेनेंस एक्ट 1949 को निरस्त किया जाय और बौद्धों को बौद्ध विहार की स्वायत्तता सौंप दी जाय।इस अवसर पर बनारसी राम,ओम प्रकाश सिंह, प्रकाश चन्द्र, हरि बालक प्रसाद, विश्राम राम, अवधेश कुमार, रामेश्वर राय यादव तथा सावन कुमार उपस्थित थे।

### ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए लाया गया है वक्फ विधेयक : राकेश



जमशेदपुर। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव व सरायकेला-खरसावां के प्रभारी राकेश तिवारी ने केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बिल पेश किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने केवल देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपने जा रहे हैं। संसद में वक्फ बिल लाकर जमीन पर कुंभ मेले का आयोजन कर और अन्य तरह की भावनात्मक मुद्दों को आगे कर देश के ज्वलंत और असली मुद्दों से जनता का ध्यान यह सरकार भटकाना चाहती है। देश की अर्थव्यवस्था की खस्ता हालत में है, आसमान छूती महंगाई देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी और देश में औद्योगिकरण गति धीमा पड़ना इन सारे गंभीर मुद्दों से जनता का ध्यान भड़काने के लिए केवल यह सरकार एक एजेंडा तय कर रखी है कि हर वर्ष संसद में एक ऐसा बिल लाओ जिस पर वर्ष भर चर्चा होता रहे।

# आइएसएल : सेमीफाइनल में जमशेदपुर ने मोहन बागान को 2-1 से करारी शिकस्त दी

खबर मन्त्र टीम







**जमशेदपुर।** आइएसएल 2024-25 के सेमी फाइनल मुकाबला गुरुवार को जेआरडी टाटा स्पोर्टस कंपलेक्स में खेला गया। यहां खेले गए बेहद रोमांचक मैच में जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने मोहन बगान एफसी को 2-1 से शिकस्त देकर स्टेडियम में मौजूद अपने घरेलू दर्शकों को गद्‌गद् कर दिया। पहले हॉफ तक मैच में बराबरी पर खड़ी दोनों ही टीमों ने दूसरे हॉफ में गोल स्कोर करने की आक्रामक रुख अपनाया। जमशेदपुर के गोलकीपर एलबिनो ने कई मौकों पर शानदार गोलकीपिंग कर मोहन बागान को बढ़त लेने से रोका। मोहन बागान के आक्रामक खेल को देखते हुए जमशेदपुर ने बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखलाया। खेल के 90वे मिनट तक स्कोर 1-1 की बराबरी का ही रहा। लेकिन अतिरिक्त 4 मिनट के खेल में जमशेदपुर की किस्मत रंग लाई, स्पेन के के हर्नांडीज ने 91वे मिनट में शानदार गोल दाग जमशेदपुर को बढ़त दिला दी। खेल में पिछड़ती मोहन बागान ने आक्रमण को तेज किया, लेकिन गोलकीपर एलबिनो के शानदार रक्षण ने जमशेदपुर को खेल में बनाए रखा। हाई वोल्टेज सेमीफाइनल मैच में जमशेदपुर ने 2-1 से मोहन बागान से करारी शिकस्त दी। अब दूसरे सेमीफाइनल में दोनों टीमें 7 अप्रैल को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में फिर से भिड़ेंगी। मैच जीतने पर जमशेपुर के दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। दर्शक स्टेडियम में खुशी से नाचते हुए देखे गए। फुटबॉल का खेल झारखंड बंगाल के गांव गांव में बसता है, यह बात आज जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के दर्शकों के उत्साही अंदाज को महसूस कर बखूबी कहा जा सकता है। दर्शकों के शोर, करतल तालियों की आवाज के साथ खचाखच भरे स्टेडियम में जमशेदपुर एफ सी और मोहन बागान के बीच सेमीफाइनल की भिड़ंत हो रही थी, जिसका साक्षी बनने दूर दूर से दर्शक अप्रत्याशित रूप से स्टेडियम पहुंचे थे, दर्शकों का भीड़ कीनन में वर्षों पहले खेले जाने वाले अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की याद दिला रही थी। अपने घरेलू मैदान पर सेमीफाइनल खेल रही जमशेदपुर ने खेल के 24वे मिनट में भी मैच का पहला गोल दाग शुरूआती बढ़त ले ली। जमशेदपुर के फॉरवर्ड खिलाड़ी सीवेरीयो ने गोलपोस्ट के पास मोहन बागान के सुरक्षा को भेदते हुए गेंद को गोलपोस्ट की तरफ दिशा दे दी। वही जवाबी आक्रमण करते हुए मोहन बागान ने भी शानदार खेल दिखलाया, खेल के 38वे मिनट में मोहन बागान के ब्रिटानी खिलाड़ी जेसोन कमिंस का सीधा शॉट गोलपोस्ट में जा घुसा। पहले हॉफ के समाप्ति पर दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थी।

### दर्शकों ने लगाया क्षमता से ज्यादा टिकट बेचने का आरोप

आम दिनों में 10 से 12 हजार दर्शक ही मैच देखने स्टेडियम पहुंचते थे। लेकिन सेमीफाइनल मैच में महज 24 घंटे में ही 17 हजार से ज्यादा टिकट बेचने का रिकॉर्ड बना था। लेकिन टिकटों की रिकॉर्ड बिक्री से उत्साहित मैच प्रबंधन की तैयारियों के कलई भी खुलती हुई दिखी। मीडिया गैलरी के दोनों तरफ के स्टैंड्स में सैकड़ों की संख्या में दर्शक खड़े नजर आए, जिन्हें बैठने की कही जगह नहीं मिली। असुविधा के कारण दर्शकों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प जैसा भी माहौल बन रहा था। सीट नहीं मिलने से गुस्साए दर्शक कह रहे थे, जब सीट नहीं दे सकते, तो इतना टिकट क्यों बेच देते है?

## एक नजर में

### अर्का जैन विवि के शोधार्थियों ने हरिसुंदरपुर में चलाया आयुष्मान भारत योजना जागरूकता अभियान



जमशेदपुर। अर्का जैन विश्वविद्यालय के शोध विभाग ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और उन्नत भारत अभियान (यूबीए) सेल के सहयोग से हरिसुंदरपुर गांव में एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना था। यह अभियान पीएचडी शोधार्थियों के अनुभवात्मक शिक्षा कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसमें उन्हें ग्रामीण समुदायों के बीच काम करने और उनकी समस्याओं को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान शोधार्थियों ने एक संरचित प्रश्नावली के माध्यम से ग्रामीणों के बीच इस योजना की जानकारी के स्तर का आकलन किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे इस योजना के तहत गरीब और वंचित परिवारों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर मिलता है और इसका लाभ कैसे उठाया जा सकता है। शोधार्थियों ने स्वास्थ्य कार्ड बनवाने की प्रक्रिया, अधिकृत अस्पतालों की सूची और योजना के तहत मिलने वाले उपचारों की जानकारी भी दी। इस अभियान में एनएसएस और यूबीए सेल के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों को आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान का समन्वयन शोध विभाग की प्रमुख प्रो डॉ सोनिया रियात ने किया। इस दौरान एनएसएस सेल और यूबीए सेल के समन्वयक डॉ मनोज कुमार पाठक, डॉ रूपा सरकार और डॉ संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा, डीन-छात्र कल्याण प्रो डॉ अंगद तिवारी और प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो डॉ एसएस रजी ने शोधार्थियों के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों को समाज के प्रति जागरूक बनाती हैं और ग्रामीण समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अर्का जैन विवि की ओर से आयोजित यह जागरूकता अभियान न केवल हमें स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने में मददगार साबित हुआ, बल्कि छात्रों के लिए भी एक महत्वपूर्ण अनुभव बन गया। यह अभियान शिक्षा को समाजसेवा से जोड़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

### जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने किया मिलिट्री स्टेशन जमशेदपुर का दौरा



जमशेदपुर। मध्य भारत एरिया जबलपुर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत ने गुरुवार को मिलिट्री स्टेशन जमशेदपुर के एक दिवसीय दौरा पर आए और स्थानीय सेना के अधिकारियों के साथ साथ यहां के रहने वाले तीनों सेना के वेटरन से भी मुलाकात का हाल चाल जाना। ज्ञात हो कि भारतीय सेना अपने सैनिकों की देखभाल भर्ती के दिन से लेकर जीवन के अंतिम पल तक करती है। कैंटीन में पर्याप्त गुणवत्ता वाले समान की उपलब्धता, ई सी एच एस में दवा, टाटा मुख्य अस्पताल मेहर बाई केंसर अस्पताल, नेता जी सुभाष अस्पताल के इम्पैनलमेंट जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के अलावा जमशेदपुर में सैनिक आराम घर बनवाने की चर्चा हुई। बी बी गुरुंग की पत्नी के पेंशन दिलाने में भी सहयोग का आश्वासन मिला। इसके साथ ही विगत दिनों कार्यरत सैनिक हवलदार सूरज राय के साथ हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ जिस तरह सेवानिवृत ऑफिसर्स एवं जवानों अपनी आवाज उठाई वो अति प्रसंशनीय एवं सराहनीय थी। छुट्टी का दिन होने के बावजूद एडम कमान्डेंट एस एच ओ ने यहां के सैनिक संगठनों के नेतृत्वकर्ताओं के साथ मिलकर पूरे केश को मजबूती से हैंडल किये जिससे हवलदार सूरज राय एवं उसके चचरे भाई को कोर्ट से बेल मिला। साथ ही पूरे मामले को रांची आई जी अखिलेश झा के द्वारा जांच किया गया और न्याय का भरोसा सैनिक परिवार को मिला। वीर जी ओ सी साहब का स्वागत सीनियर मोस्ट वेटरन मेजर जनरल पी पी सबरवाल, कर्नल किशोर सिंह वेटरन बी बी बंसल, सुशील कुमार सिंह एवं सतेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जनरल साहब ने कहा कि हम सब सैनिकों का वर्दी का नाता है और मरते दम तक ये नाता रहेगा। कल हमें भी सेवानिवृत्त होकर आप सबके बीच आना है। पूर्व सैनिकों एवं परिवार के लिये जमशेदपुर में बेहतर कार्य के लिये कोल्हान के सैनिक कल्याण पदाधिकारी एवं यहां के सीनियर अवकाश प्राप्त अधिकारियों के आग्रह पर जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने पूर्व नैसैनिक सुशील कुमार सिंह को अपने हाथों वेटरन बैज पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रिगेडियर रणविजय सिंह ब्रिगेडियर पी के झा ब्रिगेडियर बैद्यनाथन कर्नल सी नाथ कर्नल बासु कमांडर रमन कर्नल अर्नेस्ट पाल कर्नल अय्यर कर्नल आर पी सिंह कर्नल जी सामद वेटरन बी बी बंसल भूषण सिंह अशोक श्रीवास्तव सतनाम सिंह सत्येंद्र सिंह शिवेंदुशेखर उपेंद्र प्रसाद सिंह सुखविंदर सिंह अनुपम कुमार रासकुंज शर्मा कुमार रवि बी के त्रिपाठी महेश कुमार रमेश मनोज सिंह एस के सिंह एन ढोके किशोरी शर्मा भरत पोद्दार नौशाद आलम आदि सैकड़ो पूर्व सैनिक शामिल थे।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में नये सत्र की शुरूआत



जमशेदपुर। शेन इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 शुरूआत हुई। बच्चे नई कक्षा में प्रवेश कर काफी उत्साहित दिखे। परीक्षा की समाप्ति के उपरांत काफी दिनों बाद अपने सहपाठियों से मिलकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल प्रबंधन की ओर से नव नामांकित बच्चों का स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या केया अदक ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए सत्र में सभी बच्चे शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक दोनों ही प्रकार की गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें क उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्कूल पूर्व की भांति बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करेगा। स्कूल की हेडमिस्ट्रेस सिमरन सग्गू ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों से अवगत कराया।

# नये वित्तीय वर्ष में टाटा मोटर्स में पूजा पाठ के साथ कई कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** नये वित्तीय वर्ष के मध्य नजर टाटा मोटर्स कंपनी में पूजा पाठ के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। गुरुवार सुबह अप्रेंटिस शॉप स्थित गुरुकुल परिसर में स्थाई होने वाले नये कर्मचारियों के संग परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें महामंत्री आरके सिंह, ईआर हेड सौमिक रॉय समेत तमाम आफिस बेयरर शामिल थे। यहां ईआर हेड महामंत्री आरके सिंह का स्वागत किये। महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि आप सब अब स्थाई होकर जिम्मेदार कर्मचारी के रूप में कंपनी को आगे बढ़ाने में सहयोग कीजिए। कंपनी के लक्ष्य एवं गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अपना काम पूरी ईमानदारी से कीजिए। उधर फाउंड्री डिवीजन में विधिवत पूजा अर्चना की गई। नये वित्तीय वर्ष में आयोजित पूजा कार्यक्रम में यूनियन एवं प्रबंधन के लोग शामिल हुये। प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी, डॉ देवेन्द्र सिंह पदन व अन्य पदाधिकारी एवं यूनियन के आफिस बेयरर शामिल थे।

# वक्फ संशोधन विधेयक झारखंड के आदिवासियों के लिए है सुरक्षा कवच : पूर्व सीएम रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 के पारित होने के बाद झारखंड की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इस विधेयक का झामुमो ने कड़ा विरोध किया और लोकसभा में इसके खिलाफ मतदान किया। इस बीच, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को जमशेदपुर के एग्रिको स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए झामुमो पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के विरोध से झामुमो का आदिवासी विरोधी चेहरा खुलकर सामने आ गया है। रघुवर दास ने बताया कि वक्फ विधेयक में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिनमें झारखंड के संदर्भ में भी अहम संशोधन शामिल है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद संविधान की अनुसूची 5 और अनुसूची 6 के तहत आदिवासी क्षेत्रों में वक्फ संपत्ति घोषित नहीं की जा सकेगी। उन्होंने इसे आदिवासी समुदाय की मूल संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण के लिए एक बड़ा कदम करार दिया। दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार ने इस संशोधन के जरिए झारखंड के आदिवासियों के हितों और उनकी जमीन की रक्षा सुनिश्चित की है। यह विधेयक बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन कराकर जमीन हड़पने और उसे वक्फ संपत्ति घोषित करने की प्रक्रिया पर भी रोक लगाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के संपर्क में आते ही झामुमो तुष्टिकरण की राजनीति के जाल में पूरी तरह फंस चुका है।

# एलीफेंट कोरिडोर से गुजरने वाले बिजली के तारों को ऊंचा करे बिजली विभाग : डीसी

>> वन प्रमंडल पदाधिकारी, एसडीओ धालभूम, रूरल एसपी, एडीसी व अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद

### वन्य प्राणियों की सुरक्षा हेतु बिजली पारेषण लाइनों के सुधार को लेकर बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** वन्यजीवों, विशेष रूप से हाथियों पर बिजली पारेषण लाइनों और बुनियादी ढांचे के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बिजली संचरण तारों को ऊंचा करने और आवश्यक सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त को लेकर राज्य सरकार के स्तर से जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। बैठक में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि बिजली लाइनों के कारण वन्यजीवों को होने वाले खतरों को न्यूनतम किया जा सके। वन प्रमंडल पदाधिकारी सबा आलम अंसारी, शताब्दी मजूमदार, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, एडीसी भगीरथ प्रसाद, जमशेदपुर, मानगो एवं घाटशिला विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता और अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। डीसी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे वन क्षेत्रों में पारेषण लाइनों की ऊँचाई बढ़ाने, इंसुलेटेड केबल का उपयोग करने और बिजली के बुनियादी ढांचे को वन्यजीव अनुकूल बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इसके साथ ही, वन विभाग एवं विद्युत विभाग को आपसी समन्वय से सुरक्षा उपायों को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई गई और निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। समिति की समीक्षा बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## स्पीड न्यूज

### अंबेडकर जयंती मनाने को कमेटी बनी




**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना अंतर्गत चुरादोहर बसाबासर में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाने को लेकर कमिटी गठित की गयी। जिसमें प्रभु राम को अध्यक्ष, संजय राम कोषाध्यक्ष, निरंजन राम सचिव, जीतू राम, उमाशंकर राम, बबलु कुमार रवि, तापसी राम, शशिभूषण राम, शत्रुघ्न राम संरक्षक बनाये गये। मालूम हो कि 14 अप्रैल का अंबेडकर जयंती पर सुबह प्रभात फेरी व संध्या में जागकता संस्कृति कार्यक्रम किया जायेगा।

### दिल्ली में आज होने वाली बैठक में भाग लेंगे कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर।** इंदिरा भवन नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित बैठक में चार अप्रैल को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक भाग लेंगे। बैठक में भाग लेने के लिए पलामू जिलाध्यक्ष के साथ कोषाध्यक्ष अजय साहू दिल्ली रवाना हुए। श्री पाठक ने बताया कि पार्टी को मजबूत करने की दिशा में यह बैठक आयोजित की है। बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के अलावा प्रदेश के प्रभारी पार्टी के अन्य वरीय नेता मौजूद रहेंगे।

### अगलगी में फसल खाक, लाखों की क्षति



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के सीताडीह में अज्ञात व्यक्ति ने खलिहान में आग लगा दी। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। इस अग्निकांड में अरहर, जौ, चना, मसूर, खेसारी और पुआल जल गयी। सीताडीह के सूबा सिंह, पथराही के मनोरंजन दुबे और झाबर के शिवनंदन सिंह के खेत में मनोज राम एव रंजू भुइयां बतौर बटाईदार फसल की देखरेख कर रहे थे। इसी दौरान बुधवार करीब 11:30 बजे किसी ने खलिहान में आग लगा दी, जिससे पूरी फसल जल गयी। इसमें करीब 1 लाख की क्षति हुई है।

### लेस्लीगज में राम विवाह का भव्य मंचन



**नीलांबर-पितांबरपुर।** प्रखंड में चल रहे श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ के अंतर्गत संध्या में श्री रामलीला मंच पर पांचवें दिन धनुष यज्ञ और राम विवाह का भव्य मंचन किया गया। इस अलौकिक दृश्य को देखने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रामलीला मंचन के दौरान जब भगवान श्रीराम ने शिवधनुष तोड़ा, तो पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। धनुष भंग के बाद राम और सीता के विवाह का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें दर्शकों ने भावविभोर होकर पुष्प वर्षा की। मौके पर मनोज सोनी, उनकी पत्नी, सुदर्शन सोनी, अरविंद डिसिल्वा, पवन सोनी, राहुल वर्मा, संदीप सैंडिक शामिल थे।

### न्यायालय का कार्य प्रातःकालीन ही रहने दिया जाये : अध्यक्ष रामदेव यादव



**मेदिनीनगर।** व्यवहार न्यायालय का कार्य प्रत्येक वर्ष गर्मी के समय दो अप्रैल से प्रातःकालीन कर दिया जायेगा। ताकि दूरदराज गांव से आनेवाले बुजुर्ग, नौजवान, महिला-पुरूष व बच्चों को गर्मी का सामना नहीं करना पड़े लेकिन झारखंड उच्च न्यायालय ने इसे दिवाकालीन कर दिया गया है। इस निर्णय के विरोध में पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने निर्णय का विरोध किया है। प्रेस वार्ता कर संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव ने कहा कि पलामू में भीषण गर्मी के साथ गर्म हवाओं की झोंकें चलती हैं। इसलिए पलामू व्यवहार न्यायालय का कार्य प्रातःकालीन ही रहने दिया जाये, कारण पलामू का तापमान 40 से 48 डिग्री तक पहुंचता है। मौके पर उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, जय किशोर पाठक, गोपाल मिश्रा, उमेश पासवान, देव कुमार शुक्ला, ललित शुक्ला, विरेंद्र तिवारी शामिल थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मुहल्ला में एक दुष्कर्मी ने पास की ही एक नाबालिग बच्ची को बहला कर अपने घर ले गया। जिसके साथ बीती रात दुष्कर्म कर पत्थर से बच्ची को सिर कुचल कर हत्या कर दिया। शव को घर में ही छिपा दिया। इधर, मृतक के परिजन जब खोजबीन करना शुरू किये तो बच्ची का कहीं पता नहीं चला। मुहल्ले के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखकर संदेह के आधार पर दुष्कर्मी से पूछताछ की गयी तो वह आनाकानी कर रहा था। जब कड़ाई शुरू की व कांदू मुहल्ला चौक को जाम कर दिया, तब बच्ची का शव दुष्कर्मी के घर से ही बरामद किया गया।

### प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मना



**मेदिनीनगर (मिन्हाज आलम)।** राजा मेदिनीराय चौक दुबियाखाड़ स्थित राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला प्रांगण मे चेरो आदिवासी सरहुल पूजा समारोह समिति के तत्वाधान में प्राकृतिक परब सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आदिवासी समाज का सरहुल पूजा पूरी तरह प्रकृतिक को समर्पित एक प्रमुख त्यौहार है। आदिवासियों का महान प्राकृतिक परब सरहुल पूजा की शोभा यात्रा भव्यता से निकाली गई। संध्याकालीन में चेरो समुदाय के कुल देवी माता पलमादेवी एवं आदिवासी समाज के सभी देवी देवताओं को पाहन चेरो शीतल सिंह निराला एवं धर्मगुरु आशुतोष सिंह चेरो ने सरहूल को सफल करने के लिए आमंत्रित किया।

### रामनवमी को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग मनाये जाने को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से आज मेदिनीनगर के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद व सदर एसडीओ सुलोचना मीणा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकला।

# पुलिस ने रामनवमी पूजा को लेकर बड़े वाहनों का रूट किया निर्धारित

■ निर्धारित पड़ाव स्थल पर वाहन का ठहराव सुनिश्चित करें थाना प्रभारी : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पुलिस ने रामनवमी पर्व के मद्देनजर छह व सात अप्रैल का रूट प्लान बड़े वाहनों के लिए निर्धारित किया है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि छह अप्रैल को अपराह्न सात बजे से लेकर व सात अप्रैल को 1 बजे पूर्वाह्न तक बड़ी वाहनों के लिए रूट निर्धारित है। रूट के अनुसार चालक अपने वाहनों का पड़ाव करेंगे। जिसमें गढ़वा की ओर से आनेवाली बड़ी वाहन ट्रक, बस व टेलर को मंगराहा घाटी के पास गिरीनाथ सिंह पेट्रोल पंप चैनपुर के पास अस्थाई रूप से पड़ाव स्थल बनाया गया है। पंड़वा मोड़ के तरफ से आनेवाले बड़े वाहन को सदर थाना अंतर्गत वैद्यनाथ आश्रम के पास अस्थाई रूप से पड़ाव बनाया या है। लेस्लीगंज तरफ से आनेवाली बड़ी वाहन को सदर थाना अंतर्गत ग्राम रजवाडीह बाईपास रोड के पास अस्थाई रूप से पड़ाव स्थल बनाया गया है। रांची की तरफ से आनेवाली बड़ी वाहन को सदर थाना अंतर्गत चियांकी चेकनाका के पास अस्थाई रूप से पड़ाव स्थल बनाया गया है। छोटी वाहनों के लिए पुलिस लाईन की ओर से आनेवाली छोटी वाहन का पार्किंग होमगार्ड ऑफिस बाउंड्री के अंदर, बैरिया चौक तरफ से आनेवाली छोटी वाहन का पार्किंग गायत्री मंदिर के सामने खाली मैदान में, चैनपुर से आनेवाली वाहनों का पार्किंग सदीक चौक टेंपू स्टैंड व शिवाजी मैदान में होगा। पांकी से आनेवाली छोटी वाहनों का पार्किंग सरकारी बस स्टैंड व टेंपो स्टैंड छह मुहान में पड़ाव स्थल बनाया गया है।

# लोक आस्था का महापर्व चैती छठ को लेकर रही धूम, आज पारण

>> अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रतियों ने दिया अर्घ्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पर कोयल नदी तट पर छठव्रतियों की भीड़ उमड़ पड़ी। छठ का विशेष महत्व शरद ऋृतु में तो होता ही है लेकिन चैती छठ को लेकर भी लोगों में काफी उत्साह है। शहर के विभिन्न मुहल्लों व घरों में भगवान भुवन भाष्कर छठी मईया की उपासना लोगों ने श्रद्धा पूर्वक की। नहाय खाय से शुरू होकर खरना के बाद गुरुवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को छठव्रतियों ने अर्पित किया। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह व हर्ष देखा गया। यह पर्व काफी ही महत्वपूर्ण व पवित्र माना जाता है। छठव्रती उपवास रखकर शाम को कोयल नदी, अमानत नदी समेत विभिन्न जलश्रोतों में जाकर स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्यदान दिया।





**पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में व्रतियों ने की चैती छठ, भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य** : प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में व्रतियों ने चैती छठ पर्व किया। तीन दिनों तक चलने वाली आस्था का महान पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। व्रतियों ने नहाय खाय कर छठ पूजा का शुरूआत किया। बुधवार को खरना का प्रसाद खीर बनाकर खाया। व्रतियों ने बृहस्पतिवार को चौबीस घंटे का निर्जला उपवास कर डुबते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य प्रदान किया। वहीं शुक्रवार को उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य के साथ चैती छठ सम्पन्न हो गया। चैती छठ पूजा को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। छठ गीतों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था।

## हिंदू सेवा समिति के श्रीराम कथा में उमड़ रही लोगों की भारी भीड़

# धर्म के प्रति निष्ठावान बन समाज देश को मजबूत बनायें : मालती

■ कथा श्रवण को लेकर उमड़ी भक्तों की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उपस्थित लोगों को श्रीराम कथा सुनातीं सुश्री मालती।

**छतरपुर पलामू।** विजय तारा रिसॉर्ट समीप हिन्दू सेवा समिति के तत्वावधान में रामनवमी पूजा के अवसर पर श्री राम कथा का भव्य कथा के रस में नगर वासी डुबकी लगा रहे हैं। गौरतलब हो कि समिति के द्वारा एकम से लेकर नवमी तक श्रीराम दरबार का रथ नगर क्षेत्र में भ्रमण कराया जा रहा है। वहीं चित्रकूट के कथा वाचिका संत सुश्री मालती मानस मंडली के द्वारा नगर वासियों को राम कथा के माध्यम से उनके बताए हुए पदचिह्नों पर आगे बढ़ने की बात बतायी है। उन्होंने कथा में पधारे सभी सनातनी प्रेमियों से निवेदन किया कि आप अपने धर्म के प्रति निष्ठावान बन कर समाज और देश को मजबूत बनाने में अवश्य सहयोग प्रदान करें।

अपने सनातन धर्म के बारे में कुछ बोलने का और मर्यादा पुरूषोतम श्री राम की कथा सुनाने का अवसर दिया है। कथा और भजन से पूरे नगर क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। नगरवासी शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक कथा का श्रवण बड़े ही शान्ति और सोहार्द वातावरण में ले रहे हैं। संत मालती देवी ने कथा के प्रसंग में कहा कि आज भारत वर्ष में सनातन परम वैभव की शिखर पहुंच रही है। बस हम सभी लोग सकारात्मक गति दें तो हम कल भी विश्व गुरु थे और आने वाले समय भी भारत का ही होगा ऐसा सोच हम सभी लोगों को आगे लेकर चलना है।

# टीएसपीसी का नक्सली नावा बाजार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार

■ गिरफ्तार नक्सली बिहार का ईनामी है

■ झारखंड-बिहार के कई थाना में उग्रवादी मामले दर्ज हैं : एएसपी राकेश सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर शशिकांत जी अपने दस्ता के सदस्यों के साथ नावाबाजार थाना क्षेत्र के तुरीदाग पहाड़ के पास मौजूद थे। जो किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान नक्सली संगठनों के विरूद्ध पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि टीएसपीसी का एक दस्ता तुरीदाग पहाड़ के समीप है। इसकी सूचना पुलिस के वरीय अधिकारी को देते हुए अभियान एसपी राकेश सिंह के नेतृत्व में छतरपुर, नौडिहा व नावा बाजार थाना पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में एक नक्सली पकड़ा गया। जानकारी देते हुए अभियान एएसपी राकेश सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि टीएसपीसी के लोग तुरीदाग पहाड़ के समीप बैठक कर किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। जैसे ही पुलिस पहुंची आहट सुन लोग छिप गये। लेकिन पुलिस भी तत्परता के साथ छिपकर इंतजार करती रही। इसी बीच पहाड़ से एक व्यक्ति उतर कर खाली हाथ जा रहा था जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसका नाम जिभलाल यादव उर्फ रमेश यादव उर्फ सुभाष यादव पिता सरयू यादव ग्राम किशुन चक गया बिहार का रहनेवाला है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में पूजा अर्चना के साथ सत्र का आरंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के सतगावां स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को पूजा अर्चना के साथ सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन पुष्पार्चन व सरस्वती वंदना तथा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन का कार्य पुरोहित अभय मिश्रा के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयेन्द्र प्रसाद ने पूरे सत्र का संक्षिप्त विवरण रखा तथा नवीन सत्र में नई ऊर्जा के साथ छात्रों से पठन -पाठन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य मोहन ठाकुर, संजय कुमार सिंह, हंसराज गुप्ता, नीलिमा मेहता, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, निशा कुमारी, खुशबू कुमारी, रिया कुमारी उपस्थित थे।

## मोहम्मदगंज से अवैध शराब के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना की पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया है। समाचार के अनुसार दो अप्रैल को समय करीब 08:30 बजे रात्रि में सूचना प्राप्त हुई कि प्रेम सिंह (उम्र-35 वर्ष), पिता- बबन सिंह, निवासी- मोहम्मदगंज बाजार, थाना- मोहम्मदगंज, जिला- पलामू, चोरी का अवैध शराब अपने घर पर छिपाकर रखा है। सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया तथा अनुमंडल पदाधिकारी, हुसैनाबाद से प्रेम सिंह के घर का सर्च वारंट प्राप्त कर मजिस्ट्रेट सीओ मोहम्मदगंज के साथ छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में प्रेम सिंह के घर से कई सामान बरामद किया गया। जिसमें रॉयल स्टेज के 72 बोतल, 375 एमएल के 135 बोतल शराब, भिस्की 334 पाउच शामिल है।

### छठव्रतियों ने किया भगवान भास्कर को अर्घ्यदान



**छतरपुर पलामू।** स्थानीय मंदेया नदी के छठ घाट पर लोक आस्था पर्व की पहली अर्घ्य भगवान भास्कर को विधि विधान पूर्वक छठव्रतियों ने पूजन कर दिया। व्रतियों ने क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। ज्ञात हो कि छतरपुर के सुप्रसिद्ध और लोकप्रिय छठ घाट पर करीब एक दशक के उपरांत ऐसा ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला लोगों ने छठ व्रतियों और उनके परिवार के प्रति इस बार देव नगरी की तरह घाट बनाने के लिए आभार प्रकट किया और आने वाले अगले वर्ष में ओर भव्य दिव्य बनाने कई सामाजिक संगठन आगे आने की बात कही है। इधर, छठ घाट को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। चारों ओर बज रहे छठ गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया।

### चैती छठ पूजा के दौरान घाटों पर उमड़े श्रद्धालु



**विश्रामपुर (पलामू)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा पर गुरुवार को सायंकाल व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य पर स्थानीय शिव घाट पर काफी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए थे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक सेवा समिति ने छठ व्रतधारियों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराया था। मौके पर समिति अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि सभी व्रतधारियों के लिए सभी तरह की सुविधा समिति मुहैया कराती है। मौके पर जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, विजय रवि, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पंकज लाल, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, विजय राम, गोपाल सोनी, राजू गुप्ता, पंडित पिंटू पांडेय भी थे।

### अष्टमी को रामभक्तों पर पुष्पवर्षा करेगा खुला मंच



**मेदिनीनगर।** रामनवमी उत्सव में डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक (छहमुहान) पर अष्टमी को स्टाल लगाकर राम भक्तों की सेवा करेगा खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप (सामाजिक संस्था)।उक्त निर्णय गुरुवार को खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के बैठक में लिया गया। रामनवमी उत्सव के प्रभारी अमीत सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में लिये गये निर्णयानुसार रामनवमी उत्सव में सभी श्रीराम भक्त श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्प वर्षा से किया जायेगा। मंच के अध्यक्ष जी नवदीप सिंह ऋषि ने कहा कि अष्टमी के सुबह में रावण दहन की परंपरा रही है और ऐसे में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है।


## लापरवाही : भारत वाणिज्य कंपनी ने फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान चापानल को किया जमींदोज

**महेंद्र प्रजापति**

■ पेयजल के लिए ग्रामीण और राहगीर परेशान

■ जिला प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग







**पेयजल की तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था हो : विनोद पांडेय**

भंडार ग्राम पंचायत के विनोद पांडेय ने कहा कि सड़क निर्माण कंपनी मनमाने तरीके से कर रही है। कंपनी जानबूझकर चापानल पर मिट्टी डंप कर दी है। कंपनी पेयजल की तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करे, नहीं तो मजबूर होकर आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा।

**जिला प्रशासन ले संज्ञान : सुनील पांडेय**- भंडार गांव निवासी सुनील पांडेय ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत से निपटने के लिये सरकार कई तरह की योजना चलती है लेकिन सड़क निर्माण कंपनी के कर्मी पेयजल समस्या को और बढ़ा रहें हैं। इस पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेते हुये कंपनी के ऊपर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला में भागोडीह से शंखा तक फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण का कार्य भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा किया जा रहा है। निर्माण कार्य में कंपनी द्वारा घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य के दौरान कंपनी ने बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में बीएसएनल टावर के पास सड़क किनारे लगे एक चापानल के ऊपर ही मिट्टी - मोरंग डंप कर दिया,जिससे चापानल जमींदोज हो गया। पेयजल के लिये इस चापानल पर दर्जनों परिवार निर्भर थे। इसके अलावा काफी संख्या में राहगीर भी इसी चापानल पर आश्रित थे। चापानल के जमींदोज होने पर ग्रामीणों व राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है जिससे ग्रामीण भारत वाणिज्य कंपनी पर आक्रोशित हैं।

### गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना क्षेत्र के गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल पचकेड़िया में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सभी बच्चे अपने अभिभावक के साथ स्कूल आये थे। क्लास एक में छात्र आदर्श राज 82.3%, दूसरी क्लास के छात्रा नीतू कुमारी 82.2%, तीन के प्रिया वर्मा 82 प्रतिशत, चार के छात्रा 71.5%, पांच के छात्र बादल कुमार ने 77% अंक प्राप्त कर टॉपर रहे। स्कूल के निदेशक नरेंद्र वर्मा ने कहा कि शिक्षकों व अभिभावकों के नेतृत्व में विद्यार्थियों के परिश्रम का परिणाम बेहतर रिजल्ट रहा है। मौके पर सहायक शिक्षक सुजीत कुमार, सत्येंद्र कुमार, रवि कुमार, मंटु कुमार भी थे।

# पुलिस ने अपहृत नाबालिग बच्ची के अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता में जानकारी देते सदर थाना प्रभारी।

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी भरत राम ने अपने नाबालिग बच्ची के अपहरण होने का आवेदन थाना में दिया था। जिस पर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिक बच्ची के अपहरणकर्ता गौरव कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिक बच्ची के पिता द्वारा अपहरण किये जाने का आवेदन दिया गया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के घर से नाबालिग बच्ची को बरामद किया गया। साथ ही गौरव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि अपहरण के घटना को 21 मार्च को अंजाम दिया गया था। जबकि गिरफ्तारी व बरामदगी दो अपैल को किया गया। इसमें आगे का अनुसंधान कार्य प्रारंभ है। छापेमारी अभियान में एएसआई भरत समाड़ भी शामिल थे।

# झामुमो युवा नेता दीपक तिवारी ने सदर थाना प्रभारी को किया सम्मानित

■ शांतिपूर्ण व अपराध मुक्त व्यवस्था से विकास को मिलेगा बढ़ावा : दीपक तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सम्मानित करते दीपक तिवारी।

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के युवा नेता दीपक तिवारी ने आज सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता को चुनरी ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर दीपक तिवारी के साथ समाजसेवी सतीश कुमार सिंह भी शामिल थे। इस अवसर पर दीपक तिवारी ने थाना प्रभारी से उम्मीद जताया कि अपने अच्छे कार्यशैली से क्षेत्र में अपराध मुक्त और शांतिपूर्ण व्यवस्था बनायेंगे। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और अपराधमुक्त व्यवस्था से विकास को बढ़ावा मिलती है। यह होने से थाना क्षेत्र के लोग सुरक्षित महसूस करेंगे और बिना किसी दबाव एवं डर -भय के निर्भिकता पूर्वक अपनी व्यवसाय व कार्यों पर ध्यान देते हुए गति प्रदान करेंगे। शांतिपूर्ण व्यवस्था से पुलिस प्रशासन पर लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा। उन्होंने संतोष गुप्ता से थाना प्रभारी के पद पर रहकर अपने क्षेत्र अंतर्गत अपराध पर अंकुश लगाने एवं गैर कानूनी कार्यों की रोकथाम को लेकर तत्पर रहने, अपनी कार्यशैली, कुशल नेतृत्व और लोगों के साथ आपसी समन्वय रखकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। अपराध नियंत्रण में अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए मामलों को समन्वय से सुलझाने और अपराध मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने की उम्मीद जताई। दीपक तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन नेतृत्व की सरकार पूरे राज्य को अपराध मुक्त बनाने और शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाने को लेकर कार्य कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह संभव हो सकेगा। थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने भी आश्वस्त किया कि गैर कानूनी कार्य करने वालों पर नियमानुकूल कार्रवाई होगी। कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

# व्रतियों ने डूबते सूरज को दिया अर्घ्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन गुरुवार को व्रतियों ने पहला अर्घ्य दिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गढ़वा शहर और आसपास के जलाशयों के किनारे डूबते सूर्य को जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के अंतिम दिन शुक्रवार की सुबह व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे। छठ पर्व के आयोजन को लेकर स्टूडेंट क्लब और फ्रेंड्स क्लब द्वारा दानरो नदी छठ घाट पर विशेष तैयारियां की गईं। रोशनी, सफाई, थाला निर्माण, रहने की व्यवस्था, और स्नान के लिए झरने की सुविधा सहित सभी जरूरी इंतजाम किए गए, ताकि व्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो। स्टूडेंट क्लब के संरक्षक विनोद जायसवाल ने बताया कि वर्ष में दो बार मनाए जाने वाले इस पर्व के दौरान क्लब हर संभव सुविधा उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि 1984 में स्टूडेंट क्लब ने पहली बार दानरो नदी छठ घाट पर मेले की शुरूआत की थी। उस समय मेदिनीनगर से बैलगाड़ी के जरिए जनरेटर मंगवाकर रोशनी की व्यवस्था की गई थी, क्योंकि गढ़वा में किराये पर जनरेटर उपलब्ध नहीं था। क्लब ने तब से लेकर अब तक व्रतियों की सुविधा के लिए लगातार कार्य किया है। घाट को समतल करने के लिए बालू भरा जाता है और मजदूरों से एक-एक कंकड़ हटवाया जाता है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। क्लब का प्रयास है कि हर साल छठव्रतियों को पहले से बेहतर सुविधाएं मिलें।


डूबजे सूर्य को अर्घ्य देती छठ व्रति

# गेहूं के बोझे में लगी आग, दो घर जलकर खाक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला गांव निवासी युनूस अंसारी के खलिहान में रखे गेहूं के बोझे में आग लग गई। घटना बुधवार रात्रि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूनुस अंसारी ने बताया कि गेहूं के फसल की कटाई कर घर के सटे खलिहान में रखे थे, तभी अचानक आग लग गई और आग लगने से उसकी लपटे से घर में भी आग लग गई। जिससे दो घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसने यह भी बताया कि मेरे घर के कोई भी सदस्य घर के अंदर नहीं थे। उसने बताया कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है। आग लगने वाले को मैं चिन्हित कर लिया हूं। ज्ञात हो कि युनुस काफी निर्धन व बेरोजगार व्यक्ति है। वह फेरी कर अपने बाल बच्चों का भरण पोषण करता है। उसने बताया कि लगभग 10 से 12 क्विंटल गेहूं व घर का सामान जलकर खाक हो गया है। लगभग पचास हजार रुपए की संपत्ति बर्बाद हो गई। उसने अंचल अधिकारी से आपदा विभाग द्वारा मुआवजे की मांग की है।


घर में लगी आग

## स्पीड न्यूज

### दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विदाई समारोह

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में सत्र 2023-25 और 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने 2022-24 के प्रशिक्षुओं को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि जीवन का यह अंतिम पड़ाव नहीं है, यह तो जीवन का प्रारंभ है। आप शिक्षक बनने के मार्ग पर अग्रसर हैं। शिक्षक समाज को दिशा प्रदान करता है। आप भी समाज को नई राह पर चलने की प्रेरणा देंगे। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पीएलवी ने बनवाया मृत्यु व आय प्रमाण पत्र

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी जागरूकता अभियान के दौरान जूलियानी एक्का से मिले। उनके पति स्व. महावीर कुजूर जो अनुसूचित जनजाति परिवार से आते हैं कुछ वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। मगर अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना था। जूलियानी के बताया कि न तो बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बना है, न ही आय प्रमाण पत्र बन पा रहा था। उन्होंने इसका लिखित आवेदन आवेदन पीएलवी राजेश कुमार चौधरी को दी। जिसके बाद पीएलवी ने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया। फिर आय प्रमाण पत्र बनावाया। साथ ही दोनों बच्चों के हित के लिए गांव स्पॉन्सरशिप योजना के लिए आवश्यक दस्तावेज ले कर आगे की प्रक्रिया तेज कर दी है। पीएलवी ने बताया कि निश्चित ही इनके परिवार तक न्याय की किरण जल्द पहुंचेगा। जिसके लिए कार्य किया जा रहा है।

### अवैध बालू लदा टिपर जप्त

**रमना।** रमना पुलिस द्वारा अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। रमना प्रखंड में बेखौफ अवैध बालू का परिवहन एवं विक्रय से सरकार को राजस्व को भारी नुकसान तो हो ही रहा है साथ ही लोगो का रात्रि में चैन से सोना भी मुश्किल हो गया है। शाम होते ही अवैध बालू कारोबारियों का परिवहन शुरू होता है, जो सुबह के सात बजे तक चलता है। रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार ने गष्ती के दौरान एक टिपर आते हुए देखा, जिसको रोक कर जांच किया तो बालू लदा पाया गया। बालू परिवहन संबंधित कागजात मांगा गया तो टिपर चालक सह गाड़ी मालिक द्वारा कोई भी बालू परिवहन संबंधित कागजात नहीं दिया जा सका इस कारण बालू लदे टिपर को जप्त कर थाना लाया गया।

### घर में लगी आग, सामान जलकर खाक

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चपरी निवासी शंभू साह के घर में आग लगने से घर में रखा मां के भोज के लिए सामग्री जल कर खाक हो गया। थाना में दिए आवेदन में शम्भू ने उल्लेख किया है कि दो अप्रैल के करीब एक बजे अचानक मेरे घर में आग लग गया। इस दौरान मां के भोज के लिए रखे सामग्री डालडा, रिफाइन, चीनी, बेसन, मैदा सहित घर में रखे अन्य सामान सहित करीब दो लाख पचास हजार का संपति जल गया। आग को ग्रामीणों के सहायता से किसी तरह बुझाया गया।

### विषैला जंतु के काटने से किशोर की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला गांव के बथान टोला निवासी नईम अंसारी के नौ वर्षीय पुत्र सकीब अंसारी की मौत विषैला जंतु के काटने से हो गई। जानकारी के अनुसार पंद्रह दिन पूर्व सकीब अपने साथियों के साथ जंगल में महुआ चुनने जंगल गया था, वहां उसे विषैले जंतु ने काट लिया जहां उसे पता नहीं चल पाया। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई और उसके पांव फूलने लगे। तभी आनन फानन में उसके परिजन इलाज करने के लिए अस्पताल ले गए जहां उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में डीसी के साथ छठ व्रतियों ने

# अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दौरान प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में सैकड़ो की संख्या में निराहार व्रतियों ने छठ महाव्रत का सामूहिक महाअनुष्ठान किया। इस दौरान गुरुवार की संध्या अस्ताचलगामी सूर्य को सभी व्रतियों के साथ जिला के प्रशासनिक प्रमुख डीसी शेखर जमुआर ने भी भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य से संपूर्ण गढ़वा जिला एवं जिलावासियों के लिए अमन चैन एवं सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही सैकड़ो कठिन व्रत धारी छठ व्रतियों ने बारी-बारी से अर्घ्य प्रदान किया। विभिन्न फलों एवं अगरौटा, अक्षत, फूल, धूप, दीप से सजे हुए पांच एवं सात की संख्या में सूप लेकर प्रदक्षिणा करते हुए पुरोहित के द्वारा ह्लएही सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते अनुकंप्यम मां भक्त्या ग्रहाणार्घ्य दिवाकर मंत्र के उच्चारण के साथ सबों ने तमाम जीवों के उद्गम साक्षात देव शक्ति भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया। मौके पर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह भी मौके पर मौजूद थे। उन्होंने जिला के उपायुक्त को छठ घाट के साथ-साथ मेला मैदान, नौ विभिन्न मंदिरों आदि को दिखाकर इस स्थल के विकास को लेकर चर्चा की। उपायुक्त ने इस दिशा में सकारात्मक पहल किए जाने की बात कही। कहा कि यह बहुत ही रमणीक स्थल है। इसका निश्चित रूप से विकास किया जाएगा। मालूम हो कि विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने झारखंड विधानसभा सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल को अपग्रेड करने के साथ-साथ इसके सर्वांगीण विकास का मामला उठाया था। मौके पर बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय, नवल किशोर तिवारी, समिति के कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे, विधायक प्रतिनिधि आतिश कुमार सिंह, विकास उपाध्याय, रघुनंदन राम, जय किशुन राम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।


अर्घ्य दिलाते डीसी व विधायक

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया गया संपूर्ण सुंदरकांड पाठ

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में गुरुवार को प्रांतीय योजनानुसार संपूर्ण सुंदर कांड का सस्वर पाठ के पश्चात हवन पूजन किया गया। विद्यालय में नवीन सत्र का शुभारंभ करने के पूर्व धार्मिक वातावरण बनाने के लिए यह पूजन विधि अपनायी जाती है। सुंदर कांड पाठ का उच्चारण से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। मंत्रोच्चारण से विद्यालय के अगल बगल के क्षेत्रों में एक नयी ऊर्जा का संचार होने लगता है, जिससे नवीन सत्र का अध्ययन अध्यापन में एक नई उमंग भरता है। नरेन्द्र पाठक के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवायी गयी, वहीं मुख्य यजमान विद्यालय के प्रधानाचार्य जयंत कुमार रहे। सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के संरक्षक बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, आचार्य अजीत चौबे, रीता चौबे, नीता गुप्ता, बहन सोनाक्षी यादव, स्नेहा रानी, लक्ष्मी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, संध्या कुमारी, नितेश यादव ने पूरे मनोयोग के साथ सक्रिय भूमिका निभाई।

# विधायक ने किया शारदा पब्लिक स्कूल का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना से महज 700 मीटर दूर करमडीह अंतर्गत शारदा पब्लिक स्कूल का विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर, केक काटकर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। स्कूल उद्घाटन के बाद विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अच्छे-अच्छे विद्यालय खुलने से क्षेत्र की तरक्की हो रहा है। अच्छे विद्यालय खुलने से यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस क्षेत्र के लोगों को पास के ही शारदा पब्लिक स्कूल में अच्छा शिक्षा मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर विद्यालय में बेहतर व्यवस्था और शिक्षा दिया जाएगा तो और विकास करेगा और यहां के भी बच्चे उच्च शिक्षा पाकर आगे बढ़ेंगे। विद्यालय के डायरेक्टर अनुराग सिंह ने कहा कि शारदा पब्लिक स्कूल में नर्सरी से 5 क्लास तक के बच्चों के लिए एडमिशन जारी है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में बाहर के शिक्षक रहेंगे और उच्च शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में हर तरह के फैसिलिटी दिया जाएगा। प्रिंसिपल धीरज चौधरी ने कहा कि आसपास के विद्यालय से यहां सीबीएसई पैटर्न के द्वारा बेहतर शिक्षा दिया जाएगा। मौके पर शंकर सिंह, विजय प्रसाद सिंह, ललन प्रसाद सिंह, रामजस सिंह, सीधी सिंह, ददन प्रसाद सिंह, दीनानाथ प्रसाद, प्रवीण सिंह, अनिल ठाकुर, दुर्गेश सिंह, शिक्षक पूजा, सबरीन, मधु, फलक, पंकज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


उद्घाटन करते विधायक

### राम दरबार की आरती में उमड़े श्रद्धालु


मौके पर समाजसेवी राकेश पाल

**गढ़वा।** सत्य सनातन संघ हूर मधेया के तत्वावधान में श्री रामनवमी एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भव्य पूजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिन की संध्या युवा समाजसेवी राकेश पाल ने रामलीला मंच पर उपस्थित होकर श्रद्धा और भक्ति के साथ राम दरबार की आरती की। मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है और हमारी संस्कृति को मजबूती मिलती है। उन्होंने काशी से पधारे आचार्य आशीष वैद्य महाराज का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने बहुमूल्य समय से इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर संघ के अध्यक्ष पंकज तिवारी, शैलेश तिवारी, विकास तिवारी, अभिषेक चौबे, सत्येंद्र चौबे, अमित चौबे, बिट्टू चौबे, राजू चौबे, राजन चौबे, सत्या तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भगवान राम और कृष्ण के जन्मोत्सव में झूमे भक्त, जमकर उड़े गुलाल

**गढ़वा।** श्री रामलला मंदिर परिसर बुधवार को गुलजार था। श्री रामनवमी महोत्सव 2025 के तहत आयोजित श्री रामचरित मानस पाठ और अमृत उद्बोधन के छठे दिन भगवान राम और भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसकी जानकारी देते हुए श्री रामलला मंदिर समिति के सचिव धनंजय सिंह ने बताया कि इसे लेकर मंदिर और मंदिर परिसर को विशेष तौर पर सजाया गया था क्योंकि आज राम और कृष्ण दोनों बाल रूप में आने वाले थे। उनके लिए 200 से अधिक खिलौने मंगाए गए थे। रंग बिरंगी लाइट और बैलून से स्थल को सजाया गया था। प्रसाद के रूप में मधुर भोज्य खीर की व्यवस्था अपने वरिष्ठ सदस्य विश्वनाथ सिंह की ओर से की गई थी। भगवान का जन्म होते ही भक्तजनों की खुशियां आसमान छूने लगी। देखते ही देखते पूरा मंदिर परिसर खुशियों से सराबोर हो गया। अबीर गुलाल की वर्षा शुरू हो गई। भक्ति गीतों पर भक्तों ने जी खोलकर नृत्य किया। भगवान के दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ गया। सुंदर, मोहक, आकर्षक और प्रेरणादाई भगवान के दर्शन होते ही कईयों की आँखें भर आई। लला को अपने समीप पाकर भक्तगण अनंत खुशियों ने डूब गए। अंत में भगवान के लिए खीर प्रसाद का भोग लगाया गया। खीर प्रसाद के वितरण के साथ जन्मोत्सव का समापन हुआ।

**आचार्य ने दिया मयार्दा पालन का संदेश :** इस मौके पर वृन्दावन से पधारे आचार्य श्री संजय कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान राम यानि राघवेंद्र सरकार मयार्दा पुरुषोत्तम हैं तो भगवान कृष्ण लीला पुरूषोतम हैं। राम ने किया वो हम कर सकते हैं। क्योंकि उन्होंने कभी नहीं कहा कि मैं भगवान हूं। उन्होंने भू धरा पर वही किया जो एक मनुष्य को अपने मयार्दा में रहकर करना चाहिए। उनकी मयार्दा ही उन्हें भगवान का रूप प्रदान कर दिया। दूसरी तरफ भगवान कृष्ण ने एक ही बार में अपनी 16108 रानियों के साथ रास रचाया था। जो आप नहीं कर सकते हैं। घर में पत्नी के बजाय किसी और के साथ मजाक मात्र से महाभारत छिड़ जाती है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने कई रूपों का दर्शन देकर समझाया कि वह भगवान है। सारी सृष्टि उन्हीं में समाहित है। इस कार्य को भी हम नहीं कर सकते। इसलिए राम के आदर्शों को ही अपने जीवन में उतारें। क्योंकि राम और कृष्ण अलग नहीं हैं। अलग-अलग काल परिस्थिति के अनुसार भगवान का अवतार होता रहता है। इस बात को कभी मन ने न बैठाए कि केवल राम की पूजा करेंगे तो भगवान कृष्ण या अन्य देवता नाराज हो जायेंगे। चाहे आप जिस अवतार को पूजें भगवान अपनी कृपा देने में कोई भेदभाव नहीं करेंगे। इस मौके पर संगीतकार धनजी शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की ऐसी समा बांधी कि 70-80 वर्ष के बुजुर्ग महिला पुरुष भक्त भी अपने आप को झूमने से नहीं रोक सके। इस जन्म महोत्सव में श्री रामलला मंदिर समिति के सुदर्शन सिंह, बैजनाथ त्रिपाठी सहित एक हजार से अधिक भक्तगण उपस्थित थे।


प्रवचन करते आचार्य श्री संजय कृष्ण शास्त्री


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/gmsp.jbvnl@rediffmail.com

**1st Time Extension Notice**

Last date of uploading of bid documents, last date of physical submission of tender fee and bid opening date of following tender notice no. is hereby extended as below :-

| Sl. No. | NiTs No. | Extended online bid uploading/ submission end date | Last date of online submission of tender fee and EMD | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 354/PR/JBVNL/2024-25 HT & LT winding machine | 15.04.2025 upto 18:00 Hrs | 15.04.2025 upto 18:00 Hrs. | 16.04.2025 upto 18:00 Hrs. |

Further details against the above NIT can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 09431135523 / 9430348596/ NIC helpline No. 0651-2400178. Only online payment mode of submission of Tender Fee & EMD will be accepted.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 347965

Sd/-
General Manager (S&P)
JBVNL

PR 349661 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**
**E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा NG PROJECTS LIMITED, NG Circle, Mehtapura, Himmat Nagar, Gujrat को इस प्रेस विज्ञप्ती के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, गढ़वा अन्तर्गत नगरउंटारी–धुरकी–अम्बाखोरिया पथ के कि0मी0 0.00 से 24.940 कि0मी0 तक के पुनर्निर्माण कार्य, जिसका एकरारनामा सं0 02 SBD/19-20 एवं दिनांक 21.10.19 द्वारा आवंटित था एवं कार्य पूर्णता की तिथि दिनांक–20.04.2024 थी। परन्तु इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद भी वर्तमान अवधि उपरांत भी उक्त कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय–समय पर विभिन्न पत्रों द्वारा दिये गये निर्देश के बावजूद भी पथ योजना कार्य को पूर्ण करने हेतु समुचित प्रयास नहीं किया गया एवं मनमाने ढंग से कार्य निष्पादन कर, अपने हीं द्वारा पूर्व में प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित, विभिन्न पुनरीक्षित कार्य–योजना (Revised Work Programme) का भी बारंबार उल्लंघन कर कार्य एकरारनामा के शर्तो का उल्लंघन किया गया एवं अद्यतन दिवस तक वर्णित पथ कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है, कि यथाशीघ्र लंबित अवशेष पथ कार्य को दिनांक 10.04.2025 तक हर–हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा पुल/पुलिया कार्य दिनांक 31.05.2025 तक पूर्ण कर दें, अन्यथा बाध्य होकर वर्णित कार्य की अंतिम मापी विभागीय अभियंताओं द्वारा लेते हुए योजना को Rescind कर दिया जाएगा एवं आपके विरूद्ध एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में तत्संबंधी समस्त कार्रवाई प्रारंभ कर, नियमानुसार जमानत की राशि जब्त कर लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 349604 (Road)24-25*D



**पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची**

**-: आवश्यक सूचना :-**

इस वर्ष रामनवमी (श्री राम जन्मोत्सव) का पवन पर्व दिनांक 06.04.2025 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। दिनांक 05.04.2025 को राँची शहर के विभिन्न अखड़ों से संध्या में झांकियाँ निकाली जाती है। रामनवमी का मुख्य शोभा यात्रा जुलूस दिनांक 06.04.2025 को निकाली जायेगी। इसके साथ दिनांक 07.04.2025 को चैती दुर्गाजी का विसर्जन कार्यक्रम भी निर्धारित है। उक्त अवसर पर राँची शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था निम्नवत होगी :–

➢ दिनांक 05.04.2025 के लिए यातायात व्यवस्था :–

1. दिनांक 05.04.2025 को समय 04:00 बजे अपराह्न से दिनांक 06.04.2025 के पूर्वाह्न 06:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में बडी वाहनों का प्रवेश निशेध रहेगा। सभी प्रकार के बडी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होगें।
2. दिनांक 05.04.2025 को छोटा मालवाहक वाहन शाम 05:00 बजे से 12:00 बजे रात्रि तक परिचालन वर्जित रहेगा।
3. दिनांक 05.04.2025 को संध्या 04:00 बजे से दिनांक 06.04.2025 के पूर्वाह्न 06:00 बजे तक किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक एवं सुभाश चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

➢ दिनांक 06.04.2025 के लिए यातायात व्यवस्था :–

1. दिनांक 06.04.2025 को प्रातः 08:00 बजे से दिनांक 07.04.2025 के प्रातः 04:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में बडी वाहनों का प्रवेश निशेध रहेगा। सभी प्रकार के बडी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होगें।
2. दोपहर 12:30 बजे से रात्रि 12:30 बजे तक सभी छोटे मालवाहक वाहनों का परिचालन शहर में वर्जित रहेगा।

➢ दिनांक 06.04.2025 को निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गों में अपराह्न 13:00 बजे से जुलूस समाप्ति तक निम्न प्रकार होगा :–


1. किशोरी यादव चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक एवं सुभाश चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
2. एस0एस0पी0 आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा।
3. सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे एवं उसी जगह से अन्य मार्गो पर संचालित होगें।
4. जाकिर हुसैन पार्क से कमिशनर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा।
5. पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिशनर चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
6. चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
7. प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
8. पुरुलिया रोड से सर्जना चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
9. एस0एन0 गांगुली रोड/विष्णु गली/बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगो।
10. चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
11. उल हाउस के पास मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
12. कर्बला चौक से रतन पी0पी0 के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
13. पी0पी0 कम्पाउण्ड से सुजाता चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनो का परिचालन वर्जित रहेगा।
14. चुटिया बाजार रोड में दोनों तरफ से वाहनो का परिचालन वर्जित रहेगा।
15. राजेन्द्र चौक से ओवर ब्रीज, सुजाता चौक की ओर सभी प्रकार के सामान्य वाहनो परिचालन वर्जित रहेगा।
16. पिस्का मोड से रातु रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

➢ दिनांक 07.04.2025 के लिए यातायात व्यवस्था :–

1. दिनांक 07.04.2025 को प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में बडी वाहनों का प्रवेश निशेध रहेगा। सभी प्रकार के बडी वाहन रिंग रोड से गंतव्य तक परिचालन होगें। साथ ही चैती दुर्गा विसर्जन के दौरान विसर्जन वाले रूट पर आवश्यकतानुसार रूट को डायवर्ट किया जायेगा।

राँची शहर के अन्य मार्गों में रामनवमी शोभा यात्रा जुलूस के अवसर पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जायेगा।

**रामनवमी को लेकर रूट चार्ट**




पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची

PR 349667 Police (25-26)_D

# मुद्रा योजना की सफलता

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अप्रैल 2015 में शुरू होने के बाद अब अपने 10 साल पूरे करने वाली है। रिपोर्ट बताती है कि इस योजना के तहत 33 लाख करोड़ के लोन बांटे गए है। वही, 10 वर्षों में 52 करोड़ से ज्यादा खाते खोले गए है। पीएमएमवाई खाताधारकों में 68% महिलाएं है। लोन, वित्त वर्ष 2024 में यह बढ़कर 27.25 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। अनुमानों के मुताबिक, यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2025 में 30 लाख करोड़ से भी ऊपर जा सकता है। योजना के पहले तीन वर्षों में बांटे गए लोन अमाउंट की औसत वृद्धि दर 33% रही, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसमें गिरावट आई। हालांकि, वित्त वर्ष 2023 में इसमें लगभग 36% की वृद्धि दर्ज की गई। औसतन प्रति ऋण राशि लगभग तीन गुना बढ़ गई है–वित्त वर्ष 2016 में जहां यह 38,000 थी। वहीं वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 72,000 और वित्त वर्ष 2025 में 1.02 लाख तक पहुंच गई है। पिछले 10 वर्षों में, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत कुल 52 करोड़ से ज्यादा खाते खोले गए हैं, जिनमें से 78% खाते शिशु श्रेणी (40 करोड़), 20% किशोर (10 करोड़) और 2% तरुण/तरुण प्लस (प्त2 करोड़) श्रेणी के हैं। दिलचस्प बात यह है कि शिशु खातों की कुल हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2016 में 93% थी, जो वित्त वर्ष 2025 में घटकर 51.7% रह गई है। वहीं, किशोर खातों की हिस्सेदारी 2016 में 5.9% थी, जो बढ़कर 2025 में 44.7% हो गई है। खाताधारकों में 50% लाभार्थी एससी, एसटी या ओबीसी वर्ग से हैं। महिला लाभार्थियों की संख्या के लिहाज से बिहार, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सबसे आगे हैं जबकि कुल महिला भागीदारी में महाराष्ट्र, झारखंड और पश्चिम बंगाल टॉप पर हैं। निश्चित ही यह मुद्रा योजना देश के निम्न और निम्न मध्यम वर्ग के लिए वरदान साबित हो रही है।

# भारत-चीन मिलकर बोले तो पूरी दुनिया को सुनना होगा

1 अप्रैल को चीन और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ थी। उतार-चढ़ाव के बावजूद, चीन-भारत संबंध हमेशा यांग्त्जी और गंगा की तरह आगे बढ़ते रहे हैं। इस असाधारण यात्रा पर पीछे मुड़कर देखें तो इसमें चार प्रेरणादायक कारक निहित हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी है। नेता और उनका मार्गदर्शन सबसे पहले, हमारे नेताओं का 'लंगर' के रूप में रणनीतिक मार्गदर्शन। पिछले 75 वर्षों में, दोनों देशों के नेताओं ने महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मोड़ पर लगातार संबंधों को आगे बढ़ाया है। 1950 में, चेयरमैन माओत्से तुंग और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया - भारत चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाला पहला गैर-समाजवादी देश था। 1988 में, प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चीन का दौरा किया और दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण की प्रक्रिया शुरू करते हुए आगे की ओर देखने पर सहमति व्यक्त की। 2013 से, राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ₹गृहनगर कूटनीति₹ और दो अनौपचारिक बैठकें कीं, जिसने संबंधों को तेजी से विकास के दौर में पहुंचा दिया। पिछले अक्टूबर में, नेताओं ने कजान में मुलाकात की और संबंधों में एक नया अध्याय खोला। दूसरा, मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान और सहयोग चीन-भारत संबंधों के 'आधारभूत ढांचे' का निर्माण करते हैं। इतिहास पर नजर डालें तो हमारी दो सभ्यताएँ जुड़वाँ कमल की तरह फली-फूली हैं, एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं और एक-दूसरे को रोशन करती हैं। हमारे दोनों लोगों ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता और मुक्ति के संघर्ष में एक-दूसरे के साथ सहानुभूति और समर्थन किया है। रवींद्रनाथ टैगोर और डॉ. कोटनीस चीन-भारत मैत्री के शाश्वत प्रतीक बन गए हैं। सदी की शुरूआत से ही चीन और भारत ने शांति और समृद्धि के लिए रणनीतिक और सहयोगात्मक साझेदारी बनाई है। इन महत्वपूर्ण ढाँचों के अंतर्गत सभी स्तरों पर और विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 संवाद तंत्र स्थापित किए गए हैं। द्विपक्षीय व्यापार की मात्रा $3 बिलियन (2000) से बढ़कर $138.5 (2024) हो गई है। संस्कृति, शिक्षा, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग लगातार बढ़ा है। तीसरा, संवाद के माध्यम से मतभेदों को पाटना चीन-भारत संबंधों की एकमात्र कुंजी है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, जब दो पड़ोसी देश होते हैं, तो कभी-कभी मतभेद होना लाजिमी है। यहाँ तक कि एक परिवार के भीतर भी, सब कुछ हमेशा सही नहीं होता। लेकिन हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि ये मतभेद विवाद में न बदल जाएं। दो प्राचीन सभ्यताओं के रूप में, चीन और भारत दोनों के पास संवाद के माध्यम से मतभेदों को हल करने की बुद्धि और क्षमता है। इतिहास से बचे सीमा प्रश्न का सामना करते हुए, उन्होंने चीन-भारत सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र जैसे संचार चैनल स्थापित किए हैं, और उचित समाधान खोजने का प्रयास किया है। पिछले साल के अंत में, दोनों पक्षों ने गहन बातचीत के माध्यम से सीमा स्थिति को वापस शांति की ओर धकेल दिया। चौथा, दुनिया के भविष्य के लिए काम करना संबंधों का महत्वपूर्ण मिशन है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एक बार कहा था, अगर चीन और भारत एक स्वर में बोलेंगे, तो पूरी दुनिया सुनेगी; और अगर हम हाथ मिलाते हैं, तो पूरी दुनिया ध्यान देगी। ऐतिहासिक रूप से, दोनों देशों की कुल आर्थिक मात्रा लंबे समय से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा हिस्सा रही है, जो मानव प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देती है। राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद, चीन और भारत ने संयुक्त रूप से शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों की वकालत की, और एशियाई और अफ्रीकी देशों की स्वतंत्रता और एकता को बढ़ावा दिया। ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और जी-20 जैसे बहुपक्षीय तंत्रों के महत्वपूर्ण सदस्यों के रूप में, चीन और भारत को विकासशील देशों के अधिकारों और हितों की रक्षा करने और बहुपक्षवाद को बनाए रखने की साझा ज़िम्मेदारियाँ लेनी चाहिए। जमीनी स्तर पर, केवल दो प्रमुख विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधियों के रूप में, चीन-भारत संबंध दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में से एक बन गए हैं। द्विपक्षीय संबंधों का सुदृढ़ और स्थिर विकास दोनों देशों के लोगों के मौलिक हितों की पूर्ति करता है, क्षेत्रीय देशों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करता है और विश्व शांति, विकास और समृद्धि के लिए अनुकूल है। हाल ही में, चीन और भारत ने दोनों देशों के नेताओं द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण सहमति को लागू किया है। दोनों विदेश मंत्रियों ने बहुपक्षीय अवसरों पर कई बार मुलाकात की है। चीन-भारत सीमा प्रश्न पर 23वीं विशेष प्रतिनिधियों की बैठक और उप मंत्री-विदेश सचिव वार्ता क्रमिक रूप से आयोजित की गई है, जिसमें आम सहमति के कई बिंदु सामने आए हैं। दोनों पक्ष आपसी चिंता के मुद्दों पर संवाद बनाए रखते हैं। द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार सहयोग में अच्छी गति है। लोगों के बीच आदान-प्रदान बढ़ रहा है।

इस वर्ष की पहली तिमाही में भारत में चीनी दूतावास और महावाणिज्य दूतावासों ने भारतीय नागरिकों को 70,000 से अधिक वीजा जारी किए हैं। ये आंकड़े दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान और सहयोग के लिए मजबूत प्रेरणा को पूरी तरह से प्रदर्शित करते हैं। यह साझा इच्छा है।



> राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एक बार कहा था, अगर चीन और भारत एक स्वर में बोलेंगे, तो पूरी दुनिया सुनेगी; और अगर हम हाथ मिलाते हैं, तो पूरी दुनिया ध्यान देगी। ऐतिहासिक रूप से, दोनों देशों की कुल आर्थिक मात्रा लंबे समय से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा हिस्सा रही है, जो मानव प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देती है। राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद, चीन और भारत ने संयुक्त रूप से शांतिपूर्ण सह–

\- मुरलीधर

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

– अमृतलाल रांची

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

– राजेश चौहान, कोडरमा

## ट्वीट

हर खेत को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ झारखंड में किसान समृद्धि योजना की शुरूआत हो गई है . 90 प्रतिशत अनुदान पर किसान इस योजना का लाभ उठा सकते है , मतलब मात्र 18 हजार 175 रुपए के अंशदान से किसान इस योजना का लाभ आसानी से ले सकते है . सौर ऊर्जा से संचालित पंप से खेत में लगे फसल का पटवन आसानी से संभव होगा . लाभुक इस योजना का लाभ ले कर पटवन के लिए अब तक किए जा रहे खर्च की बचत कर सकते है . झारखंड में ये पहला मौका है जब किसान समृद्धि योजना के धरातल पर उतरने से किसानों के चेहरे पर खुशी को महसूस किया जा सकता है ।

– शिल्पी नेहा तिर्की मंत्री

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# वर्चस्व पर संकट का कवच बनती हिंदी विरोध की राजनीति

## सामयिक

यह तर्क दिया जाता रहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में भारत में शिक्षा प्रणाली अपने रास्ते से भटक गई है। वास्तव में, सच्चाई इससे ज्यादा दूर नहीं हो सकती। जिस देश ने पिछली सरकारों द्वारा शिक्षा प्रणाली की घोर उपेक्षा देखी है, वह इस अप्रिय सच्चाई से गहराई से वाकिफ है। जहाँ दुनिया भर के राष्ट्र तेजी से विकसित हो रही दुनिया के लिए शिक्षा की फिर से कल्पना कर रहे थे, वहीं भारत का शैक्षिक ढाँचा समय के साथ-साथ अटका रहा, जिसमें 1986 में अंतिम प्रमुख नीतिगत अपडेट था, जिसे 1992 में मामूली रूप से संशोधित किया गया था। यह औपनिवेशिक मानसिकता को जानबूझकर बनाए रखने का एक कदम था, जिसके साथ-साथ दुनिया में हो रहे तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों से देश को अलग रखने का एक कदम था। पिछली नीतियाँ कैसी थीं? भ्रष्टाचार और शासन संबंधी निर्णय देश के शैक्षिक अतीत की पहचान थे। सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को व्यवस्थित रूप से धन की कमी थी। अनियमित निजी संस्थान डिग्री मिलों में बदल गए। जो लोग चुनिंदा भूलने की बीमारी से मुकदमा करते हैं, उन्हें 2009 के कुख्यात डीम्ड यूनिवर्सिटी घोटाले की याद दिलानी चाहिए - बिना उचित मूल्यांकन के 44 निजी संस्थानों को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया, जिनमें से कई वित्तीय अनियमितताओं के दोषी पाए गए। शिक्षा में राजनीतिक हस्तक्षेप व्याप्त था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद उत्कृष्टता के प्रवर्तक के बजाय नियंत्रण के साधन बन गए। विश्वविद्यालयों में नेतृत्व की नियुक्तियाँ राजनीतिक निष्ठा के आधार पर होती थीं। पाठ्यपुस्तकों में शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, वीर सावरकर और अन्य क्रांतिकारियों के योगदान को जानबूझकर कम करके आंका गया जबकि विदेशी आक्रमणों के बारे में असहज ऐतिहासिक सत्यों को दशार्या गया। पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए ऐतिहासिक आख्यानों को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। भारत की विविध सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपराओं को व्यवस्थित रूप से हाशिए पर रखा गया। इन सभी ने एक ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाने में योगदान दिया जो भारत के गौरवशाली अतीत से कटी रही और सभ्यतागत लोकाचार से रहित रही। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस अपमानजनक अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारत के नीति इतिहास में सबसे व्यापक लोकतांत्रिक परामर्श का उत्पाद है। पहुँच, समानता, गुणवत्ता, वहनीयता और जवाबदेही के पाँच स्तंभों पर आधारित, ठएढ 2020 लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के भविष्य के लिए एक नीति है। इसका मुख्य उद्देश्य सशक्तिकरण और परिवर्तन है। इसका एक प्राथमिक उद्देश्य केंद्रीकृत, कठोर और अभिजात्य ढाँचों से विरासत में मिली संरचनात्मक असमानताओं को ठीक करना है। इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के साथ, 2014-15 से उच्च शिक्षा में अनुसूचित जातियों (रउ) के नामांकन में 50%, अनुसूचित जनजातियों (रळ) में 75% और अन्य पिछड़े वर्गों में 54% की वृद्धि हुई है। महिला सशक्तिकरण इन सुधारों के केंद्र में है। सभी श्रेणियों में महिला नामांकन में 38.8% की प्रभावशाली वृद्धि हुई है, जो 2022-23 में 2.18 करोड़ को पार कर गया है। मुस्लिम अल्पसंख्यक छात्रों में, महिला नामांकन में 57.5% की वृद्धि हुई है। बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों के प्रदर्शन में लगातार सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा में, महिलाओं के बीच पीएचडी नामांकन में 135% की भारी वृद्धि हुई है। आज, उच्च शिक्षा रळएटट (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और चिकित्सा) के क्षेत्र में महिलाएँ 43% हैं, इस प्रकार पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में कांच की छत को तोड़ दिया है। महिला शिक्षक अब शिक्षण कार्यबल का 44.23% हिस्सा हैं, जो 2014 में 38.6% था, इस प्रकार अकादमिक नेतृत्व परिदृश्य को बदल रहा है। डेटा भारत के पारिस्थितिकी तंत्र में एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें महिलाएं भारत की बौद्धिक यात्रा में अपना सही स्थान पुनः प्राप्त कर रही हैं। ये लाभ प्राथमिकताओं में एक मौलिक बदलाव को दशार्ते हैं। प्रति बच्चा सरकारी व्यय 2013-14 में ?10,780 से 2021-22 में ?25,043 तक 130% बढ़ा है। सरकार बच्चों के समग्र विकास, संज्ञानात्मक विकास और भविष्य की शिक्षा के लिए प्रारंभिक बचपन की शिक्षा और बुनियादी शिक्षा और संख्यात्मकता को प्राथमिकता दे रही है। सरकारी स्कूलों को आधुनिक बुनियादी ढांचे, समग्र शिक्षाशास्त्र और अन्य सहायता प्रणालियों के साथ उन्नत किया जा रहा है। ठोस प्रयासों से स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या और ड्रॉप-आउट दरों में भी कमी आई है। छात्र-शिक्षक अनुपात में सुधार हुआ है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सीखने के परिणामों में लगातार सुधार हो रहा है। एनईपी 2020 ने मिडिल स्कूल से कोडिंग, समस्या-समाधान के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण और ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार केंद्र जैसे भविष्य के तत्वों को पेश किया है। 10,000 से ज्यादा अटल टिंकरिंग लैब (अळछ) जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। सरकार ने अगले पाँच सालों में स्कूलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ 50,000

# धरती नहीं, चंद्रमा पर मंडरा रहा खतरा!

## अंतरिक्ष


### 2032 में चांद से टकरा सकता है 10-मंजिला इमारत जितना बड़ा एस्टेरॉयड, नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप का बड़ा खुलासा

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (खहरळ) की मदद से नासा के वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि 2024 वाईआर नामक एस्टेरॉयड का साइज किसी 10 मंजिला इमारत जितना है.

2032 में चंद्रमा से टकराने की संभावना 3.8% है, एस्टेरॉयड 2024 को लेकर बड़ा अपडेट आया है. ठअरअ ने हाल ही में इसके साइज को पता लगाया है. यह करीब 10 मंजिला इमारत जितना बड़ा है. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप डेटा से एस्टेरॉयड 2024 फ4 के चंद्रमा से टकराने की संभावना को लेकर नई जानकारी मिली. दिसंबर 2024 में खोजे गए इस नियर-अर्थ एस्टेरॉयड को पहले पृथ्वी के लिए कोई बड़ा खतरा नहीं माना गया था, लेकिन नए डेटा से पता चला है कि यह चांद से टकरा सकता है.

### एस्टेरॉयड 2024 : क्या है नया अपडेट?

नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से मिले इन्फ्रारेड डेटा के अनुसार, इस एस्टेरॉयड का आकार 174-220 फीट (53-67 मीटर) है, जो 10 मंजिला इमारत के बराबर है. पहले इसका आकार 131-295 फीट (40-90 मीटर) आंका गया था।



### चांद से टकराया तो क्या होगा?

पहले इसके 22 दिसंबर 2032 को चंद्रमा से टकराने की संभावना 1.7% थी, जो अब बढ़कर 3.8% हो गई है. हालांकि, अभी भी 96.2% चांस है कि यह चांद से दूर निकल जाएगा। अगर यह एस्टेरॉयड चांद से टकराता भी है, तो इससे चंद्रमा की कक्षा में कोई बदलाव नहीं आएगा।

मध्य अप्रैल के बाद यह एस्टेरॉयड इतना दूर और धुंधला हो जाएगा कि धरती से लगे टेलीस्कोप इसे नहीं देख पाएंग। मई 2025 में ठअरअ का जेम्स वेब टेलीस्कोप इसे फिर से ऑब्जर्व करेगा और नए डेटा जारी करेगा. नासा ने साफ किया है कि 2024 पृथ्वी से नहीं टकराएगा, लेकिन वैज्ञानिक इसे लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। अगर भविष्य में कोई और एस्टेरॉयड पृथ्वी की ओर बढ़ता है, तो नासा की प्लैनेटरी डिफेंस टीम उससे निपटने के लिए तैयार है।

**पूरी दुनिया में झारखंड का छउ नृत्य प्रसिद्ध है। शिव की मुद्राओं पर इसका मंचन पूरी दुनिया में प्रसिद्धि पा रहा है। साभार– अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### सद्भावना मंच ने किया ईद मिलन



भुरकुंडा (रामगढ़)। इस्लामिया उच्च विद्यालय में बुधवार शाम सद्भावना मंच ने ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाईयां दी और अमन चैन की कामना की। गिरधारी गोप ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आपसी भाईचारा, एकता, सामाजिक समरसता, प्रेम, सद्भाव और सामाजिक न्याय का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हमसबों को सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मिल-जुलकर मनाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. एसजे अख्तर, नरेश मंडल, डॉ. मनोज कुमार, पीडी सिंह, संतोष यादव, जानकी ठाकुर, सीता राम, मुखिया विकाश पांडेय राहुल कुमार, राजकुमार नायक, नितेश सिंह, नसीम अख्तर आदि वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

### अंबा प्रसाद ने ग्रहण किया प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चैती छठ के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने दर्जनों समर्थकों के साथ बुधवार रात छठव्रतियों के घर पहुंचीं और खरना का प्रसाद ग्रहण की। इस दौरान उन्होंने व्रतियों से आशीर्वाद लिया और छठी मईया से अपने क्षेत्र की हरियाली, खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद जवाहर नगर सहित अन्य क्षेत्रों में भी गईं, जहां उन्होंने छठ पर्व पर विशेष रूप से तैयार किए गए खरना पूजा प्रसाद को ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व विधायक अंबा प्रसाद झामुमो नेता मुकेश राउत के जवाहर नगर स्थित आवास पर भी पहुंचीं, जहां उन्होंने छठ पर्व के अवसर पर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि सूर्योपासना के इस महापर्व से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। साथ ही, यह पर्व प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश भी देता है। इस अवसर पर जयंती तुरी, मुकेश राउत, मोहम्मद इमरान अंसारी सहित कई दर्जनो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### कुजू में खुले मां दुर्गा के पट



**कुजू।** चैत्र दुर्गापूजा को लेकर महाषष्ठी गुरुवार की संध्या कुजू कोयलांचल व आस पास के दुर्गा मंदिरों मां दुर्गा का पट खुलते ही श्रद्धालु उमड़ पड़े। माता के दर्शन को भक्तों का तांता लगा रहा। व्यवस्थित ढंग से पूजा करवाने को पूजा समिति भी अपने सदस्य को सक्रिय रखी हुई थी। इस दौरान श्री श्री सार्वजनिक चैत्र दुर्गा पूजा समिति, प्राचीन शिव-दुर्गा मंदिर कुजू, मुरपा मंदिर, कुजू कोलियरी, दिगवार, करमा, सांडी, तोपा, ओरला, आरा, सारूबेड़ा आदि स्थानों में महाषष्ठी में मां कात्यायनी की पूजा हुई। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सचिव अमित केशरी ने बताया कि शुक्रवार को महासप्तमी में देवी के रूप मां कालरात्रि की पूजा होगी। इससे पूर्व कलश यात्रा निकाला जाएगा। माता के दर्शन को पंडाल परिसर में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग व्यवस्था बनाई गई है। पंडाल एवं आस-पास क्षेत्रों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है। इधर पूजा पंडाल को आकर्षक लाइट व पंडाल से सजाया गया है। वही श्री श्री सार्वजनिक चैत्र दुर्गा पूजा समिति प्राचीन शिव दुर्गा-मंदिर कुजू पंडाल में देवी गीत से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है।

### व्रतियों ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य



रामगढ़। चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर शहर सहित जिलाभर में व्रतियों में उत्साह का माहौल है। महापर्व के तीसरे दिन गुरूवार को व्रतियों ने शहर के दामोदर नदी छठ घाट, बिलुलिया तालाब छठ घाट आदि स्थानो पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर खुशहाली की कामना की। वहीं, शुक्रवार की प्रातः छठ व्रती उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पारण करेंगे। इसके साथ महापर्व संपन्न हो जाएगा।

### हनुमान मंदिर में अखंड हरिकीर्तन



**कुजू।** बड़की डूंडी क्षेत्र के धवैयाडीह में गुरुवार को हनुमान मंदिर के उद्घाटन को लेकर पूजा अर्चना और 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक तिवारी महतो व जिप सदस्य तापेश्वर महतो, मुखिया रामसेवक महतो आदि शामिल हुए। इस बीच पूजा कमिटी द्वारा प्रभु श्रीराम का पट्टा देकर अतिथियों का स्वागत किया गय। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा फीता काटकर अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ किया गया। मौके पर बुटन साव, वीरेंद्र प्रसाद, राजू साव, राकेश मुंडा, गणेश महतो, भोलेश्वर महतो, जयकिशोर महतो,कृष्णा कुमार, मनोज कुमार, जीवकाल महतो, अमेरिका प्रसाद, जयनंदन महतो, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### श्रमदान से हुयी चहारदीवारी की ढलाई



**कुजू।** संकट मोचन मंदिर बरमसिया में चहारदीवारी ढलाई शुरू हुआ।दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने उत्साह के साथ माथे में कढ़ाई लेकर ढलाई में अपना हाथ बटाया। इस संबंध समिति के अध्यक्ष विनेश्वर महतो ने कहा कि चहारदीवारी के अभाव में मंदिर और इसके आस पास काफी डस्ट हो जाता था। जिसको देखते हुए लोगों ने श्रमदान कर चहारदीवारी निर्माण करने का निर्णय लिया। मौके पर विधायक तिवारी महतो, नेवालाल कुमार, रामेश्वर महतो, जयकिशोर महतो,ज्ञानी कुमार, नागेश्वर महतो, प्रकाश महतो, बैजनाथ महतो, अरुण कुमार सहित काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

# सट्टेबाजी की जाल में फंसे युवा

## आइपीएल रोमांच : रातों-रात अमीर बनने की लालसा ने गहरे दलदल में डाला

अभय कुमार सिंह




**हजारीबाग।** आइपीएल के रोमांच ने हजारीबाग के युवाओं को सट्टेबाजी की अंधेरी गलियों में धकेल दिया है। क्रिकेट के इस जुनून ने न केवल खेल प्रेमियों की धड़कनें तेज कर दी हैं, बल्कि शहर के कई युवा हाई-टेक सट्टेबाजी के चंगुल में फंस चुके हैं। रातों-रात अमीर बनने की लालसा ने इन्हें ऐसे गहरे दलदल में डाल दिया है, जहां से निकलना नामुमकिन सा लगने लगा है। कानी बाजार, दिपुगढ़ा, हरनगंज, बुच्चड़ टोली रोड और रामनगर जैसे इलाके इस अवैध कारोबार के अड्डे बन चुके हैं। सूत्रों की मानें तो इस गोरखधंधे को डिजिटल प्लेटफॉर्म का सहारा मिल रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस खेल में वो लड़के संलिप्त है जो बैंक अकाउंट हैकिंग, डिजिटल अरेस्ट और सेक्सटॉरशन जैसे अवैध कार्यो में सालो भर लिप्त रहते है और आईपीएल आते ही साटेबाजी में लग जाते है। व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप्स के जरिए रेट तय किए जा रहे हैं और पैसों का लेन-देन ऑनलाइन हो रहा है। पुलिस की सतर्कता के बावजूद यह काला खेल परवान चढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह लत न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है, बल्कि उनके परिवारों को भी आर्थिक संकट की ओर ले जा रही है। कई मामलों में कर्ज में डूबे युवा अपराध की दुनिया की ओर बढ़ते दिख रहे हैं।

**धनाढ्य परिवार के लड़के शामिल :** हजारीबाग पुलिस ने इस सट्टेबाजी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए इचाक क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही अन्य 12 लड़को पर भी मामला दर्ज किया गया है, जिसमे शहर के भी लड़के शामिल है। ये लड़के धनाढ्य है और अच्छे घरो के बताये जा रहे है। सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी श्रुति के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में पुलिस ने चतरा निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसकी जांच में खुलासा हुआ कि वह आईपीएल की वेबसाइट के जरिए करीब डेढ़ करोड़ रुपये के सट्टे का खेल संचालित कर रहा था। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। आईपीएल सट्टेबाजी का यह बढ़ता ग्राफ हजारीबाग के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि युवाओं का भविष्य इस काले जाल में न फंसे। वरना कहीं ऐसा न हो कि ये युवा जिंदगी की असली पारी खेलने से पहले ही आउट हो जाएं।

# रामनवमी में डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

## रामगढ़ के डीसी ने शांति समिति की बैठक में दिये कई निर्देश

**अफवाह से रहे सावधान, बिना पुष्टि के कोई भी पोस्ट को न करें शेयर**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामनवमी का लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुयी। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्व को भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने हेतु शांति समिति के सदस्यों से भी आवश्यक सुझाव लिए गए। उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा सभी को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी गई । वहीं, उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में अपना योगदान देने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में कुल 86 स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। साथ ही दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा गस्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मानाने की अपील करते हुए शांति समिति के सभी सदस्यों को पर्व के दौरान शराब पीकर अथवा किसी अन्य नशे की हालत में किसी भी व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही वहीं उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी शांति समिति के सदस्यों से पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस को अनिवार्य रूप से निर्धारित रूट का पालन करते हुए ही संपन्न करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा हालांकि धार्मिक गीत बजाए जाने पर कोई समस्या नहीं है। लेकिन किसी भी हाल में कोई भी भड़काऊ गीत नहीं बजाया जाएगा। अगर इसकी अवमानना होगी तो संबंधितो पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर प्रत्येक अखाड़ा के लिए वॉलिंटियर चिन्हित कर लगातार उनके साथ संपर्क में रहने तथा प्रत्येक जुलूस के साथ यथासंभव एक-एक पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्त करने की भी बात उपायुक्त ने कहीं। एसपी ने सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में निर्धारित रूट चार्ट का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । उन्होंने थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सभी सदस्यों को जुलूस के रास्ते में किसी भी प्रकार से घर निर्माण से संबंधित सामग्री न होने देने व उसका ढका होना सुनिश्चित करें।

### संसद में फिर गूंजी विस्थापितों की आवाज



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने बजट सत्र में दूसरी बार विस्थापितों के मुद्दे को उठाया। उन्होंने एनटीपीसी और सीसीएल द्वारा किए जा रहे विस्थापन, मुआवजा, पुर्नवास, रोजगार, और कोयला ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े सवालों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। सांसद ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा विस्थापितों को बाजार मूल्य से कम मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि जमीन का मुआवजा 24 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपये प्रति एकड़ किया जाए। मकानों के मुआवजे में भी असमानता का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने पक्के मकान का मूल्य 2000 रुपये और कच्चे मकान का मूल्य 1500 रुपये प्रति स्क्वायर फीट करने की मांग की। उन्होंने कट-ऑफ डेट के अन्यायपूर्ण नियमों पर सवाल उठाया, जिसके कारण कई प्रभावित परिवार मुआवजा और रोजगार से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कोयला मंत्री से अपील की कि पर्यावरण और स्थानीय रोजगार में संतुलन बनाए रखा जाए। गौरतलब है कि 13 मार्च 2025 को भी सांसद ने इस मुद्दे को संसद में उठाया था ।

# छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चार दिवसीय चैती छठ महापर्व को लेकर भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय व छठमय हो गया है। श्रद्धा भक्ति आस्था का महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन गुरूवार को अपराहन में निर्जला उपवास पर रहीं छठव्रति सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों को सजाकर नलकारी नदी सहित विभिन्न छठ घाटों, नदी व अन्य जलाशयों पर पहुंचे। जहां छठव्रतियों भक्तों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया गया। वहीं छठ महापर्व के चौथे दिन शुक्रवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर पहुंचकर छठव्रति उद्यीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पारण करेंगी। इसके पूर्व छठ के दूसरे दिन बुधवार को छठव्रतियों ने खरना पूजा किया। इसमें दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएं और पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद को सेवन किए। छठ को ले भुरकुंडा-सौंदा डी नलकारी नदी छठ घाट, रिभर साईड-गिद्दी दामोदर नदी छठ घाट सहित चिकोर छठ घाट, भदानीनगर के छठ घाट आदि नदियों तालाबों में अर्घ्य देने के लिए छठव्रतियों सहित भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

### पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी ने सरहुल जुलूस में बांटा शरबत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी पतरातू द्वारा कोतो पंचायत से निकली सरहुल जुलूस में शामिल सैकड़ो श्रद्धालुओं के लिए पीटीपीएस स्थित अंबेडकर पार्क में ठंडे पानी व शरबत का वितरण किया गया। जिसका सेवन जुलूस में शामिल सैकड़ो महिला पुरुष एवं बच्चों ने किया। कोतो मुखिया तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस ने सोसाइटी के इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के संयोजक सुजीत कुमार पटेल, डॉ मनोज गुप्ता, अरिंदम नायक, वारिस खान, नीरज झा, राकेश कुमार, जयधन महतो, संजीव सिंह, मनीष गुप्ता, रवि सिंह, रणधीर कपूर, रंजीत तिवारी, सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

# चौपारण में जीटी रोड पर नहीं रूक रही सड़क हादसे

## जनवरी से अब तक कई लोगों की हुयी मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** जीटी रोड, जो कभी विकास और प्रगति की धड़कन मानी जाती थी, अब मौत की मंज़िल बनती जा रही है। बीते तीन महीनों में इस सड़क ने दर्जनों जिंदगियों को लील लिया है, सैकड़ों परिवारों को गम में डुबो दिया है। रफ्तार का कहर ऐसा बरपा कि किसी ने अपनों को खो दिया, किसी की हड्डियां चूर-चूर हो गईं, तो कोई अपंग हो गया। यह सिलसिला यहीं नहीं थमा-हर गुजरते दिन के साथ यह सड़क और भी खतरनाक होती जा रही है।

इस दर्दनाक मंजर की शुरूआत जनवरी से हुई, जब एक के बाद एक हादसों ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। स्कॉर्पियो हो, ट्रक हो, या फिर बस-हर वाहन मौत की चाल चलता नजर आया। दनुआ घाटी में एक युवक का पैर कट गया, किसी की आंखों की रोशनी चली गई, तो चोरदाहा में एक मासूम महिला को स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। महाकुंभ से लौट रही बस हो या प्रयागराज जा रही यात्रियों से भरी गाड़ी, सड़क पर लहू की लकीरें खिंचती रहीं, प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। चौपारण थाना प्रभारी और पुलिस प्रशासन हर हादसे के बाद मुस्तैदी से पहुंचते हैं, घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी तत्परता दिखाते हैं, लेकिन यह तत्परता कब तक सिर्फ हादसे के बाद दिखाई जाती रहेगी? बिहार सीमा से लगे इस इलाके में झारखंड और बिहार दोनों राज्यों के घायलों का इलाज कराया गया, लेकिन असली सवाल अब भी वही बना हुआ है-इन मौतों पर लगाम कब लगेगी? सरकार और प्रशासन को आखिर और कितनी लाशों की गिनती चाहिए, कितने परिवारों का उजड़ना देखना बाकी है? ब्लैक स्पॉट की पहचान कर उन पर सुरक्षा उपाय लागू करने की जरूरत है, लेकिन अफसोस, अब तक ठोस कदम उठाने की कोई पहल नहीं हुई। हर सुबह कोई नया परिवार इस सड़क पर अपने किसी अपने को खो देता है, लेकिन यह सिलसिला कब थमेगा? कब प्रशासन जागेगा? कब ये सड़कें सिर्फ रास्ते होंगी, मौत का जाल नहीं?

### हादसों का आंकड़ा

- **6 जनवरी :** सियरकोनी में वाहनों की टक्कर, 2 लोग घायल
- 12 जनवरी : दनुवा मंदिर के समीप ट्रक पलटा, 2 गंभीर रूप से घायल
- 24 जनवरी : कमलवार में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, 1 की मौत
- 25 जनवरी : बसरिया और पांडेबारा में अलग-अलग सड़क हादसों में 2 लोगों की मौत
- 1 फरवरी : महाकुंभ से लौट रही बस चोरदाहा में दुर्घटनाग्रस्त, 2 दर्जन से अधिक घायल
- 17 फरवरी :पांडेबारा में बस दुर्घटनाग्रस्त, दर्जनों घायल
- 24 फरवरी : कोलकाता से प्रयागराज जा रही बस घाटी में दुर्घटनाग्रस्त, 22 लोग घायल
- 19 मार्च : दनुआ घाटी में भीषण दुर्घटना, 1 की मौत, 6 घायल, 1 का पैर कटा, 1 की आंख खराब
- 29 मार्च चोरदाहा में स्कॉर्पियो ने बिरहोर महिला को कुचला, मौत
- 31 मार्च : महुदी मोड़ में दुर्घटना, चालक कई घंटे केबिन में फंसा

## एक नजर में

### शिव मंदिर निर्माण के लिए समाजसेवी राम प्रसाद ने दिया एक लाख एक हजार रुपये



हजारीबाग। धर्म, आस्था और सेवा जब एक साथ मिलते हैं, तो समाज में प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित होते हैं। कोर्रा चौक स्थित नवनिर्मित बाबा केदारनाथ धाम (शिव मंदिर) के निर्माण कार्य को गति देने के लिए समाजसेवी राम प्रसाद ने 1 लाख 1 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर अपनी अटूट श्रद्धा और समाज सेवा की भावना का परिचय दिया। इस पवित्र क्षण के दौरान मंदिर कमिटी के सदस्य, वार्ड पार्षद बबन गुप्ता, अनिल गुप्ता, बबलू गुप्ता, रंजन गुप्ता, रवि गुप्ता व उनके बेटे प्रकाश कुमार उर्फ मुन्ना प्रसाद भी मौजूद रहे। मंदिर कमिटी ने राम प्रसाद के इस योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। श्री राम प्रसाद ने कहा कि शिव की कृपा से मुझे यह अवसर मिला है। यह मंदिर केवल ईंट और पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि हमारी आस्था और संस्कारों का प्रतीक है। इस महादान के साथ केदारनाथ धाम (शिव मंदिर) का निर्माण कार्य एक नए चरण में प्रवेश कर गया है। श्रद्धालुओं को अब जल्द ही अपने आराध्य के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। सच ही कहा गया है कि जब सेवा और श्रद्धा मिलती है, तो चमत्कार होता है।

### पीएम आवास के लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल

**बरही।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवेदन की समय सीमा अब 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। इससे उन परिवारों को लाभ मिलेगा जो 2017-18 में किसी कारणवश आवेदन नहीं कर पाए थे। केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा है। पात्र परिवार अब खुद या पंचायत के ग्राम सचिवों के माध्यम से आवास प्लस पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। यह योजना जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई है। पात्र लाभार्थियों को तीन किस्तों में कुल 1.38 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसमें पहली किस्त 45,000 रुपये, दूसरी 60,000 रुपये और तीसरी 33,000 रुपये की होती है। इसके अलावा, मनरेगा के तहत 90 दिनों के लिए 33,360 रुपये और शौचालय निर्माण हेतु 12,000 रुपये भी दिए जाते हैं। बरही प्रखंड में अब तक 10,332 लोगों के नाम इस योजना के तहत सर्वे में जोड़े जा चुके हैं। पंचायत सचिव और रोजगार सेवक गांव-गांव जाकर सर्वे कर रहे हैं और आवेदन की प्रक्रिया पूरी करवा रहे हैं। इच्छुक ग्रामीण स्वयं भी आवास प्लस एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### सिस्टा 14 को मनायेगा अंबेडकर जयंती



कुजू। सीसीएल पुंडी परियोजना के कैंटीन में कोल इंडिया एससी/ एसटी एम्पलाज एसोसिएशन (सिस्टा) की क्षेत्रीय कमिटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष रामप्रसाद बेदिया और संचालन क्षेत्रीय सचिव ब्रह्मदेव राम ने की। बैठक के दौरान 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही, पुंडी परियोजना के कैंटीन में सिस्टा द्वारा 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एलारूस उरांव, रंजीत नोनिया, जागो गंझु, मानको देवी, मंगरा गंजू, रतनी देवी, पंचू महतो, राजेश चंद्र, सुदामा प्रजापति, धर्म महतो, धनेश्वर प्रजापति, मंसूर मियां, प्रकाश कुमार, जयदेव मुखर्जी, टिकेंद्र महतो शामिल थे।

### परवरिश स्कूल के छात्र हुये सम्मानित




कुजू। परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू में गुरुवार को नए सत्र 2024 -25 के विद्यार्थियों के लिए अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। अवार्ड सेरेमनी में मुख्य रूप से कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा उर्फ बुच बाबा, समाजसेवी जनक प्रसाद, विद्यालय प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मौजूद मुखिया जयकुमार ओझा ने दीप प्रज्वलन कर किया। अवार्ड सेरेमनी के दौरान मौजूद अतिथियों ने विद्यालय के सभी वर्गों में बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक प्रमाण पत्र भेंटकर मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही, आमंत्रित वर्ग के सर्वश्रेष्ठ अभिभावकों को भी उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं, वर्ग में सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। निदेशक शैलेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में होने वाले ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का मौका मिलता है। साथ ही, विद्यार्थियों को अपनी बेहतरी प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है।

### प्रशासन ने नहीं कराया छठ घाट की सफाई



**रामगढ़।** चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन शहर के व्रतियों ने दामोदर नदी छठ घाट और बिजुलिया तालाब छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ महापर्व को लेकर प्रशासन की ओर से छठ घाटों की साफ सफाई करवाई जाती थी। लेकिन इस बार के चैती छठ महापर्व पर दामोदर नदी छठ घाट पर गंदगी का अंबार लगा रहा। प्रशासन की ओर से छठ घाट की साफ सफाई नही करवाने से व्रती और श्रद्धालु नाराज दिखे। व्रतियों और श्रद्धालुओं ने कहा कि महापर्व को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा छठ घाटों की साफ सफाई होनी चाहिए थी।

### संसद में गूंजा बड़कागांव विस्थापन का मुद्दा


**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव, केरेडारी, डाडी, चूरचु और अन्य इलाकों में हो रहे कोयला खनन विस्थापन का मामला गुरुवार को सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी द्वारा विस्थापितों को मात्र 24 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जा रहा है, जो बहुत कम है। पक्के मकान के लिए 950 रुपये प्रति स्क्वायर फीट और कच्चे मकान के लिए 650 रुपये प्रति स्क्वायर फीट मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि कट-ऑफ डेट 16 मई 2016 रखी गई है। सांसद ने मुआवजा राशि बढ़ाकर 40 लाख रुपये प्रति एकड़ करने, पक्के मकान के लिए 2000 रुपये और कच्चे मकान के लिए 1500 रुपये प्रति स्क्वायर फीट मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कट-ऑफ डेट को 2024-25 तक बढ़ाने तथा पर्यावरण और रोजगार के बीच संतुलन बनाए रखने की भी अपील की। इस मुद्दे को उठाने पर क्षेत्र के लोगों ने सांसद को बधाई दी। इस दौरान लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूनम साहू, उमेश कुमार दांगी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ओम कौशल्या हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

# इलाज कराने गये मरीज को डॉक्टर की लापरवाही के कारण हाथ गंवानी पड़ी

- **परिजनों ने उपायुक्त से पूरे मामले की जांच कर दोषी डॉक्टर पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** जिले के ओम कौशल्या हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के डॉक्टर विशाल कुमार की लापरवाही से एक बच्चे को अपना हाथ गंवाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़ित के पिता डोमचांच प्रखंड के जानपुर निवासी अजीत कुमार ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर उक्त हॉस्पिटल के डॉक्टर सह संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने बेटे के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा है कि छह साल के मेरे बेटे अमन कुमार का उक्त ट्रामा सेंटर में डॉक्टर के इलाज में लापरवाही के कारण उसका हाथ काटना पड़ा।

वहीं उन्होंने कहा कि 16 मार्च को मेरा बेटा अमन घर की सीढ़ी से गिर गया था। दाहिने हाथ की कलाई में चोट आई थी, इलाज के लिए उसे रांची-पटना रोड स्थित ओम कौशल्या हॉस्पिटल कोडरमा ले जाया गया, जहां डॉ. विशाल कुमार ने उसी दिन एक्स-रे कर पक्का प्लास्टर चढ़ा दिया। इसके लिए 18 हजार रुपए लिया गया एवं कोई बिल नहीं दिया गया। दवा भी उन्हीं की दुकान से ली गई, उसका भी बिल नहीं दिया गया।

वहीं 18 मार्च को जब दर्द नहीं रुका तो दोबारा डॉक्टर को दिखाया गया। वहीं डॉक्टर ने कहा कि दर्द रहेगा, बच्चे को घर ले जाइए। 22 मार्च को फिर से बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं 23 मार्च को बीएचयू बनारस रेफर कर दिया। वहीं परिजन बनारस नहीं ले जाकर उसे धनबाद ले गए, जहां डॉ. कैलाश प्रसाद ने जांच कर बताया कि बच्चे के हाथ में गेंग्रीन हो गया है एवं हाथ सड़ चुका है, जान बचाने के लिए हाथ काटना पड़ेगा। वहीं उन्होंने कहा कि यह डॉक्टर की लापरवाही का नतीजा है। वहीं परिजनों ने उपायुक्त से पूरे मामले की जांच कर दोषी डॉक्टर पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार कौशल्या हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में इस तरह की कई घटनाएं घट चुकी हैं, जिसे डॉक्टर द्वारा मैनेज कर सुलझाया गया है।

### क्या बताते हैं डॉक्टर विशाल

वहीं डॉक्टर विशाल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बच्चे का ओपेन फ्रेक्चर होने के कारण कच्चा प्लास्टर कर 16 मार्च को फिर आने की बात कह कर घर भेजा गया था एवं परिजनों को बताया गया था कि अंगुली में किसी भी प्रकार का बदलाव नजर आये तो तुरंत हॉस्पिटल लाना है, मगर परिजन बच्चे को 18 मार्च को इलाज के लिए लाये, तब मैं किसी काम से हैदराबाद चला गया था, उस दौरान मेरी पत्नी के द्वारा जांच की गयी। मेरी तरफ से किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की गयी है।

## खबर एक नजर में

### छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र में आस्था का महापर्व चैती छठ श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। गुरुवार शाम व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। छठ व्रती बाजे-गाजे और दंडवत करते हुए बारी साखी से नदी छठ घाट और रामसागर छठ घाट पहुंचे। वहां मुखिया सुमीरा कुमारी और निर्मला देवी सहित समिति सदस्यों ने नारियल और माला देकर व्रतियों का स्वागत किया। इसके बाद छठ व्रतियों ने विधि-विधान से पूजा कर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर मुखिया लक्ष्मी पांडे, जगल अध्यक्ष आदित्य ताम्रकार, देव कुमार दांगी, महादेव दांगी, निरंजन दांगी और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### खलिहान में आग लगने से 150 बोझा गेहूं जलकर राख



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डाहा पंचायत के डाहा गांव में गुरुवार की दोपहर खलिहान में आग लग गयी। जिसके कारण 150 बोझा खलिहान में रखा गेहूं जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार डाहा गांव निवासी भागवत मिस्त्री बटाई पर खेती करते हैं। इस वर्ष तीन एकड़ जमीन में गेहूं की फसल लगाए थे। खेत से फसल काटकर खलिहान में जमा किए थे। गुरुवार की दोपहर आग लगने से 150 बोझा गेहूं जलकर राख हो गया। पीड़ित भागवत ने बताया कि सुबह 10 बजे सभी परिजन खाना खाकर गेहूं काटने खेत चले गए थे, तब तक सब ठीक था। दोपहर में खलिहान में आग लगी जिसकी सूचना गांव के ही लोगों के द्वारा खेत पर दी गयी। जिसके बाद हम सभी परिजन आनन-फानन में खलिहान में जाकर देखे कि पूरा खलिहान धू-धू कर जल रहा है। तब ग्रामीण आग को बुझाने की कोशिश करने लगे। लेकिन आग की तेज लपटें उठती देख ग्रामीणों की हिम्मत भी जबाब दे गयी। दो मोटर से पानी चलाया गया लेकिन तब तक सारा गेहूं जल चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना से पीड़ित के पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। इससे पूरा परिवार के समक्ष खाने की समस्या आ गई है। पीड़ित ने जिला प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग की है। हालांकि आग लगने का स्पष्ट कारण अभी तक नहीं चल पाया है। कुछ ग्रामीणों के अनुसार बच्चों के द्वारा ऐसी घटना को अंजाम दिया गया है।

### कौलेश्वरी मंदिर परिसर के इर्द गिर्द शराब पर पूर्ण प्रतिबंध



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखण्ड के विश्व ख्यातिप्राप्त तीन धर्मों का संगमस्थली कौलेश्वरी स्थित मां कौलेश्वरी मंदिर परिसर पहाड़ के नीचे रामनवमी में शराब की बिक्री की बात पर एकबार जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी बीच गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन और हंटरगंज थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर नीतेश प्रसाद, पुरूषोतम अग्निहोत्री अपने दल बल के साथ मंदिर परिसर के नीचे पहुंचे। जहां उन्होंने कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। एसडीपीओ ने शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की बात कही है। उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शराब पीने और बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कौलेश्वरी में होने वाला कौलेश्वरी महोत्सव स्थगित



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के पदेन अध्यक्ष सह एसडीओ जहुर आलम ने की। इस दौरान बैठक में कौलेश्वरी मेला को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के पदेन अध्यक्ष सह चतरा एसडीओ जहुर आलम ने बताया कि महोत्सव को लेकर सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं मिलने के कारण महोत्सव में अड़चन बताया गया तथा महोत्सव का दर्जा नहीं देने की बात कही गई। हालांकि महोत्सव का दर्जा नहीं मिलने के कारण लोगों में नाराजगी दिखी। जिस पर कार्यक्रम कराने को लेकर एसडीओ से सहमति के लिए सदस्यों ने आग्रह किया। उपस्थित लोगों ने जिरामनी नर्सिंग स्कूल के समीप दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के बारे अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 4 एवं 5 अप्रैल को होने की बात बतायी गयी। बैठक में एसडीओ जहूर आलम, एसडीपीओ संदीप सुमन जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी, सीओ अरुण कुमार मुंडा, बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वेद प्रकाश, एस आई नीतीश कुमार, पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, अरुण कुमार चौरसिया, कमलेश कुमार यादव, मुखिया अशोक कुमार यादव, नरेश प्रसाद यादव, मदन चौधरी, कौशलेंद्र सिंह, अरमेंद्र कुमार केशरी, जयहिंद पासवान, पूर्व चेयरमैन अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद सिंह, बिट्टू सिंह,, राजकुमार सिंह, बिरेंद्र तिवारी, अशरफी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रामनवमी महापर्व को लेकर बैठक में तैयारियों पर चर्चा

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारियातु गांव के बागीपर में बुधवार शाम ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें रामनवमी महापर्व को पूरे सतपरवा (सात टोला) में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत मुखिया डेगन गंझू ने की, जबकि संचालन रामावतार यादव ने किया। बैठक में तय किया गया कि 6 अप्रैल को दोपहर 2 बजे रामनवमी शोभायात्रा और झांकी निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बारियातु, सिमरातरी, भुरकुंडा, मसूरिया, लूब्धिया, महुआ टांड़ समेत विभिन्न टोलों से कुल 9 झंडे उठाए जाएंगे। यह शोभायात्रा शाम 3 बजे बारियातु बागीपर पहुंचेगी, जहां रामनवमी मेला और लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। पर्व की बेहतर तैयारी और आयोजन के लिए एक समिति बनाई गई। सर्वसम्मति से हेमन यादव को अध्यक्ष, विनोद यादव को सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए कैलाश कुमार राणा को चुना गया। इसके अलावा, अन्य पदों के लिए कोमल यादव, सूरज यादव और कैलाश राम को नामित किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रकाश यादव, विजय ठाकुर, दिनेश यादव, इंद्रदेव भुइयां, बिरजू भुइयां, सुभाष राणा, नरेश राणा, उमेश राणा, संजय भुइयां, लखन भुइयां, अर्जुन यादव, विकास यादव, सुरेंद्र दांगी, पवन विश्वकर्मा और अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत



**टंडवा (चतरा)।** गाड़ीलौंग-सराढु मुख्य पथ के ललकी चट्टान के समीप एक मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर के बीच हुई जोरदार टक्कर से बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब पांच बजे टंडवा पांसी टोला निवासी कामेश्वर पांसी के पुत्र कुलदीप कुमार पांसी जो अपाची मोटरसाइकिल से सराढु की ओर से आ रहा था कि विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे मोटरसाइकिल सवार कुलदीप पांसी का घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इधर आम राहगीरों की मदद से ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया, लेकिन ड्राइवर फरार होने में सफल हो गया। घटना की जानकारी टंडवा पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पहुंची, जहां घटना का जायजा लेते हुए उचित कार्रवाई करने की प्रक्रिया जारी थी। इधर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### कोडरमा स्टेशन में बियर के साथ दो युवक पकड़ाये

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा आरपीएफ ने प्लेटफॉर्म संख्या छह व सात पर सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, आरक्षी जितेंद्र कुमार व आरक्षी जितेंद्र कुमार ने गश्ती के दौरान फुट ओवरब्रिज के पास से दो युवकों को बियर के साथ पकड़ा। वहीं पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम मो.आरजू पिता मो.अब्दुला मरकुंडा थाना मुफसिल जिला गया (बिहार) व रौशन कुमार पिता राजू प्रसाद पता बरेउ थाना मुफस्सिल जिला गया (बिहार) बताया। वहीं मो. आरजू के पिट्ठू बैग से 12 द लैंग्जरी सुप्रीम स्ट्रांग बियर (प्रत्येक 500 एमएल) तथा रौशन कुमार के झोला से 12 द लैंग्जरी सुप्रीम स्ट्रांग बीयर( प्रत्येक 500 एमएल) बरामद हुआ। वहीं सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने दोनों को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया। वहीं जब्त बियर की कीमत 3360 रुपये बतायी गयी है।

### प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग व बाजार प्रांगण की मापी को लेकर दिया आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत नावाडीह एक के स्थानीय प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सीओ परमेश्वर कुशवाहा को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर मौजा नावाडीह का मुख्य मार्ग एवं बाजार प्रांगण की मापी करने की मांग की है। जिसे लेकर ग्राम पंचायत नावाडीह के मुखिया बैजंती देवी, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर यादव, उप मुखिया प्रमिला देवी, वार्ड सदस्य रूबी देवी, प्रमिला देवी ग्रामीण सुरेश साव, रामकृष्ण वर्मा, राधे श्याम साहू, सरिता देवी, सरजू सिंह, अनिता कुमारी समेत दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन गुरूवार को सीओ को दिया गया। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि मौजा नवाडीह का मुख्य मार्ग झुमरियाटांड़ से लेकर मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग तक संपूर्ण बाजार प्रांगण का मापी करवाना है, क्योंकि मुख्य मार्ग नावाडीह के लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। सरकारी जमीन खाली रहने से सरकार द्वारा नई योजना लगाई जा सकेगी।

### बीडीओ ने किया विभिन्न अखाड़ों के रूट का निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में रामनवमी का त्योहार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसे लेकर लेकर गुरुवार को बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा व थाना प्रभारी नन्द किशोर तिवारी ने प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने अखाड़ा निरीक्षण के साथ-साथ जुलूस का रुट को भी देखा। इस दौरान प्रशासन ने मरकच्चो, जामु, दशारो, लोहोंडीयो, नावाडीह, दरदाही समेत विभिन्न रामनवमी अखाड़ों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासन द्वारा बताया गया कि झूलते बिजली के तार, रास्ते में गड्ढे, पानी का जमाव, रास्ते में घर बनाने के लिए गिराए गए ईंट, पत्थर, बालू आदि अविलम्ब हटा लेने का निर्देश दिया।

### गाज-बाजे के साथ पूजा-अर्चना कर माता रानी को चढ़ाया गया श्रृंगार



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवदुर्गा का पर्व नवरात्रि जारी है। इन दिनों माता रानी का श्रृंगार किया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि में जो भी माता रानी को श्रृंगार चढाता है उसके घर में सुख समृद्धि आती है। यह भी माना जाता है कि जो सुहागिन स्त्रियां माता रानी को सोलह श्रृंगार कर माता रानी को चुनरी समेत सोलह श्रृंगार अर्पित करती हैं, उसे माता रानी अखंड सौभाग्य का वरदान देती है। इसी निमित इस वर्ष 2025 में मरकच्चो मध्य पंचायत के राधा मेडिकल व भूषण बर्णवाल व अमीत बर्णवाल के परिवार द्वारा गुरुवार को गाजे बाजे व विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर माता रानी का श्रृंगार चढ़ाया। मौके पर सावित्री देवी, भूषण बर्णवाल, अमीत कुमार बर्णवाल, नितिन चन्द्र गुप्ता, प्रवीण चन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी देवी समेत पूरा परिवार व सगे सबन्धी उपस्थित थे।

### सीओ व थाना प्रभारी ने क्षेत्र भ्रमण कर रामनवमी की तैयारियों का लिया जायजा



**जयनगर (कोडरमा)।** अंचलाधिकारी सारांश जैन एवं थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रखंड के जयनगर, कठाडीह, मतौनी, चदरा पिपराडीह, बदुलिया में भ्रमण कर रामनवमी की प्रशासनिक तैयारी का जायजा लिया तथा रूट वेरिफिकेशन करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से आपसी सहयोग से पर्व मनाने की अपील की। वहीं सीओ ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। वहीं थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने कहा है कि जुलूस के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों से कहा है कि गलत अफवाह ना फैलाएं और आपसी भाई चारे के साथ त्योहार मनाएं। वहीं उन्होंने कहा कि माहौल बिगड़ने वालों के खिलाफ सख्त सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें की पूर्व में थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने जुलूस अध्यक्ष एवं विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीणों व हिंदू मुस्लिम पक्ष के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर शांतिपूर्वक एवं भाईचारे से तैयार मनाने की हिदायत दी थी। मौके पर कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

### योग्य लाभार्थियों को मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2..0 को एक सितंबर 2024 से क्रियान्वित किया गया है। यह योजना 2024 से 2029 तक चलेगी। इस योजना के तहत योग्य लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। वहीं नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी अंकित गुप्ता ने बताया कि परिवार में पति-पत्नी और अविवाहित बच्चे ही शामिल होंगे। वहीं उन्होंने कहा कि झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्र में रहनेवाले आवास विहीन परिवार, जिनके पास देश में कहीं भी पक्का मकान नहीं है, वे इस योजना के पात्र होंगे। **आवेदन की शर्तें :** आवेदक की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम होनी चाहिए, आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक होना अनिवार्य है। आधार, पैन व वोटर कार्ड की छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करनी होगी। पिता, पति, पत्नी, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रतियां आवश्यक, जमीन से जुड़े दस्तावेज जैसे खतियान, डीड, वंशावली, बंटवारा नामा आदि अनिवार्य हैं। जमीन की रसीद नहीं होने पर स्वामित्व प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। इन दस्तावेजों की होगी जरूरत जिसमें अंचल कार्यालय से जारी आय प्रमाण पत्र, पूरे भारत में पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, पासपोर्ट आकार का फोटो, परिवार का एक साथ खींचा गया फोटो आदि शामिल हैं।

### छेड़खानी के आरोप से आहत अधेड़ की जहर खाने से मौत, गिरफ्तारी को लेकर परिजनों का विरोध प्रदर्शन जारी

**कोडरमा।** जिले में दो बच्चियों से छेड़खानी के आरोप में घिरे एक अधेड़ ने मानसिक दबाव में आकर मंगलवार को जहर खा लिया। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराने के बाद बुधवार को उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। क्या है पूरा मामला : सोमवार को कोडरमा में 4 और 6 साल की दो बच्चियों के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया। इस मामले में बच्चियों के अभिभावकों ने तिलैया थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। मामला तूल पकड़ने के बाद कथित पत्रकार ने इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद मानसिक दबाव और शर्मिंदगी के कारण आरोपी अधेड़ ने मंगलवार को जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसे कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, फिर हजारीबाग और रांची रेफर किया गया, जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। मौत की खबर के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने बुधवार शाम को एनएच-20 (रांची-पटना रोड) के सुभाष चौक पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सोशल मीडिया पर खबर वायरल करने वाले कथित पत्रकार समेत तीन लोगों की गिरफ्तारी की मांग की, जिन पर मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया जा रहा है। प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटा जाम हटा लिया गया। हालांकि, आश्वासन के बावजूद कई घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रशासन की निष्क्रियता से आक्रोशित मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने गुरुवार को पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जताते हुए कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च मृतक के घर से सुभाष चौक तक पहुंचा, जहां लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की ।वही स्थिति को देखते हुए पुलिस ने अपनी ओर से सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि, अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश बना हुआ है। प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार करें : बाल कृष्ण तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय स्थित जिला न्याय सदन सभागार में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिले में कार्यरत सभी पारा लीगल वोलेनटियर्स के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश के आलोक में बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैठक सह कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने उपस्थित पारा लीगल वोलेनटियर्स को कई प्रकार की कानूनी प्रावधानों एवं प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पारा लीगल वोलेनटियर्स को निर्देश दिया गया कि आगामी 10 मई 2025 को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार अपने-अपने क्षेत्र में करें तथा पक्षकारों को समझा बुझाकर अपने-अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराने के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके।

मौके पर रणजीत कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार, रविन्द्र कुमार यादव, पांडेय शेखर प्रसाद, मोनिका कुमारी, सुमन रानी, नेहा सिन्हा, विकास रजक, सुभाष मिस्त्री, दिनेश कुमार रजक, राजेश पासवान, सुब्रत कुमार मुखर्जी, सुरेश प्रसाद यादव, कमलेश प्रसाद यादव, शिव कुमार मोदी, अर्जुन रविदास, महेश्वरी कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पुत्री और नतिनी के अपहरण और फिरौती मांगने का लगाया आरोप

- **महिला ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर की कार्रवाई की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई की महिला सुमा देवी पति कैलाश भुंइयां ने अपनी पुत्री और नतिनी के अपहरण करने तथा फिरौती के रूप में दो लाख मांगने का आरोप लगाते हुए एसपी को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसपी को दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि मेरी पुत्री 35 वर्षीय पूजा देवी पति मिथुन भुंइयां का ससुराल खेरडा थाना गांवा गिरिडीह है। मेरी बेटी पूजा देवी और एक वर्षीय नतिनी पीहू बीते सरस्वती पूजा से ही मायके लोकाई में रह रही थी, तभी 24 मार्च 2025 को मेरी बेटी व नतिनी लापता हो गयी, काफी खोजबीन करने के बाद जब कुछ पता नहीं चला तो उसी दिन कोडरमा थाना में आवेदन देकर दोनों की सकुशल बरामदगी को लेकर गुहार लगाई। वहीं एक अप्रैल को मेरे मोबाइल पर धनबाद के विक्की कुमार पिता उपेंद्र मांझी का फोन आया और उसने दो लाख रुपये रंगदारी की मांग की। साथ ही समय पर पैसे नहीं देने पर मेरी बेटी और नतिनी को जान से मारने की धमकी दी गयी है।

### अंग्रेजी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आरपीएफ ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। गश्ती के दौरान सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, आरक्षी जितेंद्र कुमार व आरक्षी जितेंद्र कुमार जब प्लेटफार्म संख्या 04/05 पर स्थित रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा के बगल वाले यात्री शेड के पास पहुंचे, तो उन्हें तीन लोग पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में दिखे। वहीं पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अभिषेक कुमार पिता राजीव शर्मा नदौल थाना मसौढ़ी जिला पटना (बिहार), हिमांशु कुमार पिता प्रेम प्रकाश सिंह पिपरपुरा थाना खीरीमोड़ जिला पटना (बिहार) व किशन कुमार पिता संजय प्रसाद थाना किंजर, जिला अरवल (बिहार) बताया। वहीं अभिषेक कुमार के बैग को चेक किया गया तो उसमें चार मैजिक मोमेंट रिमेस ऑरेंज 750 मिली, हिमांशु कुमार के बैग से चार मैजिक मोमेंट रिमेस ऑरेंज 750 मिली तथा किशन कुमार के बैग से चार मैजिक मोमेंट रिमेस ऑरेंज 750 मिली बरामद हुई। वहीं शराब से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखाया गया। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उनके पास से जब्त की गयी शराब की कीमत 8880 रुपये बतायी गयी है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों व जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया।

## पूर्व कोडरमा जिला अध्यक्ष राजबल्लभ शर्मा के निधन पर भाजपाइयों ने जताया शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजबल्लभ शर्मा के रांची स्थित आवास में निधन होने पर जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि राजबल्लभ शर्मा भाजपा के लिए तन, मन व धन से समर्पित थे। उन्होंने पार्टी संगठन विस्तार के लिए अपना योगदान दिया। उनके कार्यकाल के समय भाजपा अपना उम्मीदवार नहीं देती थी, यह सीट गठबंधन के पक्ष में जाती थी और सभी लोग मिलकर गठबंधन के उम्मीदवार को जीत दिलाने में सहयोग करते थे। भारतीय जनता पार्टी परिवार उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली देती है। शोक व्यक्त करने वालों में केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, रमेश सिंह, रवि मोदी, रामचंद्र सिंह, नीतीश चंद्रवंशी, बीरेंद्र सिंह, विजय साव, भरत नारायण मेहता, बीरेंद्र सिंह, हरदेव सिंह, राज कुमार यादव, अम्बिका सिंह, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, विजय यादव, राजेश सिंह, राजकुमार यादव, जूही दास गुप्ता, जयप्रकाश राम, गोपाल कुमार गुतुल, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, सूरज प्रताप मेहता, अनिता देवी, दिनेश सिंह, सुभाष मोदी, बालमुकुंद सिंह, मुकेश राम, महेश वर्मा, सुरेंद्र यादव, डॉ. नरेश पंडित, डॉ. राम सागर सिंह, माणिक चन्द सेठ, महेन्द्र वर्मा, नरेन्द्र पाल, महेंद्र यादव, बैजनाथ यादव, अरशद खान, बासुदेव यादव, प्रभाकर लाल रावत, रामचन्द्र राम, सविता देवी, रीता लोहानी, रेखा भदानी, अंजू जैन, बेबी देवी, किरण देवी, पिंटू मजूमदार, इंद्रदेव मोदी, पीयूष सहल, अंकित गुप्ता, विजय राम, राजेश शर्मा, राज किशोर प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद, विनोद सिन्हा, अजय झा, विनोद भदानी, रामबालक चौधरी, राजेश सिंह, सुधीर यादव, कमल शर्मा, सुरेंद्र राजवंशी, सागर खान, अजीत चन्द्रवशी, निरंजन कसेरा समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया।

## प्रत्येक वर्ष परसाबाद रेलवे स्टेशन से होती है लगभग एक करोड़ की टिकट बिक्री

- **मुंबई मेल एक्सप्रेस का ठहराव होने से टिकट की बिक्री में हुई है बढ़ोतरी**
- **ग्रामीणों ने पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव करने की रखी मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जयनगर (कोडरमा)।** धनबाद-गया रेलखंड के परसाबाद रेलवे स्टेशन से प्रत्येक वर्ष लगभग एक करोड़ का टिकट बिक्री होती है। बता दें कि प्रखंड के परसाबाद रेलवे स्टेशन पर मुंबई मेल एक्सप्रेस, कोलकाता जम्मूतवी एक्सप्रेस, आसनसोल वाराणसी पैसेंजर, धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस, गंगा दामोदर एक्सप्रेस, हटिया पटना सुपर एक्सप्रेस, ईएमयू इन सभी ट्रेनों का ठहराव परसाबाद रेलवे स्टेशन पर होता है। ज्ञात हो कि जब से परसाबाद रेलवे स्टेशन पर मुंबई मेल एक्सप्रेस का ठहराव हुआ है तब से परसाबाद रेलवे स्टेशन पर टिकट की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। धनबाद-गया रेल खंड के परसाबाद रेलवे स्टेशन पर झारखंड के विभिन्न जिलों के विभिन्न प्रखंडों के लोगों के द्वारा इस स्टेशन से आवागमन होता है। वहीं लोगों ने कहा है कि अगर परसाबाद रेलवे स्टेशन पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव होता, तो प्रत्येक वर्ष परसाबाद रेलवे स्टेशन पर और ज्यादा टिकट की बिक्री होती। वहीं लोगों ने कहा है कि परसाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रत्येक वर्ष रेलवे बोर्ड को करोड़ों का राजस्व देने के बावजूद भी इस स्टेशन पर अभी भी यात्रियों के लिए सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। वहीं लोगों ने बताया कि परसाबाद रेलवे स्टेशन पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव नहीं रहने के कारण यात्रियों को कोडरमा जाना पड़ता है, इसके कारण यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और रात भर कोडरमा रेलवे स्टेशन पर ठहरना पड़ता है।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में मृत दो युवकों के परिजनों को कांग्रेसी नेताओं ने दिलाया मुआवजा



गुमला। सड़क दुर्घटना में मरे गुमला थाना क्षेत्र के अंबवा गांव निवासी सब्बू अंसारी व अब्दुल्लाह अंसारी के परिजनों को कांग्रेस नेता मुख्तार आलम व मो. कलाम ने अपने प्रयास से एक-एक लाख मुआवजा राशि दिलवाया। दोनों युवकों की मौत गुमला से अपने घर अम्बोवा लौटने के क्रम उर्मी ज्योति स्कूल के समीप एक बोलेरो के जोरदार टक्कर से हो गई थी। परंतु मृतक के परिवार वाले को आपदा प्रबंधक विभाग गुमला से मुआवजा राशि किसी कारणवश नहीं मिल पा रहा था। बहुत सारी समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसकी जानकारी कांग्रेस नेता मुख्तार आलम व मो कलाम को होने पर वे मुआवजा राशि दिलाने की सभी प्रक्रिया पूरा करवाया। प्रक्रिया पूरा होने के बाद 5 दिन पूर्व दोनों परिवार को एक-एक लाख रुपया मुआवजा राशि दिया गया। मुख्तार आलम और मो कलाम ने कहा कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को मदद करना हमलोगों की पहली प्राथमिकता है। सदैव हमारी टीम ऐसे जरूरतमंद के लिए खड़ी रहती है। इस तरह से अगर कोई भी घटना किसी के साथ घटी है तो वह आकर हमलोगों से जानकारी और मदद ले सकते है। आप लोगों को हर संभव मदद दी जाएगी।

### टावर चौक की दुर्दशा पर प्रयास मंच के अध्यक्ष संतोष झा ने जतायी चिंता



गुमला। प्रयास मंच के अध्यक्ष संतोष झा ने टावर चौक के शहीद स्मारक की दुर्दशा पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला का टावर चौक जहां किसी भी पर्व त्यौहार पर हजारों की संख्या में लोग जमा होते हैं। यह गुमला का हृदय स्थल है। जिसकी देखरेख बैंक आफ इंडिया करता है। लेकिन टावर चौक की स्थिति में सुधार के लिए बैंक के द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। टावर चौक का हाल खस्ता है। यह कभी भी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। टावर चौक के सामने बने महावीर मंडल के मंच से सरहुल के उत्सव पर जब टावर की हालत और उसके नीचे जमा भीड़ को देखा तो घटना दुर्घटना के भाव से ही रूह कांप गया। क्योंकि कोई पत्थर अगर गिरता तो हो सकता है कोई एक आदमी दुर्घटनाग्रस्त होता। दो दिन बाद रामनवमी पर भारी जुलूस निकलेगा और इसमें बजने वाले बाजा के कंपन से कोई भी घटना दुर्घटना हो सकती है। बैंक आफ इंडिया से आग्रह है कि जल्द से जल्द इसे दुरुस्त करे और समुचित लाइटिंग की व्यवस्था करें अन्यथा किसी भी घटना दुर्घटना के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

### चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में हाथी से प्रभावित किसानों के बीच चेक वितरण



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ वन कार्यालय में हाथी से प्रभावित किसानों के बीच 19 लाख 97 हजार 225 रुपये के चेक का वितरण किया गया। यह राशि उन 168 किसानों के लिए थी, जिन्होंने चैनपुर, डुमरी और जारी क्षेत्रों में हाथियों के उत्पात के कारण अपनी फसलों, घरों और अन्य सामग्रियों को नुकसान उठाया था। इस वितरण समारोह में जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया सुशील दीपक मिंज, कुरूमगढ़ वन क्षेत्र के रेंजर जगदीश राम तथा वनपाल चंद्रेश उरांव, रेंजर जगदीश राम ने पीड़ित परिवार के लोगों के बीच चेक का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान बताया कि क्षेत्र में हाथियों के द्वारा किसानों को क्षति पहुंचायी गया। जिसके बाद किसानों की कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद ही आज चेक वितरण किया गया है। इस अवसर पर रेंजर श्री राम ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे महुआ चुनने के समय जंगल में आग न लगायें। क्योंकि यह न केवल वन्य जीवन के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने अपना विचार साझा किए और कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे सहयोग से किसानों को कुछ राहत मिलेगी। प्रभावित किसानों की मदद के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयास करते रहेंगे।

### प्रखंड कांग्रेस की बैठक में निष्क्रिय पंचायत अध्यक्षों को हटाने का निर्णय



घाघरा। घाघरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के घाघरा स्थित आवास में हुई। बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारी को विमुक्त करने, पंचायत और मंडल अध्यक्ष बनाने पर आम सहमति बनी। जिसमें पूर्वी क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष गंदूर महली को कार्य विमुक्त कर अमर उरांव को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई। इसके साथ ही बैठक में पंचायत के निष्क्रिय पंचायत अध्यक्षों की जगह नए अध्यक्षों का चयन करने की आम सहमति बनी। जिसके लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमें रुकी पंचायत के लिए घुड़ा उरांव, आदर पंचायत के लिए मोहन भगत, सारंगों पंचायत के लिए महेश अगस्टिन कुजूर, कुगांव पंचायत के लिए आनंद उरांव, बिमरला पंचायत के लिए संदीप मिंज, डूको पंचायत के लिए वसेव भगत, बदरी पंचायत के लिए दिलबहार अंसारी, आरंगी पंचायत के लिए प्रेमचंद भगत, कुहीपाट पंचायत के लिए नसीम अंसारी, घाघरा पंचायत के लिए कृष्णा कुमार लोहरा को प्रभारी बनाया गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर प्रभारी पंचायत अध्यक्षों का चयन कर प्रखंड अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेंगे। अरुण पांडे ने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रही है और निष्क्रिय पदाधिकारी अपने पंचायत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसे लेकर नए पदाधिकारी का चयन किया जा रहा है। ताकि पार्टी को और सशक्त और मजबूत बनाया जा सके। कृष्णा कुमार लोहरा ने कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। लोगों को पार्टी के बारे में बताएं। मौके पर सत्येंद्र सिंह, प्रकाश भगत, फ्रांसिस जेवियर लकड़ा, बसंत भगत, कलीम खान, जीवन भगत, ज्ञान प्रकाश उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अस्तचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने किया अर्घ्य अर्पित

**परिवार की सुख-समृद्धि व जिले की शांति के लिए व्रतियों ने भगवान भास्कर से की कामना**

**डंडवत लेटकर भगवान भास्कर को व्रतियों ने किया नमन**

खबर मन्त्र संवाददाता



अस्तचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते व्रती।

गुमला। सूर्य उपासना व लोक आस्था के महापर्व को लेकर तीसरे दिन गुरूवार को छठ व्रतियों ने अस्तचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया।

शहर के विभिन्न छठ घाटों में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रतियों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की तो क्षेत्र की शांति के लिए विशेष प्रार्थना किया। छठ व्रती गुरूवार की शाम में तालाब में प्रवेश कर घंटों भगवान भास्कर की प्रार्थना व ध्यान किया। अस्तचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने दूध, पानी, ठेकुआ, केला, नारियल, सेब आदि फलों से पूजा की। वहीं छठव्रती छठ गीतों को भक्ति-भाव से गाते हुए महिलाओं के साथ छठ घाट पहुंची। रास्ते भर डंडवत लेटकर भगवान भास्कर को छठ व्रतियों द्वारा नमन किया गया। रास्ते में छठ व्रतियों के डंडवत लेटते ही उनके पैर छूने के लिए लोग काफी उतारू दिखे। शहर के मुरली बगीचा छठ घाट, मत्स्य विभाग स्थित वनतालाब छठ घाट, सिसई रोड स्थित भट्ठी तालाब व नागफेनी नदी छठ घाट में व्रतियों द्वारा भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया। शहर मुख्यालय के अलावे जिले के चैनपुर, डुमरी, रायडीह, जारी, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, पालकोट, बसिया, कामडारा प्रखंड में भी अस्तचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रतियों द्वारा अर्घ्य अर्पित किया गया। इस दौरान छठ घाटों में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर लोहरदगा में उत्साह का माहौल, अस्त्र शस्त्र खेल का अभ्यास आरंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। जिले में रामनवमी को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। एक और जहां केंद्रीय महावीर मंडल के तत्वाधान में विभिन्न अखाड़ों द्वारा मंगला शोभायात्रा निकाला जा रहा है। वही रामनवमी को लेकर शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी ढोल, नगाड़ों व पारम्परिक हथियार के साथ नगर अखाड़ों द्वारा डंका बाजा, बजरंग बली की जय तथा चैता बजाकर रामोत्सव मनाया जा रहा। शहर के सभी अखड़ा में लोग शाम होते ही बाजा बजाते व खेल का प्रदर्शन करते हुए देखे जा रहे है। सभी अखाड़ों के रामभक्तों द्वारा भगवा झंडा लहराकर, मशाल तथा छूट लाठी का खेल दिखाकर मंगला शोभायात्रा का शोभा बढ़ाया जा रहा है। केंद्रीय महावीर मंडल को मंगला शोभायात्रा हेतु दो जोन में विभक्त किया गया है, उतरी जॉन में रैलवे साइडिंग, बाबा मठ, ब्रह्मन्डिहा, बाल्मीकि नगर, मैना बगीचा इत्यादि का अखाड़ा के लोग को शोभा यात्रा के साथ देवी मंदिर पावर गंज पहुँचना होता है। जबकि दक्षिणी क्षेत्र से बरवा टोली, मोटिया संघ, बी आई डी, मिशन चौक, नवारीपाड़ा, तिवारी दुरा, हटिया गार्डन, तेतर तर, थाना टोली, बजरंग दल अमला टोली का अखाड़ा के लोग शोक विनाशक हनुमान मंदिर, गुदरी बाजार मंगला शोभायात्रा लेकर पहुंचना होता है। इस बार रामनवमी को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। रामनवमी के झंडे से पूरा शहर भगवामय नजर आने लगा है।

## रामनवमी पर्व सभी आपसी सौहार्द के साथ मनायें : डीसी

>> कुम्हरिया सरना बगीचा में जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी मेला जुलूस को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



भंडरा। प्रखंड अंतर्गत कुम्हरिया सरना बगीचा में जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी मेला जुलूस को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिश बिन जमां, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार व थाना प्रभारी अरविंद सिंह सहित गणमान्य लोग शमिल हुए। मौके पर डीसी डॉ वाघमारे ने कहा कि रामनवमी त्योहार सभी धर्म आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। रामनवमी के दौरान जिला प्रशासन द्वारा रूट चार्ट निर्गत किया गया है। जिसका अनुपालन हर हाल में महावीर मंडल को करना है। विगत वर्ष रामनवमी जुलूस के दौरान कुम्हारिया गांव में कुछ शरारती तत्वों द्वारा आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की थी। त्योहार में आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिंहित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि जिले में सभी धर्म एक दूसरे का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाते है। रामनवमी त्योहार भी सभी मिल जुलकर मनाएं। त्योहार के दौरान कोई भी व्यक्ति आपसी सौहार्द को खराब करने की कोशिश करता है, तो वैसे दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा व थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने भी लोगों को शांतिपूर्ण रूप से त्योहार मनाए जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

## अवैध और मनमाना टैक्स वसूली के विरुद्ध हड़ताल पर रहे ऑटो चालक, लोग परेशान

**कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप एकत्रित होकर परिचालन किया ठप्प**

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। नगर परिषद द्वारा हाल के दिनों में किये गए सैरात बंदोबस्ती के बाद सैरात लेने वाले संवेदक द्वारा किये जा रहे मनमानी टैक्स वसूली के विरुद्ध में गुरूवार को सैकड़ो ऑटो चालक हड़ताल पर चले गये और पालकोटरोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के पास अधिक चुंगी वसूली का विरोध किया। आंदोलन के दौरान ऑटो चालकों ने कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप एकत्रित होकर मनमाना टैक्स के विरुद्ध आवाज बुलंद किया। साथ ही डीसी व नगर परिषद के प्रसाशक से अवैध व मनमाना टैक्स वसूली पर रोक लगाने की मांग की। ऑटो चालकों ने कहा कि उपायुक्त मामले में स्वत संज्ञान लेकर ऑटो चालकों से मनमाना टैक्स वसूली बंद करायें। बंद नहीं होने पर ऑटो चालक टावर चौक जाम करने की चेतावनी दी। इधर ऑटो चालकों द्वारा परिचालन बंद किये जाने के बाद लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूर दराज से शहर की ओर आने व जाने वाले लोगो को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। ऑटो चालकों ने कहा कि वे ऋण लेकर सड़क पर ऑटो चला रहे हैं। ऐसी स्थिति में वे परिवार पालें, ऑटो का ऋण चुकता करें या अवैध टैक्स भरें। क्योंकि ऑटो चालकों की कोई सुनता नहीं है। हमेशा उन्हें इधर से उधर खदेड़ा जाता है। 2025 में हुए सैरात से पूर्व वे अपनी पेट काट कर 20 रुपया टैक्स दिया करते थे। मगर हाल में हुए सैरात के बाद यह राशि बढ़ाकर 40 रुपया कर दी गई। जो एक तरह से अवैध व मनमाना है। चूंकि नगर परिषद द्वारा टैक्स वसूली का दर 31 रुपया का निर्धारण किया गया है। इतना ही नहीं टैक्स वसूली के दौरान उनसे जीएसटी भी जोड़कर वसूली की जा रही है। जबकि टैक्स वसूली में जीएसटी का कोई निर्धारण नही है। ऑटो चालकों ने कहा पूर्व में वे लोग 20 रुपया टैक्स दिया करते थे। उतनी ही राशि अब भी देने में सहमत है। इस अवसर पर भारी संख्या में ऑटो चालक उपस्थित थे।

## सरहुल पर्व की सफलता पर जनता के प्रति सचिव ने जताया अभार

गुमला। प्रकृति पर्व सरहुल के सफल आयोजन पर केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के सचिव दीपनारायण उरांव ने जिले वासियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरहुल महापर्व के अवसर केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला के तत्वाधान में निकले विशाल शोभायात्रा के सफलता में गुमला के प्रत्येक लोगों ने सराहनीय योगदान दिया है। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला सभी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करती है। समिति सभी उन संस्थाओं का आभार व्यक्त करती है जिन्होंने शोभा यात्रा में सम्मिलित लोगों को जल,शरबत आदि के साथ जुलूस का स्वागत किया। जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन, के साथ ही साथ नगर परिषद का भी आभार प्रकट किया।

## चैत्र नवरात्र के छठवें दिन मां कात्यानी की हुई पूजा

**चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने कल्पारंभ व विल्ववरण की पूजा**

खबर मन्त्र संवाददाता






गुमला। चैती दुर्गा पूजा समिति व आध्या शक्ति चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा गुरूवार को चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां कात्यायनी देवी की पूजा व उपासना की।

इस अवसर पर आचार्य पंडित हरिशंकर मिश्रा व पंडित अमित कुमार पूरी के द्वारा भगवान विष्णु के पूजन के साथ कल्पारंभ किया गया एवं संध्या बेला में विल्वरण निमंत्रण के साथ भगवती दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की गई। आचार्यों ने कहा कि मां कात्यायनी शक्ति और वीरता का प्रतिनिधित्व करती है। उन्हें एक योद्धा देवी के रूप में दशार्या गया है। जिन्होंने कई असुरों का संघार किया था। ऐसा माना जाता है कि उनकी पूजा करने से भक्तों को साहस, सुरक्षा और शक्तिपूर्ण जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

इस पूजन कार्यक्रम में यजमान के रूप में संजीव उर्वशी व विजय सोनी, अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू, किशोर फोगला, मनमोहन केसरी, राजीव कुमार, सुदेश सौरभ, पवन अग्रवाल, द्वारिका मिश्रा सुमन, प्रेम सागर जायसवाल, महेश गुप्ता, नितेश लाल, रंजन सोनी, रितेश कुमार, अनूप गुप्ता, श्री गुप्ता आदि उपस्थित थे।

वहीं आध्या शक्ति पूजा समिति के पूजा के दौरान रमेश कुमार, सौरभ गुप्ता, अभय राम आदि उपस्थित थे।

## जिले में अचानक बदला मौसम का मिजाज झमाझम हुई बारिश,गर्मी से लोगो की मिली राहत



लोहरदगा। जिले में गुरुवार को अचानक मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। दोपहर बाद काले बदल के साथ झमाझम बारिश से मौसम में बदलाव देखा गया। अचानक हुए बारिश से लोगों को जहां गर्मी से लोगो को राहत मिली वही सब्जी खेती के लिए बारिश से लाभ मिलेगा। वही गेहूं और दलहन फसल को नुकसान होने की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार एक दो दिन बारिश के आसार है, जिससे पारा और नीचे जायेगा। जिससे लोगो को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। गुरुवार को दोपहर अचानक काले बदल के साथ बारिश की शुरूआत होने के बाद सड़के भी वीरान नजर आए। बारिश की वजह से लोग घर में ही दुबके रहे। लगभग एक घंटे तक हुए बारिश के बाद तापमान में भी बदलाव महसूस किया गया।

### छठ पूजा समिति सेरेंगहातु तोड़ार ने छठ घाट का किया सफाई




लोहरदगा। चैती छठ महापर्व को लेकर गुरुवार को छठ पूजा समिति सेरेंगहातु तोड़ार द्वारा सेरेंगहातु कोयल नदी स्थित छठ घाट का साफ सफाई किया गया। छठ पूजा समिति सेरेंगहातु तोड़ार अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू ने कहा कि पानी न होने के कारण छठवर्तियों को कोई समस्या ना हो इसके लिए समिति के सभी सदस्य पुराना छठ घाट से थोड़ा आगे विधि व्यवस्था और साफ सफाई में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया छत व्रतियों की सुविधा को लेकर रास्ते की भी मरम्मत की गई है। गुरुवार को चैती छठ पूजा का संध्या अर्घ्य दिया जाएगा। मौके पर उपस्थित छठ पूजा समिति सचिव आदित्य कुमार साहू, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू, संरक्षक जागेश्वर साहू, महेश साहू, राम यादव, सूरज कुमार, पंकज कुमार, संतोष कुमार, मुकाश साहू, कुणाल यादव, यस कुमार, सचिन कुमार, हजारों सदस्य मौजूद थे।।


### दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

कुडू। कुडू थाना क्षेत्र के कुडू सुंदर सड़क पर मनातू गांव के समीप दो बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया गया जहां घायलों का उपचार किया गया। घायलों कि पहचान सलगी निवासी कृष्ण मुंडा के पुत्र राम मुंडा, सुंदरू निवासी मेमुद्दीन अंसारी के पुत्र रेहान अंसारी एवम गुलाम अंसारी के पुत्र तौसीब अंसारी के रूप में हुई। घायलों का इलाज कुडू अस्पताल में ही किया गया।

## चैत्र नवरात्र पर बसिया के कलिगा में निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता






बसिया। चैत्र नवरात्र के छठे दिन बसिया के कलिगा गांव में बजरंगबली पूजा समिति और चैत्र नवरात्र पूजा समिति के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं एवं युवतियों ने कलिगा गांव स्थित बजरंगबली अखाड़े से कलश लेकर कोनबीर स्थित दक्षिणी कोयल नदी पहुंची। जहां नदी के तट पर पुरोहित रामदरस पांडे, दिलीप मिश्रा और सच्चिदानंद के द्वारा पूजा अर्चना कराकर एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी श्रद्धालुओं के कलश में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा कोनबीर होते हुए कलिगा स्थित दुर्गा मंडप पहुंची।

जहां मां आदिशक्ति की श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। तत्पश्चात बजरंगबली अखाड़े में हो रही चैती दुर्गा पूजा के पंडाल में सभी कलश की स्थापना की गई। मौके पर संरक्षक सुनील कुमार साहू, उपाध्यक्ष नीरज कुमार साहू, सचिव प्रवीण रोशन सिंह, घनश्याम महतो, रितेश शाही, परमानंद महतो, रितेश ठाकुर, नवल साहू, पूरण बड़ाइक, संतोष ठाकुर, रघु महतो, गणेश समेत सदस्य उपस्थित थे।

## सांसद ने आरकेडी कंपनी में मरे दो युवकों का मामला संसद में उठाया

**सड़क निर्माण में पेड तो काटे गये लेकिन उतना नहीं लगाया गया और नहीं बनी अमृत सरोवर**

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। सांसद सुखदेव भगत ने लोकसभा में आरकेडी कंपनी के रेडवा प्लांट में 17 जून 2023 को मिक्सिंग प्लांट में पिस कर मरे दो युवक प्रदीप उरांव एवं भरत गोप का मामला उठाया। युवकों की मौत के बाद एनएचआई और आरकेडी कंपनी के द्वारा मामले को लिपापोती करने का काम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी उम्र बढ़ाकर लिखा गया। साथ ही कंपनी के द्वारा एनएचआई के किसी भी गाईड लाईन को पूरा नहीं किया गया। रोड निर्माण में पेड़ काटे गए पर नियमानुसार जितने पेड़ लगाने थे नहीं लगे। केंद्र सरकार के निर्देश पर अमृतसरोवर योजना के तहत तलाब निर्माण किया जाना था। परंतु एक भी तलाब नहीं बना। उन्होंने इस घोर अनियमितता की समुचित जांच कर करवाई करने की मांग की है।

## गुमला जिले में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन की दिशा में चल रहा है कार्य

**30 अप्रैल तक पूरे जिले में 100% स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने का लक्ष्य**

खबर मन्त्र संवाददाता

**अभियान की शुरूआत एक नवंबर 2023 को डुमरी प्रखंड के भगटीटोली हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से हुई थी**

गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला जिला प्रशासन सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अभियान की शुरूआत 1 नवंबर 2023 को डुमरी प्रखंड के भगटीटोली हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से हुई थी। इस पहल के तहत बासिया और बिशुनपुर प्रखंडों में 17 फरवरी 2025 तक 100% स्क्रीनिंग पूरी कर ली गई है। बिशुनपुर प्रखंड जिसकी लक्षित आबादी 57,137 है और जहाँ विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की संख्या अधिक है, को पीएम जनमन योजना के तहत पूर्ण रूप से कवर किया गया। इसी प्रकार बासिया प्रखंड जिसकी लक्षित आबादी 69,579 है। यहां भी यह लक्ष्य प्राप्त किया गया। अब तक जिले में कुल 4.95 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई है। जिसमें 364 पुष्ट मामले, 1,749 वाहक और 1,475 संदिग्ध मामले पाए गए हैं। इन आंकड़ों के मद्देनजर, जिला प्रशासन ने प्रभावित मरीजों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू की है। जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसके अतिरिक्त हाइड्रॉक्सीयूरिया उपचार की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। जिससे वर्तमान में 158 मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। सदर में हीमोग्लोबिनोपैथी से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष डे केयर सेंटर की स्थापना की गई है। जहां थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों को बेहतर उपचार मिल रहा है। यह केंद्र जिला प्रशासन और एनजीओ द विशिंग फैक्ट्री के संयुक्त प्रयास से स्थापित किया गया है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला जिला प्रशासन का लक्ष्य 30 अप्रैल तक पूरे जिले में 100% स्क्रीनिंग सुनिश्चित करना है। इसके लिए, प्रखंड और पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस ने घाघरा में किया फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा पुलिस के द्वारा रामनवमी पर्व को लेकर गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान सीओ आशीष कुमार मंडल, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानेदार शिवशंकर मरांडी, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार, अनिकेत कुमार, विकास कुमार के अलावे कई पुलिस के जवान शामिल थे। इस दौरान थानेदार शिवशंकर मरांडी ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। किसी भी तरह की आपत्तिजनक गतिविधि से बिल्कुल दूर रहे। असमाजिक तत्वों की जानकारी यदि होती है तो त्वरित थाना को सूचित करे ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से पहले रोका जा सके। पुलिस की नजर हर असमाजिक गतिविधि पर है कोई भी यदि असमाजिक गतिविधि करते दिखे तो उसे पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। साथ ही उन्होंने बाइकर्स और नाबालिक जो सड़कों पर अनावश्यक गाड़ियां दौड़ते है उसे भी हिदायत दिया है।

## सुंदरकांड व हवन पूजन के साथ शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में नये सत्र का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को नए सत्र का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधकारिणि समिति के सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मधुमिता शर्मा, जामवंती मिश्रा, अनीता देवी, मंजू देवी, जया मिश्रा, सुप्रिया घोषाल, श्याम सुंदर कुमार, दिनेश सिंह, प्रमेंद्र सिंह, विकास भारती, अमन कुमार, मुकेश कुमार सिंह, जोधन सिंह, दिलीप कुमार, श्वेता संदेश, नीलिमा सिंह, प्रोन्नति यादव, सामूहिक रूप से मां सरस्वती, ऊं, मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, एवं पुष्पार्चन किया। विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या, भैया-बहन एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सत्रारंभ में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं हवन के साथ में सत्र का प्रारंभ किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि 4 अप्रैल से कक्षा प्रारंभ होंगे।

नए सत्र में संचालन हेतु सभी तैयारियां कर ली गई है। तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन कर पूरे वर्ष हेतु कार्य योजना तैयार कर लिया गया है। नए सत्र में छात्रों को नयापन का अनुभव प्राप्त होगा। सत्रारंभ का संचालन जामवंती मिश्रा ने किया। पूजन हवन के बाद भैया-बहनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

नई ऊर्जा के साथ नई कक्षाओं में पठन-पाठन और विद्यालय अनुशासन बनाए रखने की शुभकामनाएं दी गई। प्रभु राम एवं हनुमान आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# जेएसजेएमएम का सुप्रीमो प्रदीप गंझु व किशुन गिरफ्तार

## दो देसी रायफल, जिंदा कारतूस, मोबाइल एवं संगठन का पर्चा बरामद

▶▶ उलगड़ा स्थित औरंग नदी पुल निर्माण में लगी कंपनी के गार्ड बालगोबिंद हत्याकांड का मुख्य आरोपी था प्रदीप

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस कप्तान कुमार गौरव के कुशल नेतृत्व में लातेहार पुलिस की टीम ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा के विरुद्ध बड़ी सफलता अर्जित की है। बीते 26 दिसंबर 2024 की रात्रि सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत उलगड़ा स्थित ओरंग नदी पर पुल निर्माण कार्य में लगी कंपनी के रात्रि प्रहरी बालगोविंद साव हत्याकांड में संलिप्त मुख्य आरोपी जेएसजेएमएम संगठन के सुप्रीमो प्रदीप गंझु उर्फ प्रदीप सिंह पिता स्व. करीमन गंझु (बुलहु चंदवा) व किशुन भगत उर्फ किशुन जी (कुमाड़ लातेहार) को हथियार के साथ पुलिस दबोचने में सफल रही। गुरुवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि प्रदीप गंझु व किशुन भगत उलगड़ा स्थित ओरंग नदी पूल निर्माण कार्य में लगी कंपनी के लोगों के साथ पुनः अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में क्षेत्र में भ्रमणशील है, एवं 1 अप्रैल को चंदवा के नगर ग्राम में देखा गया है। सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई, जिसमें दोनों को दबोच लिया गया, दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो देशी सिंगल शॉट राइफल, 8 एमएम का दो जिंदा गोली, एक खोखा, मृतक से लूट गया मोबाइल व झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा का पर्चा बरामद किया है। एसपी श्री गौरव ने आगे बताया कि गिरफ्तार प्रदीप गंझु उर्फ प्रदीप सिंह व किशुन भगत का पुराना अपराधी इतिहास रहा है। प्रदीप के विरुद्ध चंदवा थाना में पांच व लातेहार एवं विशुनपुर थाना में एक एक आपराधिक मामला दर्ज है। जबकि किशुन भगत के विरुद्ध चंदवा थाना में दो एवं लातेहार थाना में एक आपराधिक मामला दर्ज है। विदित हो कि बीते 26 दिसंबर की रात्रि सदर थाना क्षेत्र के उलगड़ा स्थित आरंग नदी पुल निर्माण कार्य में लगी कंपनी के गार्ड बाल गोविंद साव की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी, उक्त हत्याकांड की जिम्मेदारी जेएसजेएमएम संगठन के प्रदीप गंझु ने ली थी। मामले में लातेहार थाना में कांड संख्या 211/24 24 में विभिन्न धाराओं के साथ मामला दर्ज कर घटना में संलिप्त पांच अभियुतो को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।


एसपी कुमार गौरव जानकारी देते हुये।

### अभियान में ये थे शामिल

छापामारी अभियान में एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी दुलर चौड़े, पुअनि राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय मनोज कुमार सुरेंद्र कुमार महतो, राहुल सिन्हा, रमाकांत गुप्ता, सअनि मनीष राय, संतोष कुमार, आरक्षी राजेश कुमार शर्मा, प्रताप भुइयां, प्रवेश यादव एवं तकनीकी शाखा के पंकज कुमार शुक्ला शामिल थे।

## चैती छठ पूजा में प्रशासन की अनदेखी : गंदगी से अटा रहा घाट, नदी में बिखरा था गंदगी


मुख्य छठ घाट पर स्थिति बदहाल।

**बरवाडीह।** श्रद्धा और आस्था के महापर्व चैती छठ पूजा के दौरान प्रखण्ड प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। घाटों की सफाई न होने के कारण श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय नदी और तालाबों में गंदगी फैली रही, और यहां तक कि नदी में सूअरों को घूमते देखा गया, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। छठ पूजा में पवित्रता का विशेष महत्व होता है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण घाटों की साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया। अक्टूबर-नवंबर में मनाए जाने वाले कार्तिक छठ महापर्व के दौरान स्थानीय पूजा समिति द्वारा घाटों की सफाई कराई जाती है, इसके अलावा कार्तिक छठ पर साफ सफाई के लिए प्रशासन भी सक्रिय हो जाता है, लेकिन चैती छठ में घाटों की सफाई को नजरअंदाज किया जाता है, यह भेदभाव क्यों? छठ तो आस्था का पर्व है, चाहे वह साल में किसी भी समय हो। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि चैती छठ के दौरान भी घाटों की सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी को असुविधा न हो।

## राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ की भूमि सीमांकन के नाम पर की जा रही खानापूर्ति : अनीता देवी



**बालूमाथ।** राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय में भूमि सीमांकन के नाम पर खाना पूर्ति करने का आरोप लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लगाया है इस संबंध में जानकारी देते हुए अनीता देवी ने बताया कि पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार गुरुवार को प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ का सीमांकन तिथि निर्धारित थी 'अंचलाधिकारी बालूमाथ के द्वारा मापी के संबंध में जो पत्र जारी किया गया है वह पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण है 'पत्र में लिखा है की दिनांक 3/4/2025 को खाता नंबर 7 प्लॉट नंबर 69 और खाता नंबर 560 प्लॉट नंबर 74 की मापी की जाएगी 'ऐसी स्थिति में जब एक तरफ दान पत्र के अनुसार विद्यालय की भूमि 9 एकड़ 10 डिसमिल है और हाल सर्वे की त्रुटियों के कारण जमीन घटकर 6 एकड़ 10 डिसमिल हो गई है 'ऐसी स्थिति में सिर्फ दो प्लॉट की मापी करने से विद्यालय की जमीन स्पष्ट रूप से सीमांकित नहीं हो पाएगी 'मापी जब भी हो, पुराने दानपत्र के अनुसार ही होनी चाहिए 'हाल सर्वे के आधार पर की गई मापी त्रुटिपूर्ण होगी और इस तरह से विद्यालय की जमीन दूसरों के हाथ लग सकती है 'उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले में अंचल प्रशासन पहले से ही उदासीन बना हुआ है 'वही इस संबंध में विद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि दान पत्र एवं उससे संबंधित सभी दस्तावेज कई बार अंचल कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है, लेकिन अंचल कार्यालय की संचिका से बार-बार दस्तावेज गायब हो जाता है। साथ ही अतिक्रमणवाद 3/23-24 का अभिलेख भी कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। जिसमें स्पष्ट रूप से वर्तमान अर्धनिर्मित संरचना को हटाने का आदेश पारित था।

## मौषम का बदला मिजाज, गरज मलक के साथ हुई बारिश

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे अचनाक तीन बजे से मौषम का मिजाज बदल गया। मौषम का मिजाज बदलते ही चारो ओर बादल छा गया। गरज मलक के साथ आंशिक रूप से बारिश हुई। बारिश होने से गरमी से लोगो को काफी राहत मिली है। तापमान मे गिरावट हुआ है। हालांकि महुआ को काफी नुकसान हुआ है। क्षेत्र मे लोग महुआ चुनकर आय का श्रोत बढ़ाते हैं। मौषम के बदलते मिजाज से महुआ काफी क्षति हुआ है। प्रखंड मुख्यालय बारियातू सहित डाढ़ा, फूलसु, बालूभांग, साल्वे, गोनिया, सिबला, अमरवाडीह, टोटी पंचायत मे तीन बजते ही बादल छाया रहा और आंशिक रुप से बारिश हुई।

# चैती छठ महापर्व पर देवनद तट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता





**चंदवा।** चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था का महापर्व चैती छठ प्रखंड भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। चंदवा के देवनद दामोदर तट स्थित छठ घाट पर महापर्व के तीसरे दिन संध्या बेला में सैकड़ों की संख्या में छठ व्रतियों एवं हजारों श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी भगवान भुवन भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित कर सुख समृद्धि एवं वैभव का आशीर्वाद मांगा। बेमौसम बारिश के बावजूद व्रतियों के अलावे अन्य लोगो की भीड़ छठ घाट पर उमड़ी। हल्की बूंदाबांदी से व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को हल्की परेशानी हुई, लेकिन छठ घाट पर श्रद्धालु का जन सैलाब उमड़ पड़ा। बता दें कि सूयोर्पासना का महापर्व का समापन शुक्रवार की सुबह उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने से साथ हो जाएगा। इधर स्थानीय देवनद तट पर व्रतियों के सेवार्थ वीं के एस समेत कई समितियां लगी रही। घाट की साफ-सफाई, विद्युत सज्जा, लज्जा गृह का निर्माण, बांध का निर्माण, पथ की साफ-सफाई समेत अन्य कार्य संस्थान द्वारा कराया गया है। इससे पूर्व बुधवार की शाम व्रतियों ने खरना किया था। खरना का प्रसाद खाकर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। शुक्रवार की सुबह भगवान उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर ब्रती महाप्रसाद ग्रहण करेगी। इसके बाद उपवास तोड़ा जाएगा तथा चार दिनी महा उपासना का पर्व संपन्न हो जाएगा। देवनद तट पर विवेकानंद किशोर संस्थान के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद के अलावे समिति के राजेश चंद्र पांडे, नरेश प्रसाद, मनोज सिंह, मोहनीश कुमार, मनीष कुमार, वेदांत अग्रवाल, सौरभ पांडे के अलावे अनिल प्रसाद बाल सृष्टि उच्च विद्यालय के मनोज सिंह व तमाम बच्चे श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हैं। इधर डीसी उत्कर्ष गुप्ता एवं एसपी कुमार गौरव के निदेर्शानुसार प्रशासनिक टीम महापर्व के दौरान सुविधा को दुरुस्त करने में मुस्तैद दिखे। सीओ जयशंकर पाठक एवं बीडीओ चंदन प्रसाद ने घाट पर पहुंच कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली।

### चैती छठ पर्व का पहला अर्घ्य मे उमड़े भींड



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र मे लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का पहला अर्घ्य गुरुवार शाम को 6:40 मे सूर्यदेव को दिया गया। वहीं बारियातू प्रखंड मुख्यालय सहित कई गांव पंचायत मे व्रतियों ने छठ किया। शुक्रवार सुबह 6:8 बजे उगते सूर्य की अर्घ्य देकर विसर्जन किया जायेगा। बुधवार को छठ माँ के भजन व बाजे गाजे के साथ खरना किया गया। गुरुवार को सभी श्रदालू अपने अपने नजदीकी तालाब व नदी पहुंच कर पहला अर्घ्य दिया। उसके पश्चात वैदिक मन्त्रोंचार के साथ पूजन की गई।

## कार एक्सेसरीज की नयी दुकान खुली



**लातेहार।** शहर के पोचरा मोड़ के पास गुरुवार को कार एक्सेसरीज की नई दुकान 'कार जॉन' का शुभारंभ हुआ। दुकान संचालक विकास साहू और मनित मगन द्विवेदी ने बताया कि यहां कार से जुड़ा हर सामान मिलेगा। ग्राहकों को उचित दाम पर सभी एक्सेसरीज उपलब्ध कराई जाएंगी। दुकान में सीट कवर, एलईडी, एंड्रॉयड सिस्टम, स्पीकर और फिटिंग समेत सभी मॉडल के सामान मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अब तक यहां के कार मालिकों को एक्सेसरीज के लिए रांची या डाल्टेनगंज जाना पड़ता था। अब यह सुविधा शहर में ही मिल जाएगी।

# लाल मोती नाथ को कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा लाल मोती नाथ शाहदेव को पांचवी बार लातेहार जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर जिले के झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष है। यही कारण है कि पांचवी बार जिला अध्यक्ष बनने के बाद जब श्री शाहदेव पहली बार लातेहार पहुंचे तो स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। उनका मुंह मीठा कर उन्हें बधाई दी। स्थानीय परिसदन मे श्री शाहदेव ने झामुमो की एक औपचारिक बैठक में भी शामिल हुए। इसमें झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम मुख्य रूप से शामिल थे। बैद्यनाथ राम ने श्री शाहदेव की कार्यकुशला की प्रशंसा की और कहा कि श्री शाहदेव के नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें एक बार फिर लातेहार जिला का झामुमो अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होने कहा कि श्री शाहदेव को एक बार फिर जिला अध्यक्ष बनाये जाने से लातेहार जिला में झामुमो और अधिक सशक्त होगा। गांव-गांव में संगठन का विस्तार होगा। वहीं जिला अध्यक्ष श्री शाहदेव ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेवारी उन्हें पुनः सौंपी है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरेगें। उन्होने कहा कि आज जिला व प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं ने बैठक कर सामुहिक रूप से कार्य करने का निश्चय किया है। पूरी जिला की टीम एकजुट हो कर संगठन के लिए कार्य करेगी। सरकार की नीति व सिद्धांतो को गांव गांव तक पहुंचायेगी। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाआ का लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होने कहा कि आज की इस बैठक में झामुमो अध्यक्ष दिशोम गुरू शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन व कल्पना सोरने का आभार प्रकट किया गया। मौके पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे समेंत झामुमो के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव


प्रखंड कार्यालय का घेराव करती महिलायें।

**बरवाडीह।** मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित प्रखंड की सैकड़ो महिलाओं ने संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले गुरुवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया और सरकार के विरोध जमकर नारेबाजी की। प्रखंड कार्यालय पहुंची महिलाओं ने राज्य की हेमंत सरकार पर मंईयां सम्मान के नाम पर 2500 देने का वादा करके इसके। लाभ से वंचित रखते हुए उनके साथ धोखा करने का आरोप लगाया। महिलाओं का नेतृत्व कर रहे जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार अपने चुनाव के वादे के तहत राज्य के माता बहनों को गुमराह करके वोट की राजनीति करने का काम किया है, जिसका नतीजा है कि आज महिलाओं को अपने हक अधिकार और सम्मान के पैसे के लिए रोजाना पंचायत और प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि अगर राज्य की सरकार बिना किसी नियम कानून का हवाला दिए पूर्व की तरह मईया सम्मान योजना की राशि नहीं देती तो फिर मुख्यमंत्री आवास और राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और सीओ मनोज कुमार ने सभी की मांगों को सरकार तक पहुंचने का आश्वासन देने के साथ-साथ सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने में आ रही परेशानी को दूर करने का भरोसा दिलाया। मौके पर उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, पंचायत समिति प्रवीन कुमार, धीरज कुमार, मालती देवी, प्रमिला देवी, देवंती देवी समेत सैकड़ो सख्या में महिला मौजूद थी।

## विद्यालय की भूमि पर विवाद, ईसाई समुदाय के लोगों ने रोका विद्यालय बाउंड्री निर्माण कार्य



**महुआडांड।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत गढ़बुढ़नी पंचायत के ग्राम चुटिया स्थित प्राथमिक मध्य विद्यालय चुटिया में चल रहे बाउंड्री निर्माण के कार्य को प्रखंड के लगभग 7 से 8 गांव के ईसाई समुदाय के महिला पुरुषों के द्वारा विरोध करते हुए बंद करा दिया। लोगों का कहना था कि यह जमीन मिशन का है, जिस पर बाउंड्री किया जा रहा है। जो हम लोग कभी नहीं होने देंगे। हालांकि जिस भूमि पर बाउंड्री किया जा रहा है, जिसका खाता संख्या 74 कुल रकबा 3.36 एकड़ भूमि खतियान में शिक्षा विभाग बिहार सरकार के नाम से दर्ज है।और यहां पूर्व से निर्मित विद्यालय भवन भी है जिसमें सैकड़ो की संख्या में बच्चे पढ़ाई करते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने बताया उक्त भूमि पर पूर्व में भी प्रथम पक्ष के द्वारा दो एकड़ 15 डिसमिल भूमि मिशन का होने का दावा किया गया था। जिस पर फैसला आने के बाद बी एन एस एस 163 लागु करते हुए प्रथम पक्ष को उक्त भूमि पर जाने से रोका गया एवं संवेदक को बाउंड्री निर्माण करने का आदेश दिया गया था। लेकिन सरकारी आदेश की अहेलना करते हुए द्वितीय पक्ष के लगभग 50 से 60 लोगों के द्वारा सरकारी कार्य को बाधित करते हुए कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया। जिसके कारण उक्त भूमि पर बी एन एस एस 164 लागू कर दिया गया है तथा आगे की सुनवाई की जाएगी।

## रांची सासाराम एक्सप्रेस से फिसल कर गिरा युवक, रेल पुलिस की तत्परता से बची जान



**चंदवा।** बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन प्लेटफार्म नंबर पांच पर गुरुवार की देर शाम रांची सासाराम एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक युवक का पैर फिसल गया, पैर फिसलने के बाद युवक असंतुलित होकर गिर गया, हालांकि स्टेशन में तैनात आरपीएफ के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन से गिरे युवक को रेल ट्रेक नीचे जाने से बचा लिया। जिस कारण उसकी जान बच गई। आरपीएफ की पहल पर चंदवा सीएचसी से 108 एम्बुलेंस मंगा कर घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा आया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल युवक की पहचान सत्येंद्र सिंह 30 वर्ष कुमंडी लातेहार के रूप में हो रही है। जानकारी के अनुसार युवक केरल काम करने गया था जहां से वह घर लौट रहा था, रांची पहुंचने के बाद वह सासाराम एक्सप्रेस में सवार होकर लातेहार आ रहा था, इसी दौरान उक्त हादसा हुआ। फिलहाल घायल युवक की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## बालूमाथ के ट्रक मालिको ने कोलियरी में दिया धरना


धरना में मौजूद ट्रक मालिक।

**बालूमाथ।** विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन के बैनर तले बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में 24 सूत्री मांग को लेकर धरना दिया। धरना में शामिल लोगों ने बताया कि हम लोगों की मुख्य मांगे हैं कि कोयला का रेजिंग में सुधार किया जाये,ट्रक से ही कोयला का ढुलाई कार्य हो, कोयले में लगी आग को बुझाया जाये,अच्छा ग्रेड के कोयला जी12 का सेल में ऑप्शन निकाला जाये, विस्थापित प्रभावित गांवों को फ्री बिजली मिले, विस्थापित-प्रभावित गांवों में अस्पताल और उच्च शिक्षा की व्यवस्था हो,एसओपी नियम के तहत कोलियरी में ट्रकों का प्रवेश एवं लोडिंग कराया जाए,कोलियरी के आसपास गांव में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाये। पिंडारकोम से नगडा गांव तक पानी का छिड़काव किया जाये,पेलोडर की जगह मैन्युअल लोडिंग किया जाए सहित कई मांगे शामिल है। मौके पर कमलेश सिंह, मो. साकिब, मो. जुनेद मुन्ना खान, बबन इटके, मो. नासिर, हनी खान, मो. कैलू, मो. फिरोज, मो. सरवर, मो. अरशद, नामेश्वर गुप्ता, अर्जुन साव, पंकज सिन्हा समेत बालूमाथ के कई ट्रक मालिक शामिल थे।

## हवन पूजन के साथ नवीन सत्र 2025-26 का हुआ शुभारंभ



**बारियातू।** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ नवीन सत्र 2025 -26 का शुभारंभ किया गया। कृष्ण कुमार मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोचार द्वारा हवन पूजन कार्य संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ,शशि कुमार सिंह, वीणा देवी, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार एवं समस्त आचार्य जी एवं दीदी एवं छात्र छात्राओं द्वारा भक्तिपूर्ण वातावरण में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ कर विद्यालय के सफल संचालन की मंगल कामना की गई। विद्यालय परिवार एवं समस्त छात्र छात्रा भी मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन में शामिल हुए। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया कि विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का आरंभ किया जाता है। 4 अप्रैल 2025 से विधिवत रूप से कक्षाएं चलेंगी। सभी अभिभावक बंधु विश्वास के साथ इस विद्यालय में भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित संस्कार युक्त शिक्षण हेतु अपने छात्र छात्रा को भेजें। इस मौके पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# बरवाडीह में प्रशासन की नाक के नीचे फल-फूल रहे हैं दर्जनों अवैध बंगला ईंट भट्ठे

## कार्रवाई के नाम पर सीओ ने थमाये सिर्फ नोटिस, अवैध भट्ठों पर नहीं लगी रोक

▶▶ सरकार को टेक्स और राजस्व का हो रहा है भारी नुकसान

▶▶ धुएं और हानिकारक गैसों के कारण वायु प्रदूषण तो तेजी से बढ़ ही रहा

दीपक राज

**बरवाडीह ।** प्रशासन की अनदेखी के चलते क्षेत्र में दर्जनों अवैध बंगला ईंट भट्ठे धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इन अवैध भट्ठों से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकार को भारी राजस्व हानि भी हो रही है। ये भट्ठे बिना किसी लाइसेंस और पर्यावरणीय मंजूरी के संचालित हो रहे हैं। ये ईंट भट्ठे बड़ी मात्रा में धुआं और हानिकारक गैसें उत्सर्जित कर रहे हैं, जिससे स्थानीय वायु गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा, खेतों की उपजाऊ मिट्टी का अवैध दोहन भी किया जा रहा है, जिससे कृषि भूमि की उर्वरता कम हो रही है।


तेजी से फल फूल रहे है अवैध बंगला ईंट भट्ठे।

### कार्रवाई के नाम पर दिखावा

सीओ ने अवैध रूप से संचालित हो रहे दर्जनों ईंट भट्ठों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई का दिखावा करते हुए कई बार नोटिस थमाए लेकिन इन नोटिसों का अब तक कोई असर देखने को नहीं मिला है, क्योंकि भट्ठों का संचालन बिना किसी रुकावट के जारी है। दूसरे ओर जिला टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अवैध धंधों को बंद कराने के सख्त निर्देश सभी अंचलाधिकारी को दिये है। लेकिन जिले के वरीय अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी यहां खुलेआम हो रही है, क्योंकि अगर प्रशासन वाकई गंभीर होता, तो अब तक ये अवैध भट्ठे बंद हो चुके होते। इन अवैध भट्ठों से निकलने वाले धुएं और हानिकारक गैसों के कारण वायु प्रदूषण तो तेजी से बढ़ ही रहा है। वहीं भट्ठों में काम करने वाले मजदूरों को किसी प्रकार की सुरक्षा सुविधायें भी नहीं मिल रही है। प्रशासनिक लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अवैध भट्ठों से बिना किसी वैध परमिट और बिल के ही ट्रैक्टर से बड़े पैमाने पर ईंटों की आपूर्ति की जा रही है, जिससे सरकार को टैक्स और राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।

### अब सवाल यह है कि प्रशासन जागेगा कब?

अवैध कारोबार को लेकर प्रशासन की यह ढीली कार्रवाई सवालों के घेरे में है। क्या यह भ्रष्टाचार का नतीजा है, या फिर प्रशासन की नाकामी? अब देखना होगा कि क्या ये नोटिस सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहेंगे, या फिर सच में कोई कड़ी कार्रवाई होगी। इस संबंध में अंचल अधिकारी मनोज कुमार से पूछने पर उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि प्रखंड में संचालित सभी अवैध भट्ठों की सूची बनाकर इसकी रिपोर्ट जिला के वरीय अधिकारियों को भेज दी गई है।

# सरहुल पूजा शोभायात्रा में हुये हमले का विहिप ने किया निंदा

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ हमला और मारपीट करने वाले कट्टरपंथियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा जोरदार आंदोलन: छोटू वर्मा



**रामगढ़।** रांची जिला के पिठोरिया थाना क्षेत्र के हेठबालू गांव में सरहुल पूजा की शोभा यात्रा में शामिल आदिवासी समाज के लोगों के ऊपर मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा हमला और मारपीट किया गया। इस घटना की निंदा करते हुए विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कड़ा विरोध दर्ज किया है। आगे उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पिठोरिया थाना क्षेत्र के हेठबालू गांव में शांति पूर्ण तरीके से आदिवासी समाज के द्वारा सरहुल पूजा के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई थी लेकिन मुस्लिम कट्टरपंथियों के द्वारा आदिवासी समाज के लोगों के शोभायात्रा में सुनियोजित तरीके से जानबूझ कर हमला और मारपीट किया गया है। इस हमले में कट्टरपंथियों में महिलाओं और लड़कियों से भी छेड़छाड़ किया है। जानकारी के अनुसार इस घटना में शोभायात्रा का नेतृत कर रहे आदिवासी समाज के पहान सहित 8 लोग इस हिंसा में घायल हुए हैं। घायलों में नगदेव पहान, रवि मुंडा, करण मुंडा, संदीप मुंडा, अरविंद मुंडा, अजय मुंडा और विजय मुंडा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आरिफ अंसारी ने हथियार लहराया और आदिवासी समाज को डराया, आदिवासी समाज के लोगों ने उसे पकड़ के पुलिस को सौंप दिया गया है, राज्य सरकार से पूछना चाहते हैं कि थाना में पर्व त्योहार को लेकर शांति समिति के बैठक होने के बाद भी आखिर क्यूं मुस्लिम कट्टरपंथियों के द्वारा हिन्दुओं के पर्व त्योहार और शोभायात्रा में हमला और मारपीट किया जिता है,ये राज्य को सोचना चाहिए और ऐसे कट्टरपंथियों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। हिन्दुओं को दिग्भ्रमित करने के लिए कट्टरपंथियों के द्वारा हिन्दुओं के त्योहार में पुष्प वर्षा किया जाता लेकिन कट्टरपंथि इससे विपरीत कार्य करते हैं जबकि हिंदू समाज के लोग कभी भी मुस्लिम समुदाय के पर्व त्योहार में बांधा नहीं डालते हैं। आगे उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं हुए कहा कि शोभायात्रा में हमला और मारपीट करने वाले मुस्लिम कट्टरपंथियों को चिन्हित करके जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई करें नहीं तो विश्व हिन्दू परिषद आंदोलन जोरदार आंदोलन करेगा।

स्पीड न्यूज

## कोर्ट में मॉर्निंग सिटिंग नहीं, 10.30 से 4.30 बजे तक चलेगी अदालत

**बोकारो।** बोकारो समेत राज्य के सभी सिविल कोर्ट में अब मॉर्निंग सिटिंग नहीं होगी। कोर्ट की कार्यवाही अब पूर्व की भांति सुबह 10.30 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेगी। हाईकोर्ट ने सिविल कोर्ट रूल-2 के तहत इसकी जगह सुबह 10.30 बजे से शाम 4:30 बजे तक कोर्ट की कार्यवाही करने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि सदियों से ये परंपरा रही है कि झारखंड के सभी न्यायालयों में पहले अप्रैल से लेकर 30 जून सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक मॉर्निंग सिटिंग की जाती थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया। यह नया नियम बोकारो में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया इस वर्ष से सिविल कोर्ट में गर्मी छुट्टी भी 25 मई से लेकर 6 जून तक होगा। उक्त जानकारी वरीय अधिवक्ता रणजीत गिरि ने दी।

## भाकपा माले चंडीपुर लोकल कमेटी के सचिव बने राजू महतो



**बोकारो/ कसमार।** भाकपा माले चण्डीपुर लोकल कमेटी की बैठक चंडीपुर हरि मंदिर के प्रांगण में राजू महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य कॉ शकूर अंसारी कसमार अंचल के सचिव गंगाधर महतो उमाशंकर महाराज आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक को सम्बोधित करते करते हुए का शकुर अंसारी ने कहा कि कसमार अंचल की ज्वलंत समस्याओं एवं सरकार और प्रशासन में व्याप्त अनियमितता के विरुद्ध 22-24 अप्रैल को बोकारो में प्रस्तावित राज्य सम्मेलन के बाद प्रखण्ड मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से चण्डीपुर लोकल कमेटी का गठन किया गया जिसके सचिव कॉ राजू महतो व मृत्युंजय महतो उत्तम कुमार महतो सुभाष कुमार शंकर महतो पंकज कु महतो मेहीलाल महतो संजय महतो उमेश महतो रामसेवक महतो व कैलाश महतो लोकल कमिटी के सदस्य बने। निर्णय लिया गया कि चण्डीपुर में अधिक से अधिक सदस्य बनाये जायेंगे एवं 22 अप्रैल को होने वाली राज्य स्तरीय सभा में चंडीपुर से 100 लोगों को शामिल कराया जाएगा। बैठक में उत्तम कुमार महतो मेहीलाल महतो मृत्युंजय महतो कैलाश महतो उमेश महतो कामेश्वर करमाली पंकज कु महतो शंकर महतो संजय महतो राम सेवक महतो मंगल सिंह मुण्डा कौशल कुमार सुभाष कुमार आदि उपस्थित थे।

## आज भी बूढ़े बुजुर्गों जेपी आंदोलनकारियों की भीड़ गोड्डा के शहीद स्तंभ पर

**गोड्डा।** जेपी आंदोलनकारियों का इतिहास और भूगोल दोनों एक ही है कोई नेता बन गया कोई अभिनेता कोई भ्रष्ट्राचारी बन गया कोई लुटेरा जिसने जनता को लूटा राज्य को लूटा और देश को लूटा सम्माननीय बनकर जिंदगी भर मौज मस्ती कर अपनी जिंदगी गुजारी और कानूनी फंडा से अपने उत्तराधिकारी को आगे बढ़ाया। एक पीढ़ी जुर्म की बुनियाद पर अपनी इमारत खड़ी कर लेता है तो दूसरी पीढ़ी फिर सत्ता में आकर शासन सम्हाल लेता है और अपनी इमारतें और ऊंची कर लेता है जातिवाद, समीकरण, अपराधियों और दबंगों के समूह के बल पर सत्ता में बने रहता है। आम जनता के साथ वो जेपी आंदोलनकारी किसी तिलस्म की भांति इस दृश्य को देखते रहने को मजबूर हैं। इन आंदोलनकारियों में आधे से ज्यादे मर खप गए एक चौथाई लोग बचे हैं जो आज भी आश लगाए बैठे हैं कि बीजेपी सरकार एक बार नजर उठा कर तो देख ले। बिहार और झारखंड में कुछ लोगों को पेंशन मिली जो 3 माह और छह माह जेल में बंद रहे लेकिन पुलिस से आंख मिचौली करते हुए जो 1 माह जेल में रहे और। बाकी समय मुकदमा लड़ते रहे और पुलिस से लुकाछिपी का खेल खेलते रहे उनके लिए सरकार ने क्या किया?

# अवैध खनन व परिवहन रोकने हेतु प्रशासन ने काटी ट्रेंचिंग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला खनन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध बालू खनन पर अंकुश लगाने को लेकर टीम ने कार्रवाई की। टीम ने पेटरवार प्रखंड के असनापानी गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जिस सड़क के माध्यम से असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा था- उसमें टीम द्वारा जेसीबी से ट्रेंच काटी गई ताकि बालू के अवैध खनन पर रोक लगाई जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके पूर्व ग्रामीणों ने अवैध बालू खनन तथा ट्रैक्टरों से परिवहन को लेकर विरोध किया था। इसके बाद मामला प्रकाश में आने के बाद आज प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। उक्त कार्य में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। इस आशय की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने दी।

## छठव्रतियों के बीच फल का वितरण

**बेरमो।** बरनवाल महिला समिति, फुसरो-बेरमो पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फल वितरण कर रही है, इसमें समिति अध्यक्षा अर्चना बरनवाल, संरक्षिका मंजू बरनवाल, श्वेताजी, पुष्पलता चाची, पुष्पाजी, सविता, रानी, सोनी, गीता, रेखा, कोषाध्यक्ष विनय बरनवाल आदि उपस्थित थे।

### अदानी कंपनी से अपनी मांगों को लेकर

# भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** मोतिया ग्राम में विद्युत उत्पादन करने में लगी अदानी कंपनी की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं हो रही । हर दो चार माह बाद कोई न कोई मांग लेकर ग्रामीण, मजदूर ,जमीन देने वाले ,खेती करने वाले एक नए नेता के साथ अपनी मांगें को लेकर अदानी के द्वार पर धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल का कार्यक्रम किया जाता है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण, मजदूर, खेतिहर किसान :** जमीन का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है जबकि कंपनी कहती है मुआवजा दे दिया गया है ,उसमें विवादित मलकियत के चलते उनके रूपए जमा कर दिए गए हैं जो कोर्ट के द्वारा निर्णय होने पर सही रैयतों को मुआवजा मिलेगा क

ग्रामीण मजदूर जो खेतों में मजदूरी करते थे उन्हें कोई



मुआवजा नहीं मिला है जबकि कंपनी ने 5लाख रुपया देने का वादा किया था। कुछ लोगों ने अपनी जमीनें बेच दी थी और खेती करने वालों ने ही जमीन खरीदी थी ,मुआवजा रैयतों को मिल गया और जमीन खरीदने वाले ठगे रह गए। मजदूरों और ग्रामीणों को आज भी आश है कि कंपनी अपने वादे के मुताबिक उन्हें नौकरी नकद भुगतान और अन्य सुविधाएं मुहैया कराएंगी जो उन्होंने वादा किया था ।इस तरह की मांगें पहले भी उठती रही हैं लेकिन नेतृत्व करने वाले बिक जाते हैं और मामला कुछ दिन शांत हो जाता है। जब ग्रामीण और मजदूर ठगे जाते हैं तो फिर संगठन बना कर एक दूसरे नेतृत्व में अपना आंदोलन आगे बढ़ाते हैं ।टेंट शामियाना लगा कर कंपनी मांगों के साथ इस बार भी कंपनी पर दवाब बनाने की कोशिश की जा रही है।

# जेईई मेन- 2 की परीक्षा में 715 अभ्यर्थी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) बोकारो में शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। 2 से 9 अप्रैल की अवधि में हो रही इस परीक्षा के पहले दिन बोकारो के दो केन्द्रों पर कुल 715 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 37 अनुपस्थित रहे। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी में बनाए गए सेंटर पर पहली पाली में कुल 137 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 7 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 134 उपस्थित तथा 10 अनुपस्थित रहे। चिकिसिया चास में डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में प्रथम पाली में 221 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 11 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 223 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 9 अनुपस्थित रहे। दूसरे सत्र के तहत गुरुवार को बोकारो में दो सेंटरों पर कुल 670 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

जबकि 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी में बनाए गए सेंटर पर पहली पाली में कुल 126 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 6 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 117 उपस्थित तथा 11 अनुपस्थित रहे। चिकिसिया स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में प्रथम पाली में 216 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 7 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 211 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 12 अनुपस्थित रहे। सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ गंगवार ने बताया कि जिला प्रशासन, केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों के सहयोग से उक्त दोनों ही केन्द्रों पर परीक्षाएं पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल में चल रही हैं। उन्होंने परीक्षा की सुचारू एवं शांतिपूर्ण शुरूआत को लेकर केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं जिला प्रशासन के सहयोग के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

जेईई मेन- 2 के तीसरे दिन 04 अप्रैल को अल्फा आईसीटी सेंटर पर दोनों शिफ्ट में 223-223 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जबकि दूसरे परीक्षा केंद्र आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर में पहली पाली में 112 और दूसरे शिफ्ट में 133 कैंडिडेट परीक्षा देंगे।

# झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

### संगठन की मजबूती पर गंभीरतापूर्वक मंथन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड +2 शिक्षक संघ जिला बोकारो की सिटी पार्क में संपन्न बैठक में संगठन की मजबूती पर गंभीरतापूर्वक मंथन किया गया। नवनियुक्त उपाध्यक्ष लालचंद रजक का जिला कार्यकारिणी समिति ने औपचारिक रूप से स्वागत किया एवं उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन नित्य नई ऊंचाइयों को छूएगा। अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने श्री रजक को आगामी कार्यकाल के लिए बधाई दी एवं उनके कुशल नेतृत्व की सराहना की। सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने श्री रजक के कुशल नेतृत्व कला की प्रशंसा की एवं उनकी सक्रियता को सभी लोगों के लिए प्रेरणादायी करार दिया। संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो ने श्री रजक को कुशल नेतृत्वकर्ता बताया। संबोधित करते हुए श्री रजक ने कहा कि संघ द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है- उसका वे तत्परता पूर्वक निर्वहन करेंगे। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित काव्य रचना प्रतियोगिता में विजयी रहीं प्रतिभागियों - सुमन कुमारी राखी बरनवाल श्वेता कुमारी उपाध्याय एवं प्रियंका कुमारी को पुरस्कार स्मृति-चिह्न सर्टिफिकेट एवं पुष्पगुच्छ देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष राजदेव साहू संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव वरीय सदस्य कपिल देव ठाकुर एवं अशोक कुमार महतो भी उपस्थित थे।

# जेएलकेएम कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

**गोमिया।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम महतो के निदेर्शानुसार गोमिया विधानसभा क्षेत्र के महुआटांड़ जॉन में गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय महामंत्री (युवा मोर्चा) शैलेश कुमार महतो की अध्यक्षता में कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के मजबूतीकरण पर चर्चा की गई ।वहीं टाइगर जयराम महतो के विचारधाराओं को गोमिया विधानसभा के सभी क्षेत्रों में जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में केंद्रीय महामंत्री (युवा मोर्चा) श्री महतो ने संगठन की मजबूती और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड में बदलाव लाने की जरूरत है। झारखंडी जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है ।उनके समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। खनिजों का भंडार रहते हुए भी यहां के युवा रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं। अस्पताल हैं, लेकिन रोगियों का सही तरीके से इलाज नहीं हो पाता है।

# निर्मित संरचनाओं को नहीं हटाने पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बरलंगा-नेमरा से कसमार सड़क निर्माण कार्य के तहत अधिग्रहित भूमि एवं मकान आदि संरचनाओं का मुआवजा भुगतान लेने के बावजूद कसमार अंचल अंतर्गत मंजूरा मौजा के रैयतों द्वारा संरचनाओं को नहीं हटाये जाने पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटा दिया। बता दें कि सड़क निर्माण कार्य के संवेदक गंगा कंस्ट्रक्शन के कर्मियों द्वारा बारबार आग्रह के बाद भी रैयतों द्वारा निर्मित संरचनाओं को हटाया नहीं जा रहा था। निर्धारित अवधि देने के बावजूद रैयत संरचनाओं को हटाने में आनाकानी कर रहे थे। बाध्य होकर बेरमो एसडीओ के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार कनिष्क कसमार अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार कनीय अभियंता अशीष कुमार कसमार थाना के पुलिस बल की उपस्थिति में मंजूरा मौजा के प्रकाश महतो पनीराम महतो त्रिपुरारी महतो तेज नारायण महतो आदि के द्वारा निर्मित संरचनाओं को जबरन हटा दिया गया। इस दौरान कुमार कनिष्क कार्यपालक दंडाधिकारी बेरमो ने कहा कि भू-अधिग्रहण के तहत पंचाटि रैयतों द्वारा भूमि एवं संरचनाओं का मुआवजा भुगतान के महीनों बाद भी संरचनाओं को नहीं हटाने पर एसडीओ के निर्देश पर मंजूरा मौजा में बुलडोजर चलाकर हटाया गया। सड़क निर्माण से संबंधित अन्य मौजाओं के रैयत भी अगर नहीं हटा रहे हैं तो जल्द ही उन लोगों के संरचनाओं को बुलडोजर चलाकर हटाया जायेगा।

# प्रभु पर कायम विश्वास ही कामयाबी की चाभी है : राजन जी महाराज





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सुख-दुःख, सफलता-असफलता, लाभ-हानि आदि सभी स्थिति में एक सी प्रकृति का स्वभाव बनाइये। याद करिये जब प्रभु राम के राज्यभिषेक की घोषणा हुई वो तब भी विनम्र और शांत थे और जब उनके वन गमन की सूचना हुई तब भी वो विनम्र एवं शांत रहे। यह स्वभाव तभी आएगा जब आप यह स्वीकारेंगे कि हम सब एक किसी शक्ति के हाथों संचालित हैं और हमारी डोर हमारे प्रभु के हाथों है। जितना प्रभु पर विश्वास बढ़ेगा मन उतना ही शांत रहेगा। आप एक वृक्ष की भांति हैं। जैसे पतझड़ के बाद भी जो पेड़ खड़े ही रहते है वही पेड़ वसंत में लहलहाते हैं। सीताराम सहित तीनो भाइयों के सपत्नीक अयोध्या जी स्वागत प्रसंग का जिक्र करते हुए राजन जी महाराज ने कहा कि अयोध्या स्वयं दुल्हन की भाँति सजी हुई थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो एक दुल्हन चार दुल्हनों का स्वागत कर रही है। उक्त बातें विश्वविख्यात कथावाचक राजन जी महाराज जी ने बोकारो के मजदूर मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा आयोजन के सातवें सत्र में श्री राम जी के वन गमन की सूचना के पश्चात उनके मनोदशा का वर्णन करते हुए कहा।

श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पंडाल हर दिन की भांति पूरी तरह से भरा रहा और श्रोता भावविभोर होकर तालियां बजाते रहे। केवट प्रसंग पर वाचन करते हुए राजन जी ने कहा कि प्रभु भक्त के भाव को समझते है लेकिन लीला प्रभु का एक अंग है और उस लीला में प्रभु यह सुनिश्चित करते है कि सब कुछ मानवीय लगे। केवट ने जब यह जान लिया कि नदी किनारे वल्कल वस्त्र में जो खड़े है वो कोई सामान्य व्यक्ति नही बल्कि स्वयं जगदीश है तो वो यह सुनिश्चित करने में लग गए कि कैसे ईश्वर की सेवा का अवसर ज्यादा से ज्यादा मिले और कैसे उनके साथ समय बिताने का अवसर मिले। केवट प्रंसग में कई पल ऐसे आये जब दर्शकों ने ठहाके लगाए एवम कई पल ऐसे भी आये जब उनकी आँखें नम हुई। राजा दशरथ और प्रभु राम विछोह का प्रसंग आया तो राजन जी महाराज ने माता कैकेयी के द्वारा मांगे गए राम वन गमन एवं भरत के राज्याभिषेक के पीछे की कहानी बताई और सभी को संदेश दिया कि जब भी किसी से कोई बहुत बड़ी भूल होती दिखे तो थोड़ा सा सम भाव रखिये। प्रतीक्षा करिये उस समय की जब आपको यह ज्ञात हो कि यह भी प्रभु- इच्छा है। प्रसंग का उल्लेख करते हुए राजन जी ने कहा कि राम जी का वन गमन सिर्फ राम जी का वन गमन नहीं था। यह उनके साथ साथ ब्रह्मा जी द्वारा रचित पूरे संसार के सबसे सुंदर भूभाग से खुशहाली और प्रसन्नता का गमन भी था। साथ ही सत्य पर असत्य की विजय एवं तमाम मानवीय भावनाओं पर कर्तव्य व नियंत्रण का चरितार्थ होने का प्रत्यक्ष दर्शन भी था।

## खबर एक नजर में

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रभात फेरी के साथ नया सत्र आरंभ

**बेरमो।** अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जरीडीह बाजार में हवन पूजन प्रभात फेरी के साथ नया सत्र आरंभ किया गया। प्रभात फेरी में लगभग 200 भैया बहने सम्मिलित हुए इस प्रभात फेरी में विद्यालय के सचिव अनिल अग्रवाल सहसचिव कृष्ण कुमार उपाध्यक्ष अरविंद भूषण दे कोषाध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता रंजीत चौरसिया भी सम्मिलित रहे। प्रभात फेरी में बाजार के कई समाजसेवी लोगों द्वारा बच्चों को फ्रूटी बिस्किट केला चॉकलेट शरबत इत्यादि का वितरण कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस कार्य को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय आचार्य बंधु भवानी सुरेश लाल रुबीना कुमारी महेंद्र कुमार मंडल सुभाष चंद्र झा रीता कुमारी शकुंतला कुमारी अरुण कुमार रजक शिवानी कुमारी पिंकी कुमारी श्वेता कुमारी खुशबू कुमारी काजल कुमार मंडल सुरेश लाल इत्यादि ने अहम भूमिका निभाई।

## 33 लाख टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल में पूरा करेंगे : पीओ

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) में गुरुवार को कैंटीन मे पीओ राजीव कुमार सिंह ने तीन सेवानिवृत कर्मी एमटीके अजय सिंह,फीटर सुरजन भूईया और डंपर ऑपरेटर मोतीलाल बीपी को शॉल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 33 लाख टन लक्ष्य कोयला उत्पादन का मिला है। कहा कि सभी के सहयोग से पूरा करेगे। कहा कि सुरक्षा नियम का पालन ,मेन और मशीन का उपयोग करेगे। कहा कि औद्योगिक संबंध बरकरार रखने का पूरा प्रयास करेगे। इस अवसर पर मैनेजर मुनीनाथ सिंह ने सभी को माला पहनाकर और उपहार देते हुए उनके सुखमय भविष्य की कामना की। आरसीएमयू सचिव गणेश मल्लाह और कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिंहा ने कहा कि नौकरी करने वालों के लिए एक दिन सेवानिवृत निश्चित है। स्वास्थ्य का पूरा घ्यान और परिवार को समय दें। कार्यक्रम का संचालन आरसीएमयू अमलो शाखा अध्यक्ष जयराम सिंह ने किया। इस अवसर पर संतोष कुमार, कमल उपाध्याय, रूभमनु, अनुराग कुमार , यूनियन प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, राजेश अखौरी, डोमन महतो, शशांक शेखर ,ईश्वर रविदास ,मोती रजवार आदि दर्जनो कामगार उपस्थित थे।

## नये सत्र 2025-26 का शुभारंभ

**बेरमो।** गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, फुसरो के प्रांगण में नए सत्र का शुभारंभ हुआ। मुख्य द्वार पर विद्यालय के भैया बहनों का तिलक और फूलों के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना,हनुमान चालीसा, सामूहिक सुंदरकांड का पाठ एवं हवन के साथ नए सत्र 2025 - 26 का शुभारंभ किया गया । हवन एवं पूजन कार्यक्रम में यजमान के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान पंकज कुमार मिश्रा उपस्थित थे। पूजन एवं हवन का कार्य विद्यालय के आचार्य दिवाकर पाण्डेय द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य से नवल किशोर सिंह, साधन चंद्रधर, राकेश कुमार सिंह, दिवाकर पांडे, रवि कुमार सोनी,किशोर कुमार , रवि कुमार मोदी, उमाशंकर, दीदी जी में रंजू झा,निभा सिन्हा,भगवंती नोनिया, श्रेया बरनवाल,मिशा कुमारी,अणिमा कुमारी,मुस्कान कुमारी,पायल कुमारी,पूजा कुमारी,श्वेता शर्मा,अपर्णा कुमारी व विद्यालय के कर्मचारी, भैया -बहन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## पिठौरिया में घटित घटना पर विचार और समाज में शांति की अपील

**बेरमो।** सरहुल के अवसर पर पिठौरिया में जो घटना घटी, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि समाज के सौहार्द को भी प्रभावित करने वाली है। हमें यह समझने की जरूरत है कि पर्व-त्योहार केवल हमारी धार्मिक पहचान का प्रतीक नहीं होते, बल्कि यह हमें एक दूसरे से जुड़ने, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने का अवसर भी प्रदान करते हैं। ऐसे में यदि कोई छोटी सी घटना होती है, तो उसे तूल देकर समाज में नफरत और तनाव फैलाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।उपरोक्त बातें यूनाइटेड मिल्ली फोरम झारखंड के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस ने मिडिया को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। आगे उन्होंने कहा कि इस घटना को कुछ लोगों ने बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया, जो कि समाज के सौहार्द को बिगाड़ने का एक प्रयास था। हमें यह समझना होगा कि इस तरह के प्रयास समाज में केवल जहर घोलते हैं और एकता की भावना को कमजोर करते हैं। प्रशासन को इस मामले में पूरी जांच करनी चाहिए और उन सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, जो समाज में विघटन और अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं।

## पिट्स मॉडर्न स्कूल में शिक्षा का नया दौर : जीवन कौशल और समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण

**बेरमो।** पिट्स मॉडर्न स्कूल परिसर में 03 अप्रैल, 2025 को एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला शिक्षकों के लिए समावेशी शिक्षा और जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास , रिसोर्स पर्सन पूजा मेहता एवं श्याम नंदिनी और कोर कमेटी के सदस्य गण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस कार्यशाला में विद्यालय के 82 शिक्षक - शिक्षिकाएँ शिरकत की । यहाँ समावेशी शिक्षा एवं जीवन कौशल पर विचार विमर्श किया गया, जो विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए तथा ज्ञानवर्धन के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा ।

## रामनवमी त्योहार को लेकर अलर्ट मोड पर है प्रशासन

**बेरमो।** डुमरी में रामनवमी त्योहार को लेकर अलर्ट मोड पर है प्रशासन। जिसको लेकर लगातार डुमरी अनुमंडल क्षेत्र में आने वाले रामनवमी और अखाड़ा जुलूस को लेकर बैठकों का दौर जारी है। जिसमें डुमरी प्रभारी एसडीएम जीत राय मुर्मू ने पहली बैठक प्रखंड मुख्यालय के सभी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने को लेकर कई गाइडलाइन दिए गए। जबकि क्षेत्र में नजर बनाए रखने की भी आदेश दिए गए हैं। वहीं बैठक में रोजगार सेवक पंचायत सेवक एवं सभी प्रखंड मुख्यालय के कर्मचारियों को क्षेत्र में किसी भी तरह की अफवाह या समस्या होने पर इसकी जानकारी तुरंत संबंधित उच्च अधिकारियों को देने की हिदायतें दी गई है।

## रुद्र महायज्ञ में परिक्रमा करनेवाले श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया स्वांग के महावीर स्थान मंदिर मे आयोजित 30 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक पांच दिवसीय 1008 रूद्र महायज्ञ मंडप में परिक्रमा करनेवाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु परिक्रमा में भाग ले रहे हैं। कॉलोनी के महिला पुरुष बच्चे बच्चियों शामिल हो रहे हैं यज्ञ स्थल वेद पूजन आचार्य श्री संजय पाण्डेय सहयोगी श्री राहुल पाण्डेय, बिट्टू पाण्डेय, सुजीत पाण्डेय जी ने कराया। जबकि इस यज्ञ की शुरूआत की रात से ही कथा वाचिका परम पूज्य साध्वी लक्ष्मी रामायणी श्री वृंदावन धाम) से प्रवचन कार्यक्रम लगातार चल रहा है। यज्ञ में मंदिर पुजारी श्री आदित्य पाण्डेय एवं बाहर के शहरों से पुजारी और पुरोहित आदि आए हुए हैं।यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष बिट्टू कुमार,कोषाध्यक्ष संजय सिंह उपाध्यक्ष विनोद चौधरी, उपसचिव मनोज कुमार चौहान उपकोषाध्यक्ष शंकर रवानी समेत यज्ञ समिति के लोग शामिल हैं। लोक आस्था के महापर्व के तीसरे दिनअस्ताचलगामी (डूबते हुए) सूर्य को अर्घ्य दिया गया।

# टैरिफ से अमेरिकी शेयर बाजार में हाहाकार

## मंदी की आशंका

▸▸ डॉव फ्यूचर्स में 1000, डॉव जोंस इंडस्टीयल एवरेज में 1100 व एसएंडपी में 500 अंकों की गिरावट

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक टैरिफ घोषणा से संयुक्त राज्य अमेरिका का शेयर बाजार हिल गया। बुधवार शाम तक डॉव फ्यूचर्स में 1,000 से अधिक अंकों की गिरावट आई। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1,100 अंकों (2.7फीसद), एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में 3.9 फीसद और नैस्डैक-100 फ्यूचर्स में 4.7 प्रतिशत की गिरावट आई। ट्रंप ने कहा कि यह टैरिफ अमेरिका को विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता से मुक्त कर देगा। अर्थशास्त्रियों ने ट्रंप के इस कदम से आर्थिक मंदी की आशंका जताई है। एबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, टैरिफ की घोषणा के तत्काल बाद शेयर बाजार में गहराते अंतरराष्ट्रीय व्यापार युद्ध की आशंका गहरा गई। नाइकी और एप्पल के शेयरों में 7 प्रतिशत,अमेजॉन में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। एनवीडिया में 4.5 और टेस्ला के शेयरों में बुधवार को 6 फीसद की गिरावट आई। अमेरिकी कंपनियों के शेयर जो बड़े पैमाने पर आयातित उत्पादों पर निर्भर हैं, उनमें सबसे अधिक गिरावट आई। डॉलर ट्री में 11 प्रतिशत और फाइव बिलो में 15 फीसद की गिरावट देखी गई। व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में अपनी टैरिफ घोषणा में ट्रंप ने कहा कि मेरे साथी अमेरिकियों, यह मुक्ति दिवस है। 2 अप्रैल, 2025 को हमेशा के लिए उस दिन के रूप में याद किया जाएगा, जिस दिन अमेरिकी उद्योग का पुनर्जन्म हुआ। अमेरिका फिर से समृद्ध होगा। अमेरिकन यूनिवर्सिटी की अर्थशास्त्री कारा रेनॉल्ड्स ने ट्रंप का यह कदम अमेरिका को मंदी की ओर ले जा सकता है। मूडीज एनालिटिक्स के मुख्य अर्थशास्त्री मार्क जांडी ने भी कहा कि इस टैरिफ से आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को एशियाई बाजारों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन पर 34 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, भारत पर 26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 26 प्रतिशत और जापानी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। जापान के निक्की 225 में करीब 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई और व्यापक टॉपिक्स सूचकांक में 3.32 प्रतिशत की गिरावट आई। हांगकांग में, हैंग सेंग सूचकांक में 2.43 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि मुख्य भूमि चीन के शंघाई कंपोजिट सूचकांक में 0.91 प्रतिशत की गिरावट आई। चीन पर नई पारस्परिक दर मौजूदा टैरिफ में जोड़ी जाएगी, जो कुल 20 प्रतिशत होगी, जिसका अर्थ है कि चीनी वस्तुओं पर वास्तविक टैरिफ दर 54 प्रतिशत है। दक्षिण कोरिया में, कोस्पी सूचकांक में 1.29 प्रतिशत की गिरावट आई, जो 3 प्रतिशत से अधिक के नुकसान को कम करती है।

## एशियाई बाजारों में भी जबरदस्त गिरावट




# भारतीय शेयर बाजार भी धड़ाम

## सेंसेक्स 322 और निफ्टी 82 अंक गिरा

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार हलकान रहा। सेंसेक्स 322.08 अंक का गोता लगाकर 76,295.36 अंक और निफ्टी 82.25 अंक की गिरावट लेकर 23250.10 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.31 प्रतिशत बढ़कर 41,796.08 अंक और स्मॉलकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 47,494.11 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में कुल 4123 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2813 में तेजी जबकि 1169 में गिरावट रही वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2963 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2057 में लिवाली जबकि 829 में गिरावट रही वहीं 77 के भाव स्थिर रहे। सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 3.98, टेक महिंद्रा 3.79, एचसीएल टेक 3.71, इंफोसिस 3.41, टाटा मोटर्स 2.64, कोटक बैंक 0.97, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.95, बजाज फाइनेंस 0.81, टाटा स्टील 0.65, जोमैटो 0.54, भारती एयरटेल 0.52, मारुति 0.28, एचडीएफसी बैंक 0.21, रिलायंस 0.20, आईसीआईसीआई 0.18, बजाज फिनसर्व 0.15 और एलटी 0.09 प्रतिशत शामिल रही।

पावरग्रिड 4.34, सन फार्मा 3.26, अल्ट्रासिम्को 2.92, एनटीपीसी 1.97, एशियन पेंट 1.82, नेस्ले इंडिया 1.54, इंडसइंड बैंक 1.00, टाइटन 0.88, एक्सिस बैंक 0.45, एसबीआई 0.43, अडानी पोर्ट्स 0.38, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.31 और आईटीसी के शेयर 0.09 प्रतिशत नुकसान में रहे।



### गिरावट के बावजूद भी निवेशकों ने 33 हजार करोड़ कमाया

शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 33 हजार करोड़ बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 413.31 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 412.98 लाख करोड़ रुपये था।

## स्पीड न्यूज

### टैरिफ का दूसरे देशों के मुकाबले भारत में कम होगा असरः उद्योग जगत

नयी दिल्ली । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने को लेकर भारतीय उद्योग जगत ने आज अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस शुल्क का दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर कम असर पड़ेगा। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने गुरुवार को कहा कि श्री ट्रंप द्वारा कल रात घोषित किए गए नए टैरिफ वैश्विक व्यापार और विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एक बड़े रीअलाइनमेंट का कारण बन सकते हैं। हालांकि, भारत पर इन टैरिफ का प्रभाव अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने की संभावना है।

### चीन देगा अमेरिका के टैरिफ का कड़ा जवाब

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ का कड़ा विरोध किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को चीन के 438 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। चीन अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। चीन ने कहा कि वह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ता से जवाब देगा। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि चीन अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ का दृढ़ता से विरोध करता है और अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए दृढ़तापूर्वक जवाबी उपाय अपनाएगा।

### फिल्म केसरी चैप्टर 2 का ट्रेलर रिलीज



नयी दिल्ली। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे के साथ अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। इस फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया। फिल्म केसरी चैप्टर 2 वकील और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सी. शंकरन नायर के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई के लिए लड़ाई लड़ी थी।

### 30 अप्रैल को खुलेंगे यमुनोत्री के कपाट

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के चार धामों में शामिल यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन 30 अप्रैल को खुलेंगे। गुरुवार को मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली गांव में पंडा-पुरोहित समाज ने कपाट खुलने का समय व लग्न तय किया। यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को 11:55 बजे रोहिणी नक्षत्र व सिद्ध योग शुभ लग्न पर खोले जाएंगे। चारधाम के पहले प्रमुख पड़ाव यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन दिन श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

### केदारनाथ के कपाट दो मई से खुलेंगे

रुद्रप्रयाग । विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम की यात्रा 2 मई से शुरू होने वाली है। इससे पहले जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित टीमें यात्रा की तैयारियों में जुट गई हैं। कपाट खुलने से पहले सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएं, ताकि यात्रा सुगम और भव्य तरीके से चल सके। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि सड़क मार्ग से लेकर केदारनाथ के पैदल रास्तों को तेजी से ठीक किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन की टीमें पैदल मार्गों पर जमी मोटी बर्फ को हटाने में दिन-रात लगी हैं।



## थाईलैंड के पीएम ने मोदी को दिया पवित्र ग्रंथ द वर्ल्ड तिपिटका

**बैंकॉक । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को बैंकॉक में थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने एक बेहद खास गिफ्ट दिया। उन्होंने पीएम मोदी को पवित्र ग्रंथ 'द वर्ल्ड तिपिटका : सज्जया फोनेटिक एडिशन' भेंट किया। तिपिटका (पाली में) या त्रिपिटक (संस्कृत में) भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का एक प्रतिष्ठित संकलन है, जिसमें 108 खंड हैं और इसे प्रमुख बौद्ध धर्मग्रंथ माना जाता है।**

# अनुराग ठाकुर मांगे माफी : खड़गे

**कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने रास में उठाया मुद्दा**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा बुधवार को लोकसभा में वक्फ भूमि कब्जे को लेकर लगाये गये आरोप पर गुरूवार को सदन में भारी रोष व्यक्त करते हुये कहा कि ठाकुर इसके लिए माफी मांगे नहीं तो अपने आरोप को सही साबित करें। खड़गे ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर ठाकुर की टिप्पणी पर अपना रोष जताते हुये कहा कि लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों द्वारा विरोध किये जाने पर इस टिप्पणी को वापस ले लिया गया था, लेकिन इससे उनकी छवि को जो नुकसान होना था हो गया। इसको लोकसभा की कार्यवाही से हटाया गया है, लेकिन सोशल मीडिया और अन्य मीडिया में यह चल रहा है। उन्होंने राजनीति में अपने लंबे करियर का हवाला दिया और निराशा व्यक्त की। उन्होंने माफी की मांग की और कहा कि अगर ठाकुर अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वे आरोप साबित कर देते हैं तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि यह साबित किया जाना चाहिए कि वह या उनके परिवार के सदस्यों ने किसी वक्फ जमीन पर कब्जा किया है। उन्होंने कहा कि वह डरते नहीं हैं और विधानसभा में पहले की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं जहां मुख्यमंत्री ने उनसे माफी मांगी है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के नेता श्री ठाकुर की ओर से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोपों से वह झुकने वाले नहीं है। वह झुकेंगे नहीं बल्कि टूट जायेंगे।

### ट्रंप डीओजीइ से एलन मस्क की करेंगे छुट्टी

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन में सबसे ताकतवर अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) से छुट्टी होगी। एलन मस्क को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सबसे भरोसेमंद व्यक्ति माना जाता है। उन्होंने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान में अहम भूमिका निभाई। ट्रंप ने निर्वाचित होने के बाद डीओजीई को सृजित कर इसका प्रमुख मस्क को बनाने की घोषणा की थी। ट्रंप ने मंत्रिमंडल सदस्यों सहित अपने करीबी लोगों को बता दिया है कि एलन मस्क आने वाले हफ्तों में अपनी वर्तमान भूमिका से पीछे हट जाएंगे। ट्रंप और मस्क के बीच इस पर चर्चा हो चुकी है। मुलाकात में फैसला किया गया है कि जल्द ही मस्क अपने कारोबार की दुनिया में वापस लौट जाएंगे। पॉलिटिको का कहना है कि ट्रंप की किचन कैबिनेट के तीन प्रभावशाली व्यक्तियों ने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर मस्क की जल्द ही डीओजीई से विदा किए जाने की पुष्टि की।

# अब सभी जजों की संपत्ति का ब्यौरा होगा सार्वजनिक

**जजों की सहमति से सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर होगी अपलोड**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** न्यायपालिका में लोगों का विश्वास मजबूत करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब सभी जजों की संपत्ति का ब्यौरा सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक होगा। एक अप्रैल को हुई फुल कोर्ट बैठक में सभी जजों ने यह फैसला लिया है। बैठक में यह फैसला लिया गया है कि जजों को पदभार ग्रहण करने पर या जब भी उनकी संपत्ति में कोई महत्वपूर्ण चीज जुड़ती है, तो वो अपनी संपत्ति का ब्यौरा चीफ जस्टिस को देंगे। खुद चीफ जस्टिस भी ऐसा करेंगे। इसके बाद इन संपत्ति के ब्यौरे की जानकारी सम्बंधित जज की सहमति से सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। अब तक चीफ जस्टिस समेत 30 जजों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा सौंप दिया है।

### लोकसभा में पांच घंटे चला शून्यकाल, 202 सांसदों ने उठाये सवाल

**नयी दिल्ली ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल से गुरुवार को लोकसभा में शून्यकाल का समय बढ़ाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों को संसद में अपने क्षेत्र की बात रखने का बड़ा अवसर मिला।

लोकसभा में 5 घंटे से अधिक समय तक शून्य काल चला और इसमें 202 सांसदों ने बात रखी। इससे पहले 18 जुलाई 2019 को विस्तारित शून्य काल में 161 सांसदों ने अपनी बात रखी थी। जानकारी के अनुसार कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ने शून्यकाल को बढ़ाकर सदस्यों को अपनी बात रखने का वाद किया था।

# माउंट एवरेस्ट पर जायेंगे 34 पर्वतारोही

▸▸ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के 24 पर्वतारोहियों और 10 एनसीसी कैडेट्सों को किया रवाना

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक से माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंघा के लिए अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस अभियान में भारतीय सेना के 24 पर्वतारोही 10 एनसीसी कैडेट्स के साथ माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करेंगे। इसी तरह भारतीय सेना और नेपाली सेना की संयुक्त टीम माउंट कंचनजंघा की चढ़ाई के लिए रवाना हुई है। भारतीय सेना के माउंट एवरेस्ट अभियान में 10 एनसीसी कैडेट्स समेत 34 पर्वतारोही शामिल हैं, जो लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी के नेतृत्व में पारंपरिक साउथ कोल रूट का अनुसरण करेंगे। यह टीम माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) पर चढ़ाई करके तिरंगा फहराएगी।

इसी तरह संयुक्त भारत-नेपाल अभियान का उद्देश्य माउंट कंचनजंघा पर चढ़ना है, जिसमें भारतीय सेना के 12 पर्वतारोही और नेपाली सेना के छह पर्वतारोही शामिल होंगे। माउंट कंचनजंघा (8,586 मीटर) के लिए टीम का नेतृत्व भारतीय सेना के कर्नल सरफराज सिंह करेंगे।

# यूपी में वक्फ बोर्ड की नहीं चलेगी माफियागिरी

## पिछली सरकार पैदा करती थी माफिया, हमने विदा किया : योगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ की तैयारी के दौरान वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि कुंभ की भूमि उनकी है। यह माफिया बोर्ड बन गया था। लेकिन, पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी मनमानी पर लगाम लगा दी है। योगी ने कहा कि माफियागिरी नहीं चलेगी, यहां के माफिया को तो हम पहले ही विदा करवा चुके हैं।

योगी गुरुवार को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्रिय सखा भगवान निषादराज गुहा के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर पहुंचे थे। सीएम योगी ने प्रभु श्रीराम एवं राजा निषाद से जुड़ी कथाओं तथा एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 579 करोड़ रुपए की 181 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। योगी ने श्रृंगवेरपुर में भगवान श्रीराम और निषाद राज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि निषाद राज पार्क भगवान राम और निषाद राज की मित्रता का भव्य स्मारक है। उन्होंने पार्क का निरीक्षण किया और कहा कि हजारों वर्ष पहले इसी पावन धरा पर भगवान राम ने कदम रखा था। निषाद राज ने मित्रता का धर्म निभाते हुए भगवान राम को गंगा पार कराई और चित्रकूट तक उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें प्रयागराज की पहचान मिटाने और माफियाओं को बढ़ावा देने में लगी थीं। हर जिले में माफिया पनप रहे थे। हमने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर माफियाओं को विदा किया। श्रृंगवेरपुर और प्रयागराज की पौराणिक भूमि पर कब्जे की कोशिशें नाकाम की गईं। उन्होंने पीएम मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह उनकी दूरदर्शिता का परिणाम है कि महाकुंभ भव्य और दिव्य हुआ। महाकुंभ 2025 की सफलता प्रयागराज की नई पहचान का आधार बना है। प्रयागराज पर मां गंगा की असीम कृपा है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। योगी ने कहा कि महाकुंभ की सफलता सनातन धर्म की शक्ति का प्रतीक है। इतना भव्य आयोजन केवल राम भक्त और राष्ट्रनिष्ठ लोग ही कर सकते हैं। यह मां गंगा, भगवान राम, निषाद राज और द्वादश माधव की कृपा का परिणाम है। महाकुंभ के बहाने प्रयागराज का चौतरफा विकास हुआ है।



### बंगाल में 25,000 शिक्षकों की भर्ती रद्द, सुप्रीम कोर्ट की मुहर



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 25,000 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर गुरुवार को मुहर लगा दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। पीठ ने अपने फैसले में पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को दूषित और सुधार से परे दागदार घोषित किया। अदालत ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया हेरफेर और धोखाधड़ी से दूषित थी और इसे सुधारा नहीं जा सकता। न्यायालय ने कहा कि इस प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता को नष्ट कर दिया गया है। ऐसे में दागी उम्मीदवारों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई वैध आधार नहीं है। पीठ ने कहा कि चूंकि नियुक्तियां धोखाधड़ी और जालसाजी से हुई हैं, इसलिए हमें हस्तक्षेप करने

